

18:10:2023

web: www.rashtriyakhabar.com


अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 285 epaper.rashtriyakhabar.com आश्विन, शुक्लपक्ष चतुर्थी, विक्रम संवत 2080

## शारदीय नवरात्र

### चतुर्थम् कुष्माण्डा



सुरासम्पूर्णकलशं रुधिराप्लुतमेव च।
दधाना हस्तपद्माभ्यां कूष्माण्डा शुभदाऽस्तु मे॥

## भगवान पार्श्वनाथ की दुर्लभ प्रतिमा नदी से बरामद

**डेढ़ हजार साल पुरानी मूर्ति को यहीं रखने की मांग पर अड़े हैं लोग**

- कार्बन डेटिंग से प्राचीनता का पता चलेगा
- नदी का पानी सूखा तो कीचड़ से बाहर आयी
- इस इलाके में पहले भी मिली है ऐसी मूर्तियां

**राष्ट्रीय खबर**

**पुरुलिया:** सारनाथ के बाद जैन 23वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ की मूर्ति पुरुलिया से प्राप्त हुई। यह अति प्राचीन मूर्ति सोमवार की सुबह पुरुलिया दो नंबर ब्लॉक के गोलामारा ग्राम पंचायत के बरुआडी गांव से बरामद की गयी। यह मूर्ति 9वीं से 10वीं शताब्दी की है। लगभग 1,200 वर्ष पूर्व। लोक संस्कृति शोधकताओं और पुरातत्व पर काम करने वाले लोगों के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत 100 करोड़ से भी ज्यादा हो जाए तो कोई आश्चर्य नहीं होगा। प्रतिमा बरुआदी जोड़ का



पानी सूख जाने से बने कीचड़ से बरामद की गयी थी, लेकिन प्रशासन आज उसे अपने कब्जे में नहीं ला सका। पुरुलिया दो ब्लॉक प्रशासन और पुरुलिया मोफसवाल थाने की पुलिस ने मूर्ति को बरामद कर जिला सूचना एवं संस्कृति विभाग को सौंपने की कोशिश की लेकिन अंततः असफल रहे। इलाके के लोगों ने पुरुलिया ब्लॉक नंबर दो के अधिकारियों को घेर लिया और कहा, यहां भगवान आये हैं। इसलिए मूर्ति यहीं रहेगी। इसके बाद सिन्दूर और चंदन से मूर्ति की पूजा शुरू हुई। पुरुलिया जिला सूचना एवं संस्कृति विभाग के अधिकारी सिद्धार्थ चक्रवर्ती ने कहा, एक कलाकृति मिली है। ऐसा माना जाता है कि यह पार्श्वनाथ की मूर्ति है। इसकी सूचना उचित स्थान पर दी गयी है। मूर्ति अमूल्य है। कार्बन डेटिंग परीक्षण बहुत जरूरी हो गया है।

लोककथाओं के शोधकताओं के अनुसार, जैनियों के 24 तीर्थंकर हैं। तीर्थंकर की पहचान चिह्न से होती

›› पेज 2 भी देखें

## विदुर नीति

वने जाताः शापदग्धस्य राजः पांडोः पुत्राः पञ्च पञ्चेंद्रकल्पाः।

त्वयैव बालावर्धिताः शिक्षिताश्च तवादेशं पालयन्त्याम्बिकेय॥

प्रदाथैवामुचितं तात राज्यं सुखी पुतैः सहितो मोदमानः।

न देवानां नापि च मनुष्याणां भविष्यसि त्वं तर्कणीयो नरेन्द्र॥

**भावार्थ** : हे अंबिका के पुत्र! वन में उत्पन्न शापग्रस्त पांडु के पांचों पुत्र इंद्र के समान हैं। उनका पालन पोषण और शिक्षण भी आप ही ने किया है। आज भी आपकी ही आज्ञा का पालन कर रहे हैं। इसलिए तात! आप उनको उनका राज्य लौटाकर पुत्रों सहित उचित आनंद प्राप्त करें। आपके ऐसा करने से हे राजन्! देवता, मनुष्य आदि न तो आप पर संदेह करेंगे, न ही लोकमत आपके विरुद्ध होगा।

### रांची पारा अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 20.00 °c | 18.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 17 .21 बजे
सूर्योदय (कल) ›› 05 .46 बजे

## कांग्रेस के दबाव में सरकार ने गंगाजल पर जीएसटी हटाया

**नयी दिल्ली:** कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी( भाजपा) सरकार ने मां गंगा को भी नहीं बख्शा और गंगाजल पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगा दिया और कांग्रेस ने दबाव बनाया तो फिर वापस लेना पड़ा। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने आज यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस को जब पता चला कि मां गंगा को भी नहीं बक्शा जा रहा है और गंगाजल पर जीएसटी लगाया जा रहा है तो कांग्रेस ने इसका जबरदस्त विरोध किया जिसके दबाव में सरकार को फैसला बदलना पड़ा। इस तरह एक बार फिर कांग्रेस ने मोदी सरकार को मजबूर किया और उसको यह गलत फैसला वापस लेना पड़ा। उन्होंने कहा भाजपा प्रवक्ता, ट्रोल आर्मी और उनके फेक न्यूज संचालक कहते रहे कि गंगाजल पर कोई जीएसटी नहीं है क्योंकि गंगाजल पूजा सामग्री की श्रेणी में आता है। यह प्रचार झूठ था और मीडिया इस झूठ को सच मानकर खबरें चलाता रहा। सच्चाई यह थी कि गंगाजल पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाया गया था और ये कहना कि उस पर जीएसटी नहीं था- यह कोरा झूठ है। प्रवक्ता ने कहा की गंगाजल पर जीएसटी लगाकर सरकार का उद्देश्य गंगाजल डाक से भेजकर डाकघर की आमदनी बढ़ाना था।

## कश्मीर में हिमपात , राजमार्ग पर यातायात बंद

**श्रीनगर:** जम्मू-कश्मीर में लगातार बारिश और ऊपरी इलाकों में हिमपात के कारण जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग, मुगल रोड और श्रीनगर-लेह राजमार्ग को वाहन यातायात के लिए बंद कर दिया गया। यातायात अधिकारियों ने मंगलवार सुबह यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारी बारिश के बाद भूस्खलन के कारण जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात अवरुद्ध हो गया। जम्मू क्षेत्र के रामबन जिले में धलवास और कैफेटेरिया मोड़ पर राजमार्ग अवरुद्ध हो गया। सड़क साफ करने का काम जारी है। लद्दाख को कश्मीर घाटी से जोड़ने वाले श्रीनगर-सोनमर्ग-गोमरी मार्ग और मुगल रोड पर सड़कों पर बर्फ जमा होने के कारण यातायात बंद कर दिया गया है। मौसम विभाग के अनुसार जम्मू कश्मीर में बुधवार से मौसम में सुधार के आसार हैं और अगले दो दिनों तक मुख्य रूप से शुष्क मौसम का अनुमान है। गंदेरबल जिले में सोनमर्ग और बांदीपोरा जिले में गुरेज सहित कश्मीर के दूरदराज के पहाड़ी इलाकों में सोमवार रात हिमपात हुआ। पर्यटक स्थल सोनमर्ग में 4-5 इंच तक हिमपात हुआ।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**कायाकल्प** नया भारत से मध्य पूर्व यूरोप कॉरीडोर के लिए किया आह्वान

## आईएमईसी वैश्विक समुद्री उद्योग का कायाकल्प कर सकता है : मोदी

- समुद्री परिवहन की लागत कम करने की सोच
- 23 हजार करोड़ की परियोजनाओं की शुरुआत
- समारोह में सात लाख करोड़ के निवेश का करार

**राष्ट्रीय खबर**

**नयी दिल्ली/मुंबई :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी-20 के नये भारत मध्य पूर्व यूरोप कॉरीडोर (आईएमईसी) को विश्व भर के समुद्री उद्योग का कायाकल्प करने में सक्षम बताते हुए निवेशकों एवं कारोबारियों को इससे जुड़ने के लिए आमंत्रित किया है। श्री मोदी ने आज मुंबई में आयोजित ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया सम्मेलन के तीसरे संस्करण का नयी दिल्ली से वीडियो लिंक के माध्यम से उद्घाटन करने के बाद समारोह को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, केन्द्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल आदि उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने भारतीय समुद्री नीली अर्थव्यवस्था के लिए एक खाका अमृत काल विजन 2047 को भी जारी किया।



**ये ऐतिहासिक कॉरीडोर भी क्षेत्रीय और वैश्विक व्यापार की तस्वीर बदल देगा**

श्री मोदी ने कहा कि जी–20 शिखर सम्मेलन के दौरान भारत मध्य पूर्व यूरोप आर्थिक कॉरीडोर (आईएमईसी) पर ऐतिहासिक सहमति बनी है। सैकड़ों वर्ष पहले रेशम मार्ग ने वैश्विक व्यापार को गति दी थी, ये मार्ग दुनिया के कई देशों के विकास का आधार बना था। अब ये ऐतिहासिक कॉरीडोर भी क्षेत्रीय और वैश्विक व्यापार की तस्वीर बदल देगा। बीते एक दशक में, भारत के बड़े बंदरगाहों की क्षमता दोगुनी हो चुकी है। कंटेनर जलपोतों का जो एक फेरा पूरा करने का समय आज से 9–10 साल पहले 2014 में करीब 42 घंटे था, वो 2023 में 24 घंटे से कम रह गया है। बंदरगाह कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए हमने हजारों किलोमीटर की नई सड़कें बनाई हैं। सागरमाला प्रोजेक्ट से भी हमारे तटीय क्षेत्र का बुनियादी ढांचा मजबूत किया जा रहा है।

इस योजना के अनुरूप प्रधानमंत्री ने 23 हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया ज्अमृत काल विजन 2047 के अनुरूप हैं। श्री मोदी ने गुजरात में दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण में साढ़े चार हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निर्मित होने वाले टूना टेकरा ऑल वेदर डीप ड्राफ्ट टर्मिनल की आधारशिला भी रखी। इस अत्याधुनिक ग्रीनफील्ड टर्मिनल को सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के माध्यम से विकसित किया जाएगा।

इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री की उपस्थिति में समुद्री क्षेत्र में वैश्विक और राष्ट्रीय साझेदारी के लिए 7 लाख करोड़ से अधिक के 300 से अधिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर भी किए गये। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री मोदी ने कहा कि 2021 में पूरी दुनिया कोरोना की अनिश्चितता से घिरी हुई थी। कोई नहीं जानता था, कि कोरोना के बाद का विश्व कैसा होगा। लेकिन आज दुनिया में एक नया वैश्विक व्यवस्था आकार ले रहा है और इस बदलते हुए वैश्विक व्यवस्था में पूरा विश्व भारत की ओर नई आकांक्षाओं से देख रहा है। उन्होंने कहा कि आर्थिक संकट से घिरी दुनिया में भारत की अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत हो रही है। वो दिन दूर नहीं जब भारत दुनिया की चोटी की तीन आर्थिक शक्तियों में से एक होगा।

धरती और महाकाश में होगी बहुत बड़ी उथल पुथल

## हर साल धरती से दूर होता जा रहा है चंद्रमा



- हर साल चार सेमी खिसक रहा है
- दिन और रात की गणना में गड़बड़ी
- मिलनकोविच चक्र है इसका कारण

**राष्ट्रीय खबर**

**नईदिल्ली:** हर साल में चार सेमी दूर जा रहा चंद्रमा। इससे धीरे धीरे सबसे पहले दिन-रात की गणना में गड़बड़ नजर आ रही है। समझा जा रहा है कि इससे अंतरिक्ष में खतरा आने वाला है। वैज्ञानिकों को पृथ्वी और अंतरिक्ष पर विभिन्न चीजों को देखने और जांचने से चंद्रमा के इस चरण के बारे में पता चला है। एकमात्र उपग्रह हर साल पृथ्वी से थोड़ा दूर जा रहा है। दस नहीं, पाँच नहीं, पृथ्वी का केवल एक प्राकृतिक उपग्रह। चाँद दूर जा रहा है।

वैज्ञानिकों का दावा ऐसा ही है। पृथ्वी और अंतरिक्ष वैज्ञानिकों का अनुमान है कि पृथ्वी के मिलनकोविच चक्र के कारण चंद्रमा धीरे-धीरे पृथ्वी से अपनी दूरी बढ़ा रहा है। यह चक्र पृथ्वी पर मौसम में होने वाले किसी भी असामान्य परिवर्तन के लिए भी जिम्मेदार है। वैज्ञानिकों ने लंबे अवलोकन के माध्यम से जाना है कि पृथ्वी की कक्षा और धुरी की स्थिति में कभी-कभी बदलाव होते रहते हैं। जिसका प्रभाव पृथ्वी पर सूर्य के प्रकाश के विकिरण पर पड़ता है। यहां तक कि दुनिया के किसी हिस्से पर सूरज

›› पेज 2 भी देखें

मणिपुर हिंसाः इंटरनेट पर प्रतिबंध 21 अक्टूबर तक बढ़ाया गया

## पुलिस स्टेशनों के सामने नागरिक विरोध प्रदर्शन

- मणिपुर से ज्यादा मोदी इजरायल की सोच रहेः राहुल गांधी
- पूर्वी भारत के लोगों पर सरकार द्वार दमन किया जा रहा है
- मिजोरम में कांग्रेस का चुनाव प्रचार को प्रारंभ किया

**पूर्वोत्तर संवाददाता**

**गुवाहाटी :** एक आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, मणिपुर में चल रही अशांति के जवाब में, राज्य सरकार ने मोबाइल



डेटा इंटरनेट सेवाओं के निलंबन को 21 अक्टूबर, 2023 तक बढ़ा दिया है। यह कदम स्थिति को नियंत्रित करने और हिंसा को और बढ़ने से रोकने के प्रयास में आता है।

मणिपुर के पुलिस महानिदेशक ने हिंसक घटनाओं की खबरों पर चिंता व्यक्त की, जिसमें जनता और सुरक्षा बलों के बीच टकराव, निर्वाचित अधिकारियों के आवासों पर भीड़ के प्रयास और पुलिस स्टेशनों के सामने नागरिक विरोध प्रदर्शन शामिल हैं।

›› पेज 2 भी देखें

### चन्द्रमा पर 2040 तक मानव भेजे इसरोः मोदी

नयी दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के गगनयान मिशन की तैयारियों की समीक्षा की, जिसमें आने वाले समय में अंतरिक्ष में खोज के भारत के प्रयासों की रूपरेखा पर भी चर्चा की गयी। प्रधानमंत्री कार्यालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार, भारत 2035 तक अंतरिक्ष में अपना स्टेशन (केन्द्र) स्थापित करेगा और 2040 तक चंद्रमा पर मानव को पहुंचाएगा। भारत इस समय मंगल और शुक्र ग्रहों के अध्ययन के अभियान में भी लगा हुआ है। आज की समीक्षा बैठक में अंतरिक्ष विभाग ने प्रधानमंत्री के समक्ष गगनयान मिशन की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। विभाग ने इस दिशा में अब तक विभिन्न नयी प्रौद्योगिकियों के विकास में हुयी प्रगति की जानकारी दी। मनुष्य को अंतरिक्ष में ले जाने वाले में प्रयोग किए जा सकने वाले प्रक्षेपण वाहनों की प्रौद्योगिकी और उपयुक्त प्रणालियों के विकास में प्रगति शामिल है। प्रधानमंत्री ने अंतरिक्ष विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि अंतरिक्ष अभियान के क्षेत्र में भारत की अब तक की सफलताओं की नींव पर अब देश को नये महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित करने चाहिए, उन्होंने इसी सन्दर्भ में 2035 तक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन और 2040 तक चांद पर भारत का पहला मानव मिशन भेजने का लक्ष्य रखा।

पांच देशों नेपाल, चीन, भूटान, म्यांमार और बांग्लादेश के पास एक मात्र वायु कमान

## हमारे पास देश की रक्षा करने की क्षमता है : एयर मार्शल

- समुद्र तल से लेकर 20,000 फीट की ऊंचाई
- पूरे देश में क्षमताओं को बढ़ा रहे हैं हम
- इजरायल जैसे कई चुनौतियां हैं यहां

**भूपेन गोस्वामी**

**गुवाहाटी :** एयर मार्शल एस पी धारकर ने आज कहा कि भारतीय वायुसेना देश के पूर्वी हिस्से में असैन्य हवाई क्षेत्र सहित किसी भी उपलब्ध हवाई क्षेत्र का इस्तेमाल करने की अपनी





क्षमता विकसित कर रही है ताकि ऐसी लैंडिंग सुविधाओं की कमी को दूर किया जा सके। उन्होंने कहा कि पूर्वी वायु कमान देश के हवाई क्षेत्र और सीमाओं की अधिक कुशल तरीके से रक्षा करने में सक्षम होने के लिए सभी नवीनतम तकनीकों को पेश कर रही है। हमारे आसपास कई हवाई क्षेत्र हैं। हमारे पास क्षमता है और हम इस क्षेत्र में मौजूद हर हवाई क्षेत्र का उपयोग करने में सक्षम होने की क्षमता का निर्माण कर रहे हैं। धारकर ने आज यहां संवाददाताओं से यह

›› पेज 2 भी देखें

**रीसाइक्लिंग** प्लास्टिक संबंधी प्रदूषण की समस्या दूर करने का नया उपाय

## इस्तेमाल की गयी प्लास्टिक का पुर्नप्रयोग का सोच

- दुनिया में चारों तरफ फैला है प्लास्टिक
- रीसाइक्लिंग से नये को बनाना जरूरी नहीं
- ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन को कम करेगा

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** प्लास्टिक हमारे जीवन के हर अंग में प्रवेश कर गया है। जब यह बना था को इसे एक वैज्ञानिक वरदान माना गया था। अब इसे दुनिया में प्रदूषण फैलाने वाला सबसे बड़ा कारक माना जा रहा है। इसके



बाद भी विभिन्न कारणों से इसका उत्पादन बंद नहीं किया जा सका है। अमेरिकी ऊर्जा विभाग (डीओई) आर्गोन के शोध के अनुसार, जीवाश्म-आधारित उत्पादन के बजाय उपयोग के बाद प्लास्टिक (पीयूपी) की उन्नत रीसाइक्लिंग द्वारा नए प्लास्टिक का उत्पादन, ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन (जीएचजी) को कम कर सकता है और अमेरिकी रीसाइक्लिंग दर को बढ़ा सकता है। राष्ट्रीय प्रयोगशाला. सहकर्मी-समीक्षा जीवन चक्र विश्लेषण

**यूरोपीय संघ में कटौती बहुत अधिक (131 प्रतिशत तक) है**

विश्लेषण के अनुसार, जब यू.एस. में कई प्लास्टिकों के लिए मौजूदा अंत–जीवन प्रथाओं, जैसे कि भस्मीकरण, को शामिल किया जाता है, तो पायरोलिसिस–आधारित एलडीपीई और एचडीपीई का निर्माण करते समय जीएचजी उत्सर्जन में क्रमशः 40 प्रतिशत से 50 प्रतिशत की कमी आती है। यूरोपीय संघ में कटौती बहुत अधिक (131 प्रतिशत तक) है क्योंकि वर्तमान में अधिक पीयूपी को जला दिया गया है। आर्गन के प्रिंसिपल एनर्जी सिस्टम्स एनालिस्ट पाहोला थाथियाना बेनावाइड्स, एक अध्ययन लेखक ने कहा, जैसे–जैसे उन्नत रीसाइक्लिंग तेजी से कुशल होती जा रही है, यह अपशिष्ट और जीएचजी उत्सर्जन को कम करके वैश्विक स्थिरता लक्ष्यों को प्राप्त करने में एक प्रमुख भूमिका निभाने के लिए तैयार है। यह कठिन–से–पुनर्चक्रण प्लास्टिक को उच्च–मूल्य वाले कच्चे माल में बदल सकता है, जीवाश्म संसाधनों की आवश्यकता को कम कर सकता है और अपशिष्ट प्रबंधन के पर्यावरणीय प्रभाव को संभावित रूप से कम कर सकता है।

अध्ययन जर्नल ऑफ क्लीनर प्रोडक्शन के नवंबर 2023 अंक में दिखाई देगा। पीयूपी को फिर से नए प्लास्टिक की ओर ले जाने वाली कई अमेरिकी सुविधाओं का यह पहला विश्लेषण है। विशेष रूप से, नए प्लास्टिक कम

›› पेज 2 भी देखें

गाजा के नीचे सुरंगों में मौजूद हैं हमास आतंकवादी

## इजरायली सेना ने कुछ को निशाना बनाया

**राष्ट्रीय खबर**

**गाजा:** गाजा के नीचे असंख्य सुरंगों को मिस्र से माल की तस्करी और इजराइल में हमले शुरू करने के लिए उपयोग किए जाने वाले मार्ग के रूप में जाना जाता है। लेकिन एक दूसरा भूमिगत नेटवर्क मौजूद है जिसे इजराइल रक्षा बल बोलचाल की भाषा में गाजा मेट्रो कहते हैं। यह सुरंगों की एक विशाल भूलभुलैया है, जो कुछ लोगों के अनुसार कई किलोमीटर भूमिगत है, जिसका उपयोग लोगों और सामानों के परिवहन के लिए



किया जाता है। इजरायल के खिलाफ रॉकेट और गोला बारूद भंडार को संग्रहीत करने के लिए इसका उपयोग किया गया है। सेना मानती है कि हमास के कमांड और नियंत्रण केंद्र स्थित हैं, जो आईडीएफ के विमानों और निगरानी

›› पेज 2 भी देखें

शहर >> अपडेट

## सीसीएल सीवीओ को एनसीएल का अतिरिक्त प्रभार



रांची: कोल इंडिया की सहायक कंपनी सीसीएल के सीवीओ पंकज कुमार को एनसीएल के मुख्य सर्तकता अधिकारी अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इसका आदेश कोल इंडिया ने जारी कर दिया है। ज्ञात हो कि पंकज कुमार का अतिरिक्त प्रभार देने का प्रस्ताव भेजा गया था। इसका अनुमोदन केंद्रीय कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कर दिया था। उक्त आशय की जानकारी कोयला मंत्रालय के अवर सचिव ने कोल इंडिया प्रबंधन को दे दी थी। कोल इंडया द्वारा जारी आदेश में कहा गया है पंकज कुमार को उनके शेष कार्यकाल के आधार पर छह माह की सीमित अवधि के लिये सीवीओ एनसीएल के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। यह 14 अक्टूबर से प्रभावी माना जायेगा।

समीक्षा: हेमन्त सोरेन वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर की जा रही तैयारियों की समीक्षा की

# हॉकी चैंपियनशिप का भव्य आयोजन राज्य सरकार की प्राथमिकता: मुख्यमंत्री

राष्ट्रीय खबर



रांची: मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आज झारखंड मंत्रालय में अधिकारियों के साथ झारखंड (रांची) की मेजबानी में आगामी 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक आयोजित होने वाले वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी 2023 की तैयारियों की उच्चस्तरीय समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के समक्ष अधिकारियों द्वारा झारखंड (रांची) की मेजबानी में आगामी 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक आयोजित होने वाले वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी-2023 की तैयारियों की बिंदुवार विस्तृत जानकारी पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से रखी गई। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अधिकारियों से कहा कि वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी-2023 का भव्य आयोजन राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। यह आयोजन राज्य सरकार द्वारा खेल के विकास के प्रति किए जा रहे कार्यों को प्रदर्शित करेगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वूमेंस एशियन हॉकी चैंपियनशिप 2023 के आयोजन में किसी प्रकार की कोई कमी न रहे इसका पूरा ध्यान रखें। इस चैंपियनशिप का ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार हो इस निमित्त मेकैनिज्म तैयार कर जल्द प्रचार-प्रसार शुरू करें। हॉकी चैंपियनशिप का प्रचार-प्रसार मिशन मोड में सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रतियोगिता के विभिन्न मुकाबलों का लाइव टेलीकास्ट एलइडी स्क्रीन्स पर सुनिश्चित किए जाएं। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम के अंदर एवं बाहर जितनी एलइडी स्क्रीन्स लगी हैं उनकी गुणवत्ता में सुधार करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि वैसे वृक्ष जो स्टेडियम की सुंदरता पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहे हैं उनकी ट्रीमिंग भी की जाए। स्टेडियम के अंदर और बाहर साफ-सफाई का पूरा ध्यान रखें।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि हॉकी स्टेडियम के आसपास क्षेत्र में जितनी एलइडी लाइट्स खराब हैं उन्हें जल्द बदलें। चैंपियनशिप के दौरान शहर में 24 घंटे बिजली व्यवस्था बहाल रहे। खिलाड़ियों एवं अतिथियों के आवागमन के लिए वाहन की पर्याप्त व्यवस्था करें। बैठक में मुख्यमंत्री ने स्टेडियम की तैयारी, विभिन्न कनेक्टिविटी, अतिथियों की सुविधा, सुरक्षा, यातायात और भीड़ प्रबंधन, चिकित्सा व्यवस्था सहित अन्य तैयारियों की समीक्षा करते हुए कई महत्त्वपूर्ण दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेडिकल टीम के साथ-साथ एंबुलेंस का पुख्ता व्यवस्था रखें।

इस अवसर पर राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, विकास आयुक्त-सह-अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव गृह विभाग अविनाश कुमार, अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्रीमती वंदना दादेल, प्रधान सचिव वित्त अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, भवन निर्माण विभाग के सचिव सुनील कुमार, खेल विभाग के सचिव मनोज कुमार, नगर आयुक्त अमित कुमार, डीआईजी रांची अनूप बिरथरे, आईपीआरडी निदेशक राजीव लोचन बक्शी, खेल निदेशक सुशांत गौरव, उपयुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा, वरीय पुलिस अधीक्षक रांची चंदन सिन्हा, हॉकी इंडिया के सेक्रेटरी जनरल भोला नाथ सिंह सहित राज्य सरकार एवं हॉकी इंडिया के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# अमर कुमार बाउरी होंगे नेता प्रतिपक्ष

राष्ट्रीय खबर

रांची: भारतीय जनता पार्टी विधायक दल के नेता चुने जाने के बाद अमर कुमार बाउरी को झारखंड विधानसभा ने नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने पर हरी झंडी दे दी है। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा झारखंड विधानसभा सचिवालय को की गई अनुशंसा के बाद मंगलवार को इसकी स्वीकृति प्रदान की गई।झारखंड विधानसभा से इस संबंध में राज्य सरकार को अनुशंसा की जा रही है। कैबिनेट से पास होने के बाद नेता प्रतिपक्ष को लेकर अधिसूचना जारी की जाएगी। चंदनकियारी से प्रतिनिधित्व कर रहे भाजपा विधायक अमर कुमार बाउरी झारखंड बीजेपी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं। पार्टी ने रविवार को विधायक दल के नेता के नाम पर मुहर लगाते हुए अमर कुमार बाउरी को बड़ी जिम्मेदारी दी है।झारखंड कैबिनेट से मंजूरी मिलने के बाद अमर कुमार बाउरी झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में आने वाले समय में दिखाई देंगे। अब तक पंचम विधानसभा के इस कार्यकाल में सदन की कार्यवाही वगैर नेता प्रतिपक्ष का चलता रहा है। प्रमुख विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी ने इससे पहले बाबूलाल मरांडी को भाजपा विधायक दल के नेता बनाते हुए झारखंड विधानसभा को नेता प्रतिपक्ष के रूप में अनुशंसा की थी। मगर दलबदल की वजह से यह मामला विवादों में उलझकर कानूनी प्रक्रिया के अधीन स्पीकर ट्रैब्यूनल में अब तक लंबित है।

दौड़ में 120 कर्मियों ने भाग लिय

# सीएमपीडीआई में फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम दौड़ का आयोजन

राष्ट्रीय खबर



रांची: सीएमपीडीआई मुख्यालय में फिट इंडिया मिशन के तहत 3 किलोमीटर फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम रन 4.0 का आयोजन किया गया। इस रन में संस्थान के 120 कर्मियों ने भाग लिया। सीएमपीडीआई के निदेशक अजय कुमार ने दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक (तकनीकी/आरडीएंडटी) श्री अच्युत घटक, मुख्य सतर्कता अधिकारी सुमीत कुमार सिन्हा के अलावा महाप्रबंधक व विभागाध्यक्ष की उपस्थिति रही। स्वस्थ जीवन शैली में स्वच्छता के महत्व को ध्यान में रखते हुए फिट इंडिया फ्रीडम रन इस वर्ष स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत थीम के साथ फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम रन 4.0 के रूप में आयोजित किया जाएगा। यह एक महीने तक चलने वाला अभियान है जो 1 अक्टूबर, 2023 से प्रारंभ होकर 31 अक्टूबर, 2023 को यूनिटी रन के साथ समाप्त होगा। इस अभियान का उद्देश्य फिटनेस को प्रोत्साहित करना और हम सभी को मोटापा, आलस्य, तनाव, चिन्ता आदि जैसी बीमारियों से मुक्ति दिलाने में मदद करना है। फिट इंडिया मिशन 2019 में लांच किया गया था, जिसमें फिटनेस को हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने, व्यवहार में बदलाव लाने और शारीरिक रूप से अधिक सक्रिय जीवनशैली की ओर बढ़ने और फिटनेस पर जागरूकता को बढ़ावा देने की परिकल्पना की गयी है।

# बीजेपी के पास नेताओं की कमी, दूसरी पार्टी से आए लोगों को दे रही है जिम्मेदारी: सीपीआई

राष्ट्रीय खबर




रांची: पिछले दिनों भारतीय जनता पार्टी के द्वारा चंदन कियारी के विधायक अमर बाउरी को नेता प्रतिपक्ष और विधायक जेपी भाई पटेल को सचेतक बनाए जाने को लेकर विपक्षी पार्टियों ने प्रतिक्रिया दी है। वाम दल के नेताओं ने कहा कि जिस तरह से अमर बाउरी को नेता प्रतिपक्ष बनाया गया है और जयप्रकाश भाई पटेल को सचेतक, इससे तो यही प्रतीत हो रहा है कि भाजपा के पास नेताओं की कमी हो गई है।भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) के नेता अजय कुमार सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी खुद को बड़ी पार्टी कहती है। लेकिन उनके पास झारखंड में नेता नहीं है। उन्होंने कहा कि पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं को छोड़कर बीजेपी का बाहर से आए नेताओं को नेतृत्व देना समझ से परे है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की तरफ से अजय कुमार सिंह ने कहा कि एक तरफ झारखंड के पुराने आंदोलनकारी के रूप में भारतीय जनता पार्टी खुद को स्थापित करती है। दूसरी तरफ नेतृत्व के लिए बाहरी नेताओं को जिम्मेदारी दे रही है।सीपीआई नेता अजय कुमार सिंह ने अमर बाउरी और जयप्रकाश भाई पटेल पर निशाना साधते हुए कहा कि ये दोनों क्रमशः जेवीएम और जेएमएम के नेता हुआ करते थे। बाद में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए। उसके बावजूद पुराने कार्यकर्ताओं को छोड़कर बाहर से आए नेताओं को बागडोर देना कहीं ना कहीं से कई सवाल खड़ा करता है।वहीं बाबूलाल मरांडी पर भी निशाना साधते हुए अजय ने कहा कि बाबूलाल मरांडी भारतीय जनता पार्टी के घोर विरोधी हुआ करते थे और भारतीय जनता पार्टी भी बाबूलाल मरांडी को अपना विरोधी मानती थी। आज बीजेपी ने सारी बातों को भूलकर उन्हें पूरी पार्टी की कमान दे दी है। भारतीय जनता पार्टी के इस निर्णय से यह स्पष्ट होता है कि उनके पास नेताओं की घोर कमी है। इसी वजह से बाहर से आए नेताओं पर भरोसा जताना पड़ रहा है।वहीं भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता अजय कुमार सिंह ने कहा कि जिस तरह से बाहरी नेताओं को जिम्मेदारी दी जा रही है, इससे यही स्पष्ट होता है कि भारतीय जनता पार्टी के अंदर आंतरिक कलह है। जिसका खामियाजा भाजपा के कार्यकर्ताओं को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड बीजेपी का इस तरह का निर्णय स्पष्ट बता रहा है कि आने वाले चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का जनाधार घटने वाला है। इसी कारण से दूसरी पार्टी से आए नेताओं को पार्टी में शामिल कर उन्हें अहम जिम्मेदारी सौंपी जा रही है।

# प्रदेश भाजपा ने नेता प्रतिपक्ष को दी बधाई एवम शुभकामनाएं

राष्ट्रीय खबर

रांची: झारखंड के नव मनोनित नेता विधायकदल श्री अमर कुमार बाउरी को झारखंड विधानसभा सचिवालय द्वारा नेता प्रतिपक्ष की मान्यता प्रदान किए जाने पर प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने बधाई एवम शुभकामनाएं दी है।श्री मरांडी ने कहा कि भाजपा सदन में राज्य के लोक कल्याणकारी मुद्दों ,जनहित के सवालों तथा हेमंत सरकार की विफलताओं को और मजबूती के साथ उजागर करेगी।उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष श्री अमर बाउरी के सफल एवम यशस्वी जीवन की मंगलकामना की।भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह,प्रदेश महामंत्री सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय,उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर,विनोद शर्मा,सुनील सिंह,नीलकंठ सिंह मुंडा,अपर्णा सेन गुप्ता, प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू,काजल प्रधान,शमीर्ला रजक,मुनेश्वर साहू,रीता मिश्रा,कोषाध्यक्ष दीपक बंका,कार्यालय मंत्री हेमंत दास,सूरज चौरसिया,सहित प्रदेश के पदाधिकारियों एवम मोर्चा अध्यक्ष गण ने भी श्री अमर बाउरी को बधाई शुभकामनाएं दी है।भाजपा के नव मनोनित नेता प्रतिपक्ष श्री अमर कुमार बाउरी अभी छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सांगठनिक प्रवास पर हैं। श्री बाउरी नेता विधायक दल की घोषणा के बाद 18अक्टूबर की शाम 4बजे सेवा विमान द्वारा रांची हवाई अड्डा पहुंचेंगे। यह जानकारी प्रदेश महामंत्री एवम मुख्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा ने दी।डॉ वर्मा ने बताया कि भगवान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची से श्री बाउरी प्रदेश भाजपा कार्यालय पहुंचेंगे जहां प्रदेश के नेताओं,कार्यकताओं के द्वारा उनका स्वागत एवम अभिनंदन किया जाएगा।

# सीएम हेमंत सोरेन को झारखंड हाई कोर्ट से मिली अंतरिम राहत, आचार संहिता उल्लंघन का है मामला

राष्ट्रीय खबर






रांची:मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड हाई कोर्ट से अंतरिम राहत मिली है। मामला आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़ा है। सरायकेला-खरसावां में 2014 के चुनाव के दौरान हेमंत सोरेन के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज हुआ था।इस मामले की सुनवाई वहां के फास्ट ट्रैक कोर्ट में चल रही थी। इसी मामले में राहत के लिए सीएम हेमंत सोरेन की ओर से हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। जस्टिस एसके द्विवेदी की अदालत के समक्ष प्रार्थी के अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा ने पक्ष रखा और राहत देने की मांग की। इसपर हाई कोर्ट ने सरकार से जवाब मांगते हुए अंतरिम राहत दी है। इस दौरान निचली अदालत किसी तरह की पीड़क कार्रवाई नहीं करेगी। इस मामले की अगली सुनवाई 21 नवंबर को होगी।2014 के चुनाव के दौरान हेमंत सोरेन अपनी पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार करने सरायकेला खरसांवा गये थे। उनपर आदित्यपुर थाना में कांड संख्या 418/2014 के तहत आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज हुआ था। उनपर रिप्रजेंटेशन ऑफ पीपुल्स एक्ट समेत आईपीसी की कई धाराएं लगाई गयी थीं। इसी एफआईआर को निरस्त करने के लिए उनकी ओर से झारखंड हाई कोर्ट में याचिका दी गई थी।2019 विधानसभा चुनाव के दौरान भी हेमंत सोरेन के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज हुआ था। उनपर आरोप लगा था कि उन्होंने रांची के संत फ्रांसिस स्कूल स्थित बूथ पर मतदान के दौरान पार्टी के चिन्ह वाला गमछा अपने कंधे पर ले रखा था। इस मामले में निचली अदालत की सुनवाई को भी हाई कोर्ट में चुनौती दी गई थी। जिसे साल 2022 में हाई कोर्ट ने निचली अदालत की कार्रवाई और प्राथमिकी को रद्द करने का आदेश दिया था।

## पेज एक का शेष

### भगवान पार्श्वनाथ की दुर्लभ.. .. ..

है। 23वें तीर्थंकर में सर्प कुंडली या सर्प शामिल है। इस छवि में यह बिल्कुल स्पष्ट है। इसी तरह 24वें तीर्थंकर महावीर में सिंह और अजितनाथ के पास हाथी होते हैं। पार्श्वनाथ के सिर पर सर्प है। इसके अलावा, मूर्ति के दोनों ओर दो चमर व्यंजन हैं। मूर्ति के ऊपर दो गंधर्व और गंधर्वियाँ माला धारण किए हुए हैं। इसके अलावा, आठ जैन यक्ष और यक्षिणियाँ हैं, मूर्ति के दोनों ओर चार-चार। इसके अलावा, मूर्ति के नीचे, सिंह उपासनारत रमणी की एक मूर्ति खुदी हुई है।

इससे पहले 31 जुलाई को पूंछा प्रखंड के धधकी मोड़ से सारनाथ की मूर्ति बरामद हुई थी। पुरातत्व और लोककथा शोधकर्ता और जैन संस्कृति संरक्षक सुभाष रॉय ने कहा, यह 23वें जैन तीर्थंकर पार्श्वनाथ हैं। कायोत्सर्ग मुद्रा में खड़े हैं। यह पुरुलिया जैन भूमि है। नतीजतन, ऐसी मूर्तियां पहले भी मिल चुकी हैं। हम चाहते हैं कि राज्य सरकार इस विरासत का समुचित संरक्षण करे।

### हर साल धरती से दूर .. ..

की रोशनी कितनी पड़ती है, इसमें थोड़ा सा बदलाव भी मौसम में बड़े बदलाव का कारण बन सकता है। ऐसा मिलनकोविच चक्र के कारण होता है। सहारा रेगिस्तान में पौधों का जन्म या प्राचीन काल में धरती पर अवतरित हिमयुग - विभिन्न मौसम स्थितियों के पीछे यही मिलनकोविच चक्र है।

वैज्ञानिकों का दावा है कि इसका असर चंद्रमा की स्थिति पर भी पड़ रहा है। पृथ्वी का मिलनकोविच चक्र हर चार लाख, एक लाख, 41 हजार और 21 हजार साल में बदलता है। इस समय अंतराल का सीधा संबंध चंद्रमा की दूरी से है। क्योंकि, इस दौरान पृथ्वी की कक्षा का आकार बदल जाता है। मिलनकोविच चक्र वर्तमान में अपने 21,000 वर्ष के चरण में है। वैज्ञानिकों ने कहा कि इस चक्र परिवर्तन का अंतराल पहले कम था। पृथ्वी से चंद्रमा की दूरी पहले भी थी।

वैज्ञानिकों के अनुसार, चंद्रमा की दूरी को देखते हुए, 246 मिलियन वर्ष पहले, पृथ्वी पर दिन की लंबाई 24 घंटे नहीं थी। इसके बजाय, 17 घंटे से एक दिन होता था। धरती से चंद्रमा की दूरी धरती के अलावा महाकाश में भी कई अनजानी परेशानियां खड़ी कर सकती है।

### पुलिस स्टेशनों के सामने .. ..

सरकार ने आशंका जताई है कि असामाजिक तत्व सोशल मीडिया मंचों का इस्तेमाल तस्वीरें, नफरत फैलाने वाले भाषण और भड़काऊ वीडियो संदेश प्रसारित करने के लिए कर सकते हैं। निलंबन का विस्तार जीवन के संभावित नुकसान, सार्वजनिक और निजी संपत्ति को नुकसान, और भड़काऊ सामग्री और झूठी अफवाहों के प्रसार के कारण सार्वजनिक शांति और सांप्रदायिक सद्भाव में गड़बड़ी को रोकने के लिए आवश्यक माना गया था।

इस बीच,कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मणिपुर की तुलना में इजरायल की घटनाओं के बारे में अधिक चिंतित हैं, जो इस साल मई से जातीय संघर्ष से ग्रस्त है। शहर की सड़कों से दो किलोमीटर लंबी पदयात्रा करने के बाद यहां राजभवन के पास एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पड़ोसी राज्य मणिपुर अब एकीकृत एकल राज्य नहीं है, बल्कि जातीय आधार पर दो राज्यों में विभाजित हो गया है।

चुनावी राज्य मिजोरम की दो दिवसीय यात्रा शुरू करने वाले गांधी ने इस बात पर भी जोर दिया कि कांग्रेस ने 1986 में एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर करके उग्रवाद प्रभावित पूर्वोत्तर राज्य में शांति की शुरूआत की थी। यह मेरे लिए आश्चर्यजनक है कि प्रधानमंत्री और भारत सरकार इजरायल (इजरायल-हमास संघर्ष) में जो हो रहा है, उसमें इतनी दिलचस्पी रखते हैं, लेकिन मणिपुर में जो हो रहा है, उसमें कोई दिलचस्पी नहीं है, जहां लोगों की हत्या कर दी गई है, महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की गई है और बच्चों को मार दिया गया है।

### हमारे पास देश की रक्षा करने .. .. ..

बात कही। उन्होंने कहा कि वायुसेना जरूरत पड़ने पर नागरिक हवाई क्षेत्र या सैन्य हवाई क्षेत्र या यहां तक कि एक उन्नत लैंडिंग ग्राउंड का उपयोग करने के लिए अपना कौशल विकसित कर रही है। हमारे पास वह क्षमता है और हम उस योजना को बरकरार रखते हैं। एयर मार्शल धारकर ने कहा, जब भी नई प्रौद्योगिकियों का आविष्कार होता है, हम उन्हें यहां शामिल कर रहे हैं। हमारे पास एकीकृत वायु कमान और नियंत्रण प्रणाली है, जो देश के इस हिस्से सहित पूरे भारत में मौजूद है। हमारे पास यहां भी दो नोड्स हैं जो एयर कमांड सिस्टम को संचालित करते हैं।

### इस्तेमाल की गयी प्लास्टिक .. .. ..

घनत्व और उच्च घनत्व पॉलीथीन (क्रमशः एलडीपीई और एचडीपीई) हैं। उपयोग की जाने वाली रीसाइक्लिंग प्रक्रिया पायरोलिसिस है, जिसके तहत प्लास्टिक को ऑक्सीजन मुक्त वातावरण में उच्च तापमान तक गर्म किया जाता है। मुख्य उत्पाद पायरोलिसिस तेल है, जो विभिन्न यौगिकों का एक तरल मिश्रण है जो नए प्लास्टिक में एक घटक हो सकता है। तेल एथिलीन और प्रोपलीन के निर्माण के लिए नेफ्था और गैसों जैसे जीवाश्म अवयवों की जगह ले सकता है। वे प्लास्टिक उत्पादन के लिए दो महत्वपूर्ण मोनोमर्स या बिल्डिंग ब्लॉक हैं।

अध्ययन ने अलग-अलग पायरोलिसिस तेल उत्पादन प्रक्रियाओं वाली आठ कंपनियों से 2017-2021 का ऑपरेटिंग डेटा एकत्र किया। विश्लेषण से पता चलता है कि कच्चे तेल से प्राप्त एलडीपीई और एचडीपीई की तुलना में पीयूपी से केवल 5 प्रतिशत पायरोलिसिस तेल के साथ प्लास्टिक बनाते समय जीएचजी उत्सर्जन में 18 प्रतिशत से 23 प्रतिशत की कमी होती है।

उन्नत पुनर्चक्रण मूल्यवान औद्योगिक रसायनों का उत्पादन करने और पुनर्नवीनीकरण प्लास्टिक सामग्री के लिए बाजार विकसित करने के लिए पीयूपी पर निर्भरता को सक्षम बनाता है। पायरोलिसिस पीयूपी को परिवर्तित करने के लिए औद्योगिक पैमाने पर लागू की जाने वाली सबसे आम उन्नत तकनीकों में से एक है जिसे आम तौर पर अन्य तरीकों का उपयोग करके नए उत्पादों में नहीं बदला जा सकता है। इससे कमसे कम नये प्लास्टिक के उत्पादन में होने वाले प्रदूषण को रोक पाना संभव होगा और जहां तहां फैलते हुए यह प्लास्टिक जो जानलेवा बन रहा है, उससे भी मुक्ति मिल सकेगी।

### इजरायली सेना ने कुछ .. .. ..

2021 में गाजा के नीचे 500 किलोमीटर (311 मील) लंबी सुरंगें बनाने का दावा किया था, हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि यह आंकड़ा सटीक था या दिखावटी। यदि यह सच है, तो हमास की भूमिगत सुरंगें न्यूयॉर्क सिटी सबवे प्रणाली की लंबाई के आधे से थोड़ी कम होंगी।

गाजा 2007 से इजराइल द्वारा भूमि, समुद्र और वायु नाकाबंदी के साथ-साथ मिस्र द्वारा भूमि नाकाबंदी के अधीन है और माना जाता है कि उसके पास उस प्रकार की विशाल मशीनरी नहीं है जिसका उपयोग आम तौर पर गहरी भूमिगत सुरंगों के निर्माण के लिए किया जाता है। इजराइल ने लंबे समय से हमास पर नागरिक और मानवीय उद्देश्यों के लिए उपयोग किए जाने वाले कंक्रीट को सुरंगों के निर्माण की ओर मोड़ने का आरोप लगाया है।

मध्ययुगीन काल से ही सुरंगें युद्ध का एक आकर्षक उपकरण रही हैं। आज वे हमास जैसे उग्रवादी समूहों को असममित युद्ध में बढ़त प्रदान करते हैं, आईडीएफ जैसी अधिक उन्नत सेना के कुछ तकनीकी लाभों को नकारते हुए। जो बात हमास की सुरंगों को अफगानिस्तान के पहाड़ों में अल कायदा या दक्षिण पूर्व एशिया के जंगलों में वियत कांग्रेस की सुरंगों से अलग बनाती है, वह यह है कि इसने ग्रह पर सबसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में से एक के नीचे एक भूमिगत नेटवर्क का निर्माण किया है। इसके ऊपर यानी गाजा शहर को बनाने वाले 88 वर्ग मील में लगभग 2 मिलियन लोग रहते हैं। अब एक एक कर उनकी पहचान की जा रही है ताकि इजरायली सेना पूरी तैयारी से इन सुरंगों को ध्वस्त कर उनमें मौजूद आतंकवादियों को खत्म कर सके।

## डुमरी भगड़वा पंचायत में आज बीडीओ करेंगे जनसंवाद

**बगहा/पिपरासी** : प्रखंड के डुमरी भगड़वा पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय लक्ष्नही अवस्थित रहमानपुर में आज जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मुखिया गुलाब चौहान ने बताया कि इसकी सभी तैयारी बीडीओ कुमुद कुमार के निर्देश पर कर लिया गया है। सरकार के जन कल्याणकारी योजना की जानकारी के दिया जाएगा।

## प्रधानाध्यापकों से एल्बेंडाजोल की रिपोर्ट तलब

**बगहा/पिपरासी** : प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालयों में बच्चों को खिलाएं गए कृमि नाशक दवा एल्बेंडाजोल की रिपोर्ट सभी प्रधानाध्यापकों से बीईओ ने तलब किया है। बीईओ उमेश कुमार के द्वारा सभी प्रधानाध्यापकों को सूचित किया गया है कि जिला मुख्यालय में इसका रिपोर्ट भेजना है। इसलिए मंगलवार की शाम तक रिपोर्ट बीआरसी कार्यालय में उपलब्ध करावें। कोताही बरतने वाले पर विभागीय कार्रवाई किया जाएगा।

# शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा की प्रतिमा निर्माण में वेश्याओं के आंगन की मिट्टी का है अति महत्व

## इस से जुड़ी है अनेक धारणाएं, मान्यताएं एवं कथाएं हैं

### वेश्याओं को प्राप्त है भगवान शिव का वरदान

**रंजीत कुमार विधार्थी**

**मुंगेर** : शारदीय नवरात्र में शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा की सार्वजनिक पूजाझपाठ के लिए देश के विभिन्न स्थानों में गांवों से लेकर शहरों तक पंडाल एवं देवी प्रतिमाएं बनाये और सजाये जाते हैं। पूजाझपाठ के तो वैदिक विधि -विधान हैं ही, आदिशक्ति मां दुर्गा की प्रतिमा के निर्माण के भी मान्यताओं एवं परम्पराओं पर आधारित कुछ विशेष विधान हैं। वैसे तो और कई बातों पर ध्यान दिया जाता है, पर चार चीजों को बहुत जरूरी माना गया है। गंगा की मिट्टी, गोमूत्र, गोबर और वेश्यालय की मिट्टी। मूर्ति निर्माण में इनके इस्तेमाल की परंपरा सदियों से चली आ रही है। गंगा की मिट्टी, गोमूत्र और गोबर के महत्व को लोग जानते-समझते हैं। पर, यह



बहुत कम ही लोगों को मालूम होगा कि जब सनातनझसंस्कृति में वेश्यावृत्ति को अधार्मिक माना जाता है और देह व्यापार करने वालियों को घृणा की नजर से देखा जाता है। तो फिर इस पवित्र अनुष्ठान में उनके आंगन की मिट्टी का इस्तेमाल क्यों किया जाता है ? इस क्यों से जुड़ी अनेक धारणाएं, मान्यताएं एवं कथाएं हैं। इससे संबंधित एक पौराणिक कथा में वर्णित है कि एक बार कुछ वेश्याएं गंगा स्नान के लिए जा रही थीं। उसी क्रम में घाट पर एक कुष्ठ रोगी बैठा दिखा, वह लोगों से गंगा स्नान करवाने के लिए कह रहा था। लेकिन, जब किसी ने भी उसकी गुहार नहीं सुनी। तब वेश्याओं ने ही उस कुष्ठ रोगी को गंगा स्नान करवा दिया वर्णित कथा के मुताबिक वह कुष्ठ रोगी और कोई नहीं बल्कि भगवान शिव थे। शिवजी वेश्याओं की इस मानवीयता से प्रसन्न हुए वरदान दिए कि प्रतिमा निर्माण में वेश्याओं के आंगन की मिट्टी अनिवार्य होगा। दूसरी कथा यह है कि एक वेश्या, देवी दुर्गा की बहुत बड़ी उपासक थी। पर, वेश्या होने के कारण समाज में उसे सम्मान नहीं मिलता था। तरह-तरह की यातनाएं सहनी पड़ती थी। मान्यता है कि अपनी भक्त को इसी तिरस्कार से बचाने के लिए मां दुर्गा ने उसके आंगन की मिट्टी से बनी अपनी मूर्ति स्थापित करवायी। बताया जाता है कि शारदा तिलकम, महामंत्र महार्णव, मंत्रमहोदधि आदि ग्रंथों में इसकी चर्चा है। इससे संबंधित दूसरी कथा में कहा गया है कि उस कालखंड में मां दुर्गा की मूर्ति बनाने के लिए मंदिर के पंडित-पुजारी वेश्याओं से उनके आंगन की मिट्टी मांगकर लाते थे और तब मूर्ति बनायी जाती थी। धीरे-धीरे यह एक परिपाटी बन गयी। एक मान्यता यह भी है कि जब कोई व्यक्ति वेश्यालय जाता है, तब वह अपने पुण्य कर्म और पवित्रता को उसके द्वार पर ही छोड़कर भीतर जाता है। इसलिए वेश्याओं के आंगन की मिट्टी को पवित्र माना जाता है। इसी समझ के तहत मां दुर्गा की मूर्ति बनाने के लिए वेश्याओं के आंगन से मिट्टी लायी जाती है। यह सबसे प्रचलित और लोकप्रिय मान्यता है। कुछ लोग इसे समाज सुधार के प्रयास के रूप में भी देखते हैं।

## न्यूज फटाफट

### भू-संबंधित मामलों के निष्पादन को पंचायत में लगा शिविर

**बगहा** : परिमार्जन, जमाबंदी का आधार सीडिंग सहित लोगों के अंचल संबंधित अन्य समस्याओं को लेकर बगहा-2 अंचलाधिकारी दीपक कुमार के नेतृत्व में अंचल प्रसाशन द्वारा पंचायतों में कैंप लगाकर समस्याओं का निष्पादन किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार के दिन संतपुर सोहरिया पंचायत में अंचलाधिकारी के नेतृत्व में अंचल कर्मियों की टीम पहुंची हुई थी। अंचलाधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि पंचायत में परिमार्जन,आधार सीडिंग सहित अन्य कुल 140 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 85 का ऑन द स्पॉट निपटारा किया गया। बाकी आवेदनों की जांच कर निष्पादन किया जा रहा है। इस दौरान राजस्व कर्मचारी नीतीश कुमार, रंजित कुमार अंचल अमीन सिम्पी कुमारी, कार्यपालक सहायक आकाश राज द्वारा भाग लिया गया।

### शराब की नशे में हंगामा करता पियक्कड़ गिरफ्तार

**बगहा/रामनगर** : प्रखंड अंतर्गत मठिया गांव में एक पियक्कड़ को शराब पीकर हंगामा करते हुए स्थानीय पुलिस ने दबोचा कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष अनंत राम ने कहा कि उक्त कार्रवाई गुप्त सूचना पर की गई। शराबी की पहचान गोबर्धना थाना क्षेत्र के परसौनी गांव निवासी रौशन कुमार व तौलाहा निवासी चोकट राम के रूप में हुई है। जिसे मेडिकल जांचोपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वहीं बिशुनपुरवा निवासी धुनिया देवी के पास से 5 लीटर चुलाई शराब जब्त किया गया। सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### 20 अक्टूबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू महाबोधि मंदिर जायेंगी, दीक्षांत समारोह में लेंगीं हिस्सा

**गया** : समाहरणालय के सभागार में जिला पदाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम की अध्यक्षता में 20 अक्टूबर को निर्धारित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन को लेकर आवश्यक बैठक वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से की गई। महामहिम द्वारा महाबोधि मंदिर का परिभ्रमण एवं साउथ बिहार सेंट्रल यूनिवर्सिटी पंचानपुर टेकारी में आयोजित दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में सम्मिलित होने राष्ट्रपति का कार्यक्रम निर्धारित है। इस अवसर पर उपरोक्त कार्यक्रम स्थानों एवं रुट लाइन में विधि व्यवस्था के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने, यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने, साफ सफाई , बैरिकेडिंग, वाहन पार्किंग, ग्रीन रूम, कार्केट , सिटिंग अरेंजमेंट, सेफ हाउस, एंबुलेंस, अग्निशमन, पुलिस, दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति आदि की व्यवस्था सुदृढ़ रखने का निर्देश दिया। बैठक में नगर आयुक्त गया नगर निगम, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता राजस्व, अपर समाहर्ता लोक शिकायत, अनुमंडल पदाधिकारी सदर सहित जिला स्तरीय वरीय अधिकारी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अन्य अनुमंडलों एव प्रखंडों के अधिकारी मौजूद थे।

### बिहार में अल्पसंख्यकों, दलितो और वंचितों को हक दिलाएगी एनआरएमपी

**गया** : नेशनल रोड मैप पार्टी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष हाफिज बुरहानुद्दीन एवं बिहार प्रदेश के प्रभारी मो शकील अहमद ने बेलागंज प्रखंड के भलुआ ग्राम में पार्टी के मुख्य कार्यालय का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा की 2024 के आगामी लोकसभा चुनाव में अल्पसंख्यकों, दलितों, वंचितों और समाज के निम्न वर्गों के लिए विकल्प के तौर पर बिहार के सभी 40 सीटों और उत्तर- पूर्वी भारत के लगभग 100 सीटों पर अपनी देवदारी करेगी। एनआरएमपी बिहार में पूरे दमखम के साथ चुनावी मैदान में आ रही है। जातीय जनगणना के आंकड़े के अनुसार मुसलमान की आबादी लगभग 18% है। इसलिए यह पार्टी मुसलमान को राजनीतिक में भागीदारी देगी। उन्होंने कहा कि अमीर और गरीब हिंदू मुस्लिम परिवारों को बराबरी और सम्मान का दर्जा देने, बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाने, मदरसा बोर्ड के विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र दिलाने में सुविधा देने, बिहार के पिछड़े इलाके सीमांचल का विकास करना हमारी पहली प्राथमिकता होगी।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विचार परिवार की बैठक सम्पन्न

**बेतिया, प.च.**: राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विचार परिवार की एक बैठक राज ड्योढी स्थित सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में सम्पन्न हुई। जिसमें संघ के खंड स्तर के स्वयं सेवक, विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी, बजरंग दल, धर्म जागरण, वनवासी कल्याण आश्रम, विद्यार्थी परिषद, विद्या भारती, सहकार भारती तथा भारतीय जनता पार्टी के प्रखंड पंचायत स्तर के कार्यकर्ता शामिल हुए जिसमें उत्तर बिहार के प्रांत संघ चालक विजय जायसवाल, जिला संघ चालक राज किशोर प्रसाद, जिला सह संघचालक सुरेंद्र राय, जिला प्रचारक नीतीश कुमार, विभाग कायार्वाह कृष्ण मोहन, इन्दू भूषण, अभिषेक पांडेय,व्यवस्था प्रमुख प्रमोद सिंघानिया, दिवाकर राय, रत्नाकर, धर्म जागरण समन्वय विभाग के प्रेम प्रसाद, चुन्नू श्रीवास्तव सह नगर कार्यवाह, विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष नीरज सोनी, जिला मंत्री रमन गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष सुजीत सोनी, संरक्षक विनय कुमार, आयुष बरनवाल, नगर अध्यक्ष दीपू शर्मा, सरस्वती बालिका विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य सुशील कुमार, धनंजय शर्मा, सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य विनोद कुमार, प्रमुख पदाधिकारियों का परिचय क्रमवार से करवाया गया। ज्ञात हो कि यह बैठक संघ प्रत्येक तीन माह पर करता है। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रांत संचालक ने धर्मांतरण, लव जिहाद, लैंड जिहाद जैसे विषयों पर अपना विचार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विरोधी हिंदू समाज के बढ़ते विजय अभियान से हतोत्साहित हैं, इसलिए हिंदू समाज को तोड़ने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इसके लिए हमारे महापुरुष अंबेडकर का सहारा भी लिया जा रहा है।

### पीएम विश्वकर्मा योजना को लेकर जन जागरूकता आयोजित

**सुगौली, पू.च.** : प्रखण्ड के छपवा बाजार, फुलवरिया सहित अन्य गाँव कस्बों में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से मिलने वाले लाभ को लेकर स्वयंसेवक अवधेश कुमार गुप्ता ने लोगों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि इस योजना अंतर्गत अठारह ट्रेड में लोगों के कौशल को निखारने के लिए मास्टर ट्रेनरों के माध्यम से प्रशिक्षण दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण अवधि में पाँच सौ रुपये प्रतिदिन के हिसाब से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले को दी जाएगी है। साथ ही उन्हें प्रमाण पत्र दी जाएगी हैं, जो पहचान पत्र का काम आएगा। उन्होंने कहा कि इस योजना के लाभार्थी को पंद्रह हजार रुपये की टूलकिट खरीदने के लिए राशि उपलब्ध कराई जाएगी। इनमें कारपेंटर, नाव बनाने वाले, लोहार, ताला बनाने वाले, सुनार, मिट्टी के बर्तन और अन्य सामान बनाने वाले कुम्हार, मूर्तिकार, राज मिस्त्री, मछली का जाल बनाने वाले, खिलौने बनाने वाले, जुत्ता-चप्पल बनाने वाले, नाई समेत अन्य शामिल हैं। इसके साथ ही उन्होंने लोक अदालत, पशुपालन, आयुष्मान हेल्थ कार्ड, राष्ट्रीय लोक अदालत व टेली लॉ कानूनी सहायता से मिलने वाली लाभ की महत्वपूर्ण जानकारी दी।

### कोरम के अभाव में पंचायत समिति की बैठक स्थगित

**बगहा** : ठकराहाँ प्रखंड में पंचायत समिति की बैठक कोरम के अभाव में स्थगित कर दी गई। निर्धारित तिथि के बावजूद सात में चार पंचायत समिति सदस्य ही ब्लाक प्रमुख अंजू कुशवाहा सहित सभागार में उपस्थित हुए। जगीरहा पंचायत को छोड़ अन्य छह पंचायतों के मुखिया भी बैठक में नहीं पहुंचे। 18 अक्टूबर को ठकराहा में जिलाधिकारी के संवाद कार्यक्रम के मद्देनजर बीपीआरओं ने पंसस की बैठक बुलाया था। बीपीआरओं अविनाश सिंह ने बताया कि पंसस की बैठक की आयोजन की सूचना जनप्रतिनिधियों, व प्रखंडाधीन पदाधिकारियों को समय पूर्व दे दी गई थी। स्थानीय पदाधिकारी पंसस की सदन में पहुंचे थे। लेकिन जनप्रतिनिधियों की संख्या इतनी कम थी कि कोरम पूरा नही हो सका। अंततः पंसस की बैठक स्थगित की गयी। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख अंजू कुशवाहा, हरदेव कुशवाहा, जगीराहाँ मुखिया चंद्रबाबू, विधायक प्रतिनिधि रवींद्र तिवारी, सांसद प्रतिनिधि व पैक्स अध्यक्ष जितेंद्र कुशवाहा, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि विजय चौधरी समेत सभी बीडीसी उपस्थित रहे।

## संदिग्ध स्थिति में नदी से बरामद हुआ किशोर का शव, हत्या की आशंका

**नौतन** : थाना क्षेत्र के खड्डा कुजलही के भांगड़ा नदी से इंटर फर्स्ट ईयर के छात्र का शनिवार की संध्या संदिग्ध स्थिति में शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई हैं। मृत छात्र एजाज हवारी का 17 वर्षीय पुत्र जावेद हवारी है। जिसकी तलास शनिवार से से हीं परिजनों को थी। जिसका शव संदिग्ध स्थिति में पाया। इस घटना को लेकर जितनी मुंह उतनी बातें सामने आ रही है। इधर रविवार की दोपहर पोस्टमार्टम के बाद जब किशोर का शव गांव पहुंचा तो गांव में बीते शाम से ही मातमी सन्नाटा पसर गया। किशोर दो भाई और एक बहन में सबसे छोटा था। परिजनों ने उसकी हत्या की आशंका व्यक्त किया है। थानाध्यक्ष खालिद अख्तर ने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है दोषियों को गिरफ्तार करेगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

## देसी शराब के साथ एक महिला चढी पुलिस के हत्थे

**सुगौली, पू. च:** स्थानीय पुलिस ने 12 लीटर देसी शराब के साथ एक महिला को सुगौली क्षेत्र से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार प्रभारी थानाध्यक्ष रामगुलाम यादव को गुप्त सूचना मिली कि सुगौली गांव में एक महिला देसी शराब बिक्री के लिए लेकर आई है और वह शराब बेचती है। सूचना मिलते ही प्रभारी थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ पहुंच छापेमारी की। जिसमे 12 लीटर देसी शराब के साथ एक महिला को पुलिस ने धर दबोचा। पुलिस ने अन्य जगहों पर भी छापेमारी की। पुलिस शराब को जब्त कर ली और महिला पर केस दर्ज कर जेल भेज दिया।थानाध्यक्ष ने बताया कि शराब के साथ गिरफ्तार महिला को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। शराब धंधेबाज के खिलाफ लगातार छापेमारी की जा रही है।

## मधुबनी में 20 को होगा एसडीएम का जनसंवाद कार्यक्रम

**बगहा/मधुबनी** : अंचल कार्यालय प्रांगण में 20 अक्टूबर को अनुमण्डल पदाधिकारी द्वारा जनसंवाद कार्यक्रम रखा गया है। इसके पहले 14 अक्टूबर को डीएम के द्वारा भी जान संवाद किया गया था। जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी मधुबनी राजेश भूषण ने बताया कि, सभी पंचायतों तिथिवार जन संवाद कार्यक्रम किया जा रहा है। जिसके तहत 20 अक्टूबर को मधुबनी अंचल प्रांगण में एसडीएम अनुपमा सिंह द्वारा जन संवाद कार्यक्रम रखा गया है। जिसके लिए तैयारियां की जा रही हैं।

## तीन दर्जन दुकानदारों को अंचल कार्यालय ने दुकान हटाने का भेजा नोटिस

**बगहा** : सीओ द्वारा लगभग तीन दर्जन दुकानदारों पर नोटिस जारी कर अपनी दुकान हटाने का निर्देश दिया गया है। बगहा दो सीओ दीपक कुमार ने दुकानदार रामजी साह, लालबाबु सोनी, प्रभू पड़ीत, छोटेलाल ठाकुर, छोटेलाल बैठा समेत लगभग तीन दर्जन दुकानदारों पर नोटिस जारी कर दुकान हटाने हेतु दिनांक 20/10/2023 को अंचल कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने का निर्देश जारी किया है। इस बावत सीओ ने बताया कि बिहार सार्वजनिक भूमि अतिक्रमण अधिनियम के तहत उपरोक्त दुकानदारों पर नोटिस जारी किया गया है और उन्हें 20 अक्टूबर को अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया गया है। अगर निर्धारित समय पर उक्त दुकानदारों द्वारा अपना पक्ष नहीं रखा जाता है तो मामले का निर्णय उनके अनुपस्थिति में भी किया जाएगा। दुकानदारों ने बताया की वर्षों से उक्त जगह पर वे अपनी दुकान लगाते आ रहे हैं। जिससे उनके परिवार का भरण पोषण होता है। दुकानदारों ने बताया कि अगर दुकान हटा दिया गया तो उनके समक्ष रोजी-रोटी की समस्या उत्पन्न हो जाएगी। सरकार पहले उन्हें किसी दूसरे जगह जमीन उपलब्ध कराकर उनको पुनर्वासित करें। उसके बाद उनके दुकानों को हटाने का अनुरोध किया है।

## लायंस क्लब ऑफ जमालपुर ने थाना में वितरित किए प्रिवेंटिव दवा का डोज

**मुंगेर** : डेंगू मुक्त जमालपुर की ओर अग्रसर लायंस क्लब ऑफ जमालपुर ने आज एक और कदम बढाते हुए जमालपुर आदर्श थाना के सभी स्टाफ सदस्यों सहित थानाध्यक्ष एवं सर्किल इंस्पेक्टर को भी डेंगू प्रिवेंटिव दवा का डोज दिया। साथ ही थाना परिसर में आए आगन्तुक एवं वहां पहुंचे पत्रकारों को भी दवा का डोज दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन करते हुए पूर्व अध्यक्ष रंजीत प्रसाद एवं उपाध्यक्ष कमल लाल ने बताया कि इस कार्यक्रम के पहले भी क्लब की ओर से पाठ भवन विद्यालय में यह डोज दिया जा चुका है तथा यह कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा। मौके पर क्लब के सदस्यों में सुनील कुमार, धीरज कुमार, रजत मसकरा तथा डाक्टर थे रुप में आशीष अग्रवाल एवं डाक्टर मोना मौजूद थे। कार्यक्रम में थाना के सभी सदस्य शामिल हुए। करीब 75 लोगों को यह दवा दी गई।

## चनपटिया में मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम आयोजित

**बेतिया, प.च.**: जिला अंतर्गत चनपटिया प्रखंड कार्यालय परिसर के सभाकक्ष में विधायक उमाकांत सिंह ने 'मेरी माटी, मेरा देश' अभियान के अंतर्गत चनपटिया विधानसभा क्षेत्र की पावन मिट्टी को सीमा सुरक्षा बल के पदाधिकारियों को सौंपा। विधायक उमाकांत सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चलाए जा रहे, अभियान ने देश में एक नई ऊर्जा का संचार किया है। शहीदों के घर आंगन की एकत्रित मिट्टी का उपयोग राष्ट्र नायकों को समर्पित 'अमृत वाटिका' का निर्माण किया जायेगा। इस दौरान सीमा सुरक्षा बल के पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष रूपक श्रीवास्तव, उप प्रमुख आदित्य सिंह, रामप्रवेश सिंह, नन्हे मिश्र, फुनी राय, अनिल गुप्ता, वतन केसरी, समेत प्रखंड के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस ने मिनी शराब फैक्ट्री सहित सैकड़ो लीटर अर्धनिर्मित शराब किया विनष्ट

**राष्ट्रीय खबर**

**रामनगर, प च** : मिनी शराब फैक्ट्री के उद्भेदन में स्थानीय पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। शराब माफिया द्वारा बेखौफ होकर चलाए जा रहे मिनी फैक्ट्री सहित सैकड़ो लीटर अर्धनिर्मित शराब को पुलिस ने विनष्ट किया है। उल्लेखनीय है की एसडीपीओ नंदजी प्रसाद के नेतृत्व में जिला मध निषेध की टीम एवं स्थानीय पुलिस प्रशासन ने संयुक्त छापेमारी कर चुलाई शराब ढूंढने के लिए डॉग स्क्वायड के साथ ड्रोन का इस्तेमाल किया। इस बाबत एसडीपीओ ने बताया कि रामनगर प्रखंड अंतर्गत सपही पंचायत के टेंपो टोला निवासी विनोद माझी के यहां से चुलाई शराब बनाने वाली मिनी फैक्ट्री सहित सैकड़ों लीटर अर्ध निर्मित शराब विनष्ट किया गया तथा लगभग 10 लीटर तैयार शराब बरामद किया गया। विनोद माझी उक्त क्षेत्र में शराब के मिनी फैक्ट्री संचालन के साथ साथ बहुत बड़ा



शराब माफिया था। उक्त तस्कर के यहां से चुलाई शराब बनाने हेतु 10 बोरी यूरिया चूल्हा भट्टी चार गैस सिलेंडर दर्जनों छोटे बड़े बर्तन चुना तथा अन्य सामग्री को पुलिस ने मौके से बरामद किया। साथ ही घर में रखे एक मोटरसाइकिल को भी जप्त कर लिया। हालांकि पुलिस की पहुंचने की भनक पहले ही शराब माफिया को हो चुकी थी। जिससे वह फरार होने में कामयाब रहा। वहीं पुलिस मधुबनी गांव से एक महिला कारोबारी को 25 लीटर शराब के साथ दबोच लिया है। इस कार्रवाई से शराब माफियाओं में हड़कंप मची हुई है। छापेमारी में थानाध्यक्ष अनंत राम, एसआई संतोष जायसवाल, बिरेन्द्र राम, इरशाद आलम समेत भारी पुलिस बल मौके पर तैनात थे।

## मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम की हुई समीक्षा

**बगहा/पिपरासी** : स्थानीय पीएचसी में मंगलवार को पीएचसी प्रभारी के द्वारा स्वास्थ्य कर्मियों के साथ बैठक कर मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम की समीक्षा की गई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रविंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि 9 से 14 अक्टूबर तक चलाई गई मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम की समीक्षा किया गया और इसका सर्वे अगले माह में होने वाले कार्यक्रम को लेकर निर्देश दिया। 49 वर्ष की महिलाओं की मृत्यु अगर हुई है तो उसका सर्वे आशा को करने का निर्देश दिया गया। महिला की मौत कैसे हुई है उसका भी विवरण देना है। इसके लिए आशा को 200 का प्रोत्साहन राशि दिया जाएगा। बुधवार को होने वाले जनसंवाद कार्यक्रम को लेकर दिशा निर्देश दिया गया। कार्य में कोताही बरसने वाले स्वास्थ्य कर्मियों पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

## दशहरा पर्व को लेकर शान्ति समिति कि बैठक सम्पन्न

**बगहा/भितहा** : दशहरा पर्व को लेकर थाना परिसर में थानाध्यक्ष शाहिद अंसारी की अध्यक्षता और बीडियो मनोज कुमार पंडित के उपस्थिति में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमें उपस्थित लोगों को निर्देशित करते हुए दशहरा पर्व को लेकर सरकार द्वारा जारी गाइडलाइंस के एक एक बिंदु को बारी बारी से पढ़कर बताया गया। तथा, सभी लोगों से अपील किया गया कि आपसी भाईचारा और सौहार्द से मिलजुलकर इस पर्व को मनावे। बीडीओ श्री पंडित ने कहा कि सरकार द्वारा जारी गाइडलाइंस का पालन करते हुए सबसे बेहतर पंडाल का व्यवस्था करेगा उसमे से तीन पुजा समितियो को प्रथम, द्वितीय ,और तृतीय स्थान देकर सम्मानित किया जायेगा। मौके पर जिला पार्षद प्रतिनिधि सुशील शर्मा, मुखिया रामाधार यादव, संजय यादव, भोला साह, मुखिया प्रतिनिधि प्रदीप गुप्ता, मजहर आलम, जदयू प्रखंड अध्यक्ष विभव राय सहीत अन्य उपस्थित रहे।

# पी एम किसान योजना से बंचित होंगे सरकारी कर्मचारी व जनप्रतिनिधि

### कैम्प लगाकर किसान योजना के लाभुकों का हुआ भौतिक सत्यापन

**राष्ट्रीय खबर**

**साठी, प.च.** : अब पीएम किसान योजना का लाभ सरकारी नौकरी, जनप्रतिनिधि, वकील, इनकम टैक्स धारी को को नहीं मिलेगा। इसके लिए जिले के सभी पंचायत में कैंप लगाकर भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। इसके तहत शनिवार को नरकटियागंज प्रखंड के सेमरी पंचायत के वार्ड नंबर 12 के हिच्छोपाल गांव अवस्थित कृषि कार्यालय में कैंप लगाकर कर किसानों का भौतिक सत्यापन किया गया। जिसमें सैकड़ों किसानों ने अपने-अपने कागजातों का सत्यापन कराया। कृषि समन्वयक पूर्णेन्दु कुमार ने बताया कि तीन दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया है। जिसमें कैंप के माध्यम से कृषि कार्यालय में तीन दिवसीय कैंप लगाकर किया जा रहा है। सेमरी पंचायत में पीएम किसान सम्मान निधि योजना में 695 लाभुक किसान है। उन्हें बताया कि भौतिक सत्यापन के समय सरकार के निर्देश के आलोक में मृत किसान, सरकारी नौकरी में कार्यरत, वकील, डॉक्टर, पति/पत्नी, इनकमटैक्स जमा करने वाले शामिल है। तो वैसे लाभुकों का नाम सूची से बाहर करने का काम किया जा रहा है।


# अचानक आई तूफानी बारिश ने किया बुरा हाल, कहीं उड़ गए छप्पर तो कहीं गिर पड़े पेड़

## फसलों पर पड़ी आंधी और बारिश की मार, किसान बेहाल

### धान और गन्ना की तैयार फसल को हुआ भारी नुकसान

**राष्ट्रीय खबर**

**बगहा** : सोमवार की रात्रि अचानक मौसम ने अपना मिजाज बदला और फसलों पर कहर ढा गया। रात करीब 10.30 बजे आई आंधी इतनी तेज थी कि टीन शेड और पेड़ गिर गए। कई जगह आवागमन बाधित हो गया। अनुमंडल के सैकड़ों गांवों की बिजली पुरी रात बाधित रही। जोरदार आंधी और बारिश से धान की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। खेतों में खड़ी गन्ने की फसल भी गिर गई है। सोमवार को शाम तक आसमान एकदम साफ रहा। धूप खिली रही। लेकिन रात में दस बजे के बाद मौसम अचानक बदल गया। रात करीब 10:30 बजे के बाद आसमान में



काले बादल घिर आए और कुछ ही देर में आंधी आ गई। आंधी से कई लोगों के टीनशेड उड़ गए वहीं कई जगहों पर पेड़ों की डाल गिरने से आवागमन प्रभावित हुआ। आंधी से बिजली सप्लाई भी गुल हो गई। आंधी के साथ ही कई जगहों पर तेज बारिश तो कहीं बूंदाबांदी हुई। मौसम का मिजाज देखकर किसान काफी परेशान है। किसानों का कहना है की धान की फसल खेतों में कट रही है। बहुत से किसानों की फसल कटी पड़ी है। बारिश से फसल भीग जाएगी इसे काफी नुकसान होगा। वहीं गन्ना किसान भी काफी आहत व असहाय महसूस कर रहे हैं।

धान की खेती के लिए मशहुर थरुहट क्षेत्रो मे आंधी व बारिश ने किसानों को काफी क्षति पहुंचाई है। बताते चले की भुजाहवा आनंदी, सरजू बावन आदि धान पककर तैयार हो चूका है वहीं कुछ किसानों ने काटकर खेत में छोड़ा था लेकिन रात में हुई आधी तूफान ने सब बर्बाद कर दिया। गंन्ना की फसल भी जमीन पर गिर गया है।

किसान ओमप्रकाश महतो, चंद्रभान काजी, मुकेश काजी, राजेंद्र काजी, रामबश काजी,कुष्णमोहन काजी, रमेशचंद्र सहित दर्जनों पीड़ित किसानों ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए बताया कि धान और गंन्ना को काफी नुकसान हुआ है।

## शराब की नशे में हंगामा करना पड़ा भारी, पुलिस ने भेजा जेल

**रामनगर :** प्रखंड अंतर्गत मठिया गांव में एक पियक्कड़ को शराब पीकर हंगामा करते हुए स्थानीय पुलिस ने दबोचा और भेजा जेल। इस बाबत थानाध्यक्ष अनंत राम ने बताया कि गुप्त सूचना पर पुलिस द्वारा उक्त स्थल पर छापेमारी की गई। जिसमें नशे की हालत में एक पियक्कड़ हो हल्ला करते पकड़ा गया। ब्रेथ एनालाइजर से उसकी जांच की गई और इसके पश्चात शराब पीने की पुष्टि हुई। शराबी की पहचान गोबर्धना थाना क्षेत्र के परसौनी गांव निवासी रौशन कुमार के रूप में हुई है। शराबी के विरुद्ध मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। साथ ही दो अन्य लोंगों के पास से कुल 7 लीटर चुलाई शराब बरामदगी हुई। जिसमे एक की पहचान तौलाहा निवासी चोकट राम के रूप में हुई जिसके पास से 2 लीटर चुलाई शराब बरामद किया गया और दूसरे की पहचान बिशुनपुरवा निवासी धुनिया देवी के रूप में हुई जिसके पास से 5 लीटर चुलाई शराब जप्त किया गया। उक्त सभी के विरुद्ध मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# तीसरे दिन मंगला गौरी में श्रद्धालुओं की उमड़ी अपार भीड़, मां के चंद्रघंटा स्वरूप की हुई विशेष पूजा-अर्चना

**देवी मंदिर का पट खुलते ही दर्शन के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़**

**भक्ति गीत व देवी गीतों से भक्तिमय हुआ वातावरण**



**राष्ट्रीय खबर**

**गया :** इस समय आश्विन नवरात्रि चल रही है। नवरात्रि के नौ दिनों में मां के नौ रूपों की पूजा अर्चना की जा रही है। मंगलवार को नवरात्रि के तीसरे दिन मां दुर्गा के तीसरे स्वरूप माता चंद्रघंटा की विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार माता चंद्रघंटा को राक्षसों का वध करने वाला कहा जाता है। मां अपने भक्तों की दुखों को दूर करने के लिए हाथों में त्रिशूल तलवार और गदा रखे हुए हैं। साधकों ने ओम देवी चंद्रघंटायै नमः का जाप कर माता की विशेष पूजा अर्चना किया और उन्हें सिंदूर, अक्षत, गंध, धूप, पुष्प अर्पित कर दूध से बनी हुई मिठाईयों का भोग लगाया। नवरात्रि कर रहे साधकों ने दुर्गा चालीसा का पाठ कर दुर्गा आरती किया। देवी चंद्रकांता को आध्यात्मिकता और आंतरिक शक्ति का प्रतीक माना जाता है। मंगलवार के दिन माता मंगला के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की अहले सुबह से लेकर देर रात तक श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। मंदिर परिसर का चप्पा- चप्पा श्रद्धालुओं से पटा हुआ था। महिलाएं हाथों में नारियल, प्रसाद, लाल चुनरी, फूल-माला लेकर लाइन में खड़े होकर मंदिर में प्रवेश करने की प्रतीक्षा कर रही थी। सुबह 4:00 बजे माता का पट खुलते ही दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी रही। देवी मंदिरों में दुर्गा सप्तशती के मंत्रोंच्चारण से गूंज रहा है। सुबह से लेकर देर रात तक दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की अपार भीड़ देखी जा रही है। वातावरण भक्तिमय हो चला है। चारों तरफ भक्ति गीतो और देवी गीतो की धुन सुनाई पड़ रही है। शहर के शीतला मंदिर,दुःखहरणी मंदिर, बागेश्वरी मंदिर, बंगला स्थान, काली मंदिर, कामाख्या माई मंदिर,संकटा माई मंदिर,चामुंडा माई मंदिर आदि देवी मंदिरों में मंगलवार को दर्शनार्थियों ने माता का दर्शन पूजन कर आशीर्वाद लिया। बंगला स्थान मंदिर में श्रद्धालु लंबी कतार में खड़े होकर माता का दर्शन पूजन किया। मंदिर परिसर में दुर्गा सप्तशती और देवी पुराण का पाठ साधकों द्वारा किया जा रहा था। वहीं दूसरी और धामी टोला में श्री रामचरितमानस नवाह पारायण यज्ञ समिति की ओर से 31 ब्राह्मणों के द्वारा श्रीवृंदावन धाम से पधारे राधेकांत गोस्वामी के निर्देशन में रामायण का पाठ चल रहा है। पूरा शहर रामायण के पाठ से गूंज रहा है। राम दरबार की प्रतिमा स्थापित की गई है। वहीं देर शाम कथावाचक डॉ प्रज्ञा भारती के द्वारा श्री राम कथा का प्रवचन किया जा रहा है। 9 दिवसीय उत्सव 15 अक्टूबर को शुरू हुआ और 24 अक्टूबर को प्रतिमा विसर्जन के साथ समाप्त हो जाएगा।

## न्यूज फटाफट

### शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस का फ्लैग मार्च

**मझौलिया प.च. :** स्थानीय पुलिस ने दुर्गा पूजा को लेकर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अभय कुमार के नेतृत्व में फ्लैग मार्च किया। जो प्रखंड क्षेत्र के अवहर शेख, सरिसवा बाजार, लाल सरैया, जौकटिया, बखरिया, सेंनुवरिया के विभिन्न चौक-चौराहों बाजार सहित पुजा स्थल पहुंची। जहां पुजा समिति के सदस्यों को सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। सशस्त्र बलों के साथ थानाध्यक्ष ने विभिन्न स्थलों का सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों एवं नशेड़ियों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। इस मौके पर अपर थानाध्यक्ष अजय कुमार सिंह, बिहारी प्रसाद निराला, विपिन कुमार, पूजा कुमारी सहित महिला एवं पुरुष आरक्षी शामिल रहे।

### सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत

**नोखा (रोहतास) :** थाना क्षेत्र के तराड पेनार गांव समीप अज्ञात वाहन के चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। बताया जाता है कि 40 वर्षीय मृतक व्यक्ति मुन्ना राम जो राजपुर प्रखंड का रहने वाला था। घटना की जानकारी लोगों द्वारा सुबह मिलते ही स्थानीय थानाध्यक्ष उमेश कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंच शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला सदर सासाराम भेज दिया। साथ ही उन्होंने बताया कि घटना को अंजाम दे फरार वाहन की पहचान नगर परिषद के वार्ड नं० 4 के रूप करते हुए छानबीन शुरू कर दी गई है।

### नाव ने ली जलसमाधि, एक युवक लापता

**पटना :** देर रात अचानक आई तेज आंधी के दौरान राजधानी स्थित गंगा नदी में एक नाव लापता हो गई। मनेर थाना क्षेत्र में सोमवार रात तेज आंधी में एक नाव के जलसमाधि लेने की सूचना है। सूचना के अनुसार नाव पर सवार एक युवक भी लापता है। मंगलवार की सुबह घटना के बाद इलाके के कुछ लोगो ने दो नाव को वहां नहीं पाया जिसके बाद खबर आग की तरह फैल गई। फिर इलाके में यह चर्चा तेज हुई कि नाव पर सवार एक युवक लापता हैं। हालांकि उनके लापता होने को लेकर प्रशासन की ओर से कोई पुष्टि नहीं की गई है।

### अवैध खनन के आरोप में बालू लदा ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त

**नरकटियागंज, प. च. :** बेतिया शिकारपुर पुलिस ने जयमंगलापुर गांव के पास अवैध खनन कर एक ट्रैक्टर ट्रॉली पर लदे बालू को जब्त किया है। हालाकि इस कार्रवाई में ट्रैक्टर चालक भागने में सफल रहा। शिकारपुर थानाध्यक्ष रामाश्रय यादव ने बताया कि गुप्त सूचना पर जयमंगलापुर के बलोर नदी से अवैध बालू उत्खनन पर छापामारी किया गया। बालू लदे ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त किया गया। इस कार्रवाई में अन्य ट्रैक्टर ट्रॉली को लेकर चालक भाग निकले। उन्होंने बताया कि जब्त ट्रैक्टर ट्रॉली की सूचना खनन विभाग को दे दी गई है। खनन पदधिकारी के आने के बाद कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि बलोर, हरबोड़ा, पंडई, मनियारी नदियों से बालू उत्खनन बदस्तूर जारी है।कार्रवाई नही होने से बालू माफियाओं का मनोबल बढ़ा हुआ है। बालू माफिया नदियों से बेखौफ बालू उत्खनन में लगे है।

### मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम की हुई समीक्षा

**बगहा/पिपरासी :** स्थानीय पीएचसी में मंगलवार को पीएचसी प्रभारी के द्वारा स्वास्थ्य कर्मियों के साथ बैठक कर मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम की समीक्षा की गई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रविंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि 9 से 14 अक्टूबर तक चलाई गई मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम की समीक्षा किया गया और इसका सर्वे अगले माह में होने वाले कार्यक्रम को लेकर निर्देश दिया। 49 वर्ष की महिलाओं की मृत्यु अगर हुई है तो उसका सर्वे आशा को करने का निर्देश दिया गया। महिला की मौत कैसे हुई है उसका भी विवरण देना है। इसके लिए आशा को 200 का प्रोत्साहन राशि दिया जाएगा। बुधवार को होने वाले जनसंवाद कार्यक्रम को लेकर दिशा निर्देश दिया गया। कार्य में कोताही बरसने वाले स्वास्थ्य कर्मियों पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

### दशहरा पर्व को लेकर शान्ति समिति कि बैठक सम्पन्न

**बगहा/भितहा :** दशहरा पर्व को लेकर थाना परिसर में थानाध्यक्ष शाहिद अंसारी की अध्यक्षता और बीडियो मनोज कुमार पंडित के उपस्थिति में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमें उपस्थित लोगों को निर्देशित करते हुए दशहरा पर्व को लेकर सरकार द्वारा जारी गाइडलाइंस के एक एक बिंदु को बारी बारी से पढ़कर बताया गया। तथा, सभी लोगों से अपील किया गया कि आपसी भाईचारा और सौहार्द से मिलजुलकर इस पर्व को मनावे। बीडीओ श्री पंडित ने कहा कि सरकार द्वारा जारी गाइडलाइंस का पालन करते हुए सबसे बेहतर पंडाल का व्यवस्था करेगा उसमे से तीन पुजा समितियो को प्रथम, द्वितीय ,और तृतीय स्थान देकर सम्मानित किया जायेगा। मौके पर जिला पार्षद प्रतिनिधि सुशील शर्मा, मुखिया रामाधार यादव, संजय यादव, भोला साह, मुखिया प्रतिनिधि प्रदीप गुप्ता, मजहर आलम, जदयू प्रखंड अध्यक्ष विभव राय सहीत अन्य उपस्थित रहे।

### जिला से आई टीम ने किया पीएचसी का औचक निरीक्षण

**बगहा/मधुबनी :** प्रखंड अंतर्गत दहवा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का आरबीएसके के जिला कोऑर्डिनेटर नीरज मिश्रा व जिला क्वालिटी इंश्योरेंस अधिकारी आलोक कुमार ने संयुक्त रूप से सभी महत्वपूर्ण पंजी का जांच कर संतुष्टि जाहिर किया। समय-समय पर जीवन रक्षक दवाओं का मांग पत्र जिला को भेजने का निर्देश दिया। जिला से आई टीम में शामिल आर बायस के जिला को ऑर्डिनेटर नीरज मिश्रा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर दहवा सीएचसी का जांच किया गया है। प्रभारी चिकित्सक आनंद कुमार को समय-समय पर जीवन रक्षक दवाओं की मांग पत्र जिला को भेजना के लिए निर्देशित किया गया है। मौके पर आरबीएसके के डॉ नासिर हुसैन, स्वास्थ्य प्रबंधक हीरामन चौधरी डाटा ऑपरेटर अभिषेक कुमार, राजू वर्मा खुशबू कुमारी सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

## एनपीएस कनिहार विधालय की स्थिति बद्तर, शिक्षक दो विधार्थी आठ

**राष्ट्रीय खबर**



**सुगौली, पू. च :** नवसृजित प्राथमिक विद्यालय कनिहार की स्थिति पढाई के मामले में ढाक के तीन पात के समान साबित हो रहा है। शिक्षा विभाग और विभाग के अधिकारी केके पाठक के शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए चलाए जा रहे अभियान की पोल खोलता है। प्रखंड का नवसृजित प्राथमिक विद्यालय कनिहार का भवन जरुरत लायक है। विधालय में दो शिक्षक भी पदस्थापित है। वर्ग 1 से 5 तक चलने वाले इस विधालय में प्रधानाध्यापक सुमंत कुमार भारती और सहायक शिक्षिका नफीसा प्रवीण है। तथा कुल 35 छात्र नामांकित है। विधालय में उपस्थित शिक्षिका नफीसा प्रवीण ने मंगलवार को बताया कि प्रधानाध्यापक सुमंत कुमार भारती ट्रेनिंग में गये हुए है। विधालय में उपस्थिति के नाम पर वर्ग 1 से पांचवे क्लास में कुल 8 छात्र उपस्थित थे। शिक्षिका ने बताया कि एक दिन पहले सोमवार को 35 में 21 छात्र उपस्थित थे। विधालय में मध्यान भोजन बंद था। जिसके बारे में उपस्थित शिक्षिका ने बताया कि रसोईया छुट्टी पर है जिसके कारण मध्यान भोजन बंद है। विधालय में नीचे दो और उपर एक सहित कुल तीन कमरे है जिसमें दो कमरे बंद पाए गए। साथ हीं विधालय भवन पर विधालय का नाम भी अंकित नही था। विद्यालय भवन की रंगाई तो हुई दिखी पर कमरों की खिड़की दरवाजे की रंगाई नही की गई थी।विधालय परिसर में पुराने शौचालय में पुरा घास-फूस भर गया है । दूसरे चालू शौचालय की स्थिति संतोषजनक नही थी वही बगल में लंबे समय से अर्ध निर्मित किचन सेट के बारे में उन्होंने बताया कि पिछले समय में पदस्थापित प्रधानाध्यापिका बबीता देवी के समय में बना और तब से अधूरा रह गया। विधालय परिसर में आगे उपजे घास-फूस विधालय की साफ-सफाई की स्थिति दशार्ता है। विधालय में उपस्थित मात्र आठ छात्रों में एक भी स्कूल ड्रेस में नहीं थे और ना ही किसी के पास जरूर की किताबें थी। शिक्षिका ने बताया कि पिछले महीने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने विद्यालय का निरीक्षण भी किया था। फिर भी विधालय की स्थिति बद्तर बनी हुई है।

## होमगार्ड दक्षता परीक्षा के तीसरे दिन 350 अभ्यर्थियों ने लगाई दौड़



**राष्ट्रीय खबर**

**बगहा :** होमगार्ड दक्षता परीक्षा के तीसरे दिन भी अभ्यर्थियों ने दौड़ लगाई। साथ हीं उची कुद व लंबी कुद के साथ गोला फेंकने में भी अभ्यर्थियों द्वारा जोर आजमाइश की गई। होमगार्ड के जिला समादेष्टा अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि दक्षता परीक्षा के तीसरे दिन 1173 अभ्यर्थियों को दौड़ हेतु बुलाया गया था। लेकिन 350 अभ्यर्थियों ने ही दौड़ में सम्मिलित होकर दौड़ लगाई। जिसमें 79 अभ्यर्थी तय समय सीमा के अंदर सफलतापूर्वक दौड़ की परीक्षा पास कर ली। समाचार प्रेषण तक दौड़ में सफल अभ्यर्थियों के ऊंची एवं लंबी कूद प्रक्रिया जारी थी। उन्होंने बताया कि दौड़ परीक्षा में 15 महिलाओं ने भी हिस्सा लिया था। जिसमें 10 महिला अभ्यर्थियों ने सफलता प्राप्त की हैं। उन्होंने बताया कि बुधवार को प्रखंड बगहा एक के अभ्यर्थियों को दौड़ के लिए बुलाया गया है। दक्षता परीक्षा में किसी प्रकार की अनियमितता नहीं हो एवं परीक्षा पूरी तरह से पारदर्शी हो इसको लेकर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी की बबुई टोला खेल में तैनाती हुई थी।

## जिला प्रशासन द्वारा जनसंवाद कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**कार्यक्रम में विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई**

**राष्ट्रीय खबर**



**मुजफ्फरपुरः** जिले के कांटी प्रखंड के मणि फुलकाहां पंचायत परिसर मे बि जिला प्रशासन द्वारा जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय विधायक सह सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री इसराइल मंसूरी ,एसडीओ पश्चिमी श्री बृजेश कुमार, प्रखंड प्रमुख श्री कृपा शंकर शाही, प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री आनंद कुमार विभुति, मुखिया श्री ज्ञान कौशिक , श्री सुदर्शन मिश्रा तथा अन्य माननीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर सदस्य जिला परिषद माननीय मुखिया उप मुखिया, सरपंच,अन्य माननीय जनप्रतिनिधि, प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, जिला दिव्यांगजन संघ सचिव श्री शांति मुकूल शर्मा तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।कार्यक्रम में उपस्थित माननीय मंत्री श्री इसराइल मंसूरी ने सरकार द्वारा चलाए जा रहे जनसंवाद कार्यक्रम की तारीफ करते हुए कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी स्वयं जिला प्रशासन के द्वारा पंचायत में जाकर लोगों को देना लोगों को जागरूक करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों द्वारा योजनाओं के बारे में दी जा रही जानकारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। अतः आप जागरूक हो इन योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि सरकार के महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी समाज की अंतिम पायदान पर बैठे लोगों तक पहुंचने का प्रशासन का यह प्रयास काबिले तारीफ है। जनसंवाद कार्यक्रम में सरकार की महत्वपूर्ण विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों के द्वारा दी गई। स्वयं अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा महत्वपूर्ण योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपस्थित जन समुदाय को दी गई। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में बिहार ने अद्भुत मिसाल पेश किया है। बिहार सरकार के शानदार आरक्षण नीति के वजह से आज हर क्षेत्र में महिलाओं को पूरा सम्मान मिल रहा है।जन संवाद कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के काउंटर लगाए गए थे। माननीय विधायक ने सभी काउंटर का निरीक्षण भी किया।आम लोगों से विभागवारआवेदन भी लिए गए।कार्यक्रम में विभिन्न जीविका दीदियों के द्वारा आम लोगों को संबोधित करते हुए स्वयं सहायता समूह के माध्यम से आर्थिक उन्नति के अनुभव को भी साझा किया गया वहीं कार्यक्रम में माननीय मंत्री एवं एसडीओ द्वारा लाभुक को आवास, पेंशन,का पर्चा दिया गया।

## सौहार्द पूर्ण वातावरण मे दुर्गा पूजा सम्पन्न कराने का लोगों ने लिया संकल्प

**धरहरा / मुंगेर :** थाना प्रांगण में रविवार को शांति एवं सौहार्द पूर्ण माहौल में शारदीय नवरात्र संपन्न करवाने को लेकर पूजा समिुति एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। शांति समिति की बैठक में धरहरा थानाध्यक्ष रोहित कुमार सिंह, एसआई राजीव कुमार, एसआई आराधना कुमारी, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि ललन यादव, अमित सिंह , साजू सिंह, राकेश पटेल, कुंदन सिंह निकुंभ, पंकज सिंह, मिलन पटेल, कैलाश मिश्रा, पुवेंन्दू नारायण सिंह सहित थाना क्षेत्र के सभी सातों पूजा समिति के सदस्य मुख्य रूप से मौजूद थे । थानाध्यक्ष ने कहा कि जिला प्रशासन के दिशा-निर्देश पर सभी पूजा समिति अपने - अपने पूजा स्थलो पर सीसीटीवी कैमरा लगाए, श्रद्धालुओं के सहयोग एवं सुरक्षा हेतु ज्यादा से ज्यादा मेला समिति सदस्य बनाए तथा निर्धारित समय पर दुर्गा प्रतिमा विसर्जन करने व बिजली एवं शुद्ध पेय जल की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होने समिति से कहा कि पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर शांति एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से पूजा संपन्न करवाने में सहयोग प्रदान करें। पूजा के दौरान नशेबाजों, अशांति फैलाने वाले उपद्रवी तत्वों के उपर पुलिस की विशेष नजर रहेगी। उन्होंने बताया कि पुलिस सादी वर्दी में मेला स्थल एवं मुख्य मार्गो में औउपस्थित रह कर निगरानी करेगी।

# अधिवक्ता से मारपीट पर कोर्ट ने लिया संज्ञान, पूर्व एसडीपीओ व एसआई को जाएगा सम्मन

**कोर्ट में पहुंचने के चार साल बाद शुरू हुई न्यायिक कार्रवाई**

**राष्ट्रीय खबर**



**बगहा :** मार्च 2019 में बगहा व्यवहार न्यायालय के एक अधिवक्ता के साथ बगहा के तत्कालीन एसडीपीओ व वाल्मीकि नगर थानाध्यक्ष द्वारा गलत इरादे से दुर्व्यवहार व मुकदमा करना अब भारी पड़ रहा है। करीब चार वर्षों के बाद न्यायालय दोनों को नोटिस भेजने के प्रक्रिया में है। बगहा के पूर्व एसडीपीओ संजीव कुमार व वाल्मीकिनगर थाना के पूर्व थानाध्यक्ष जयप्रकाश सिंह पर कार्रवाई करने को लेकर कोर्ट ने एक मामले में संज्ञान लिया है। शीघ्र ही इस मामले में दोनो अधिकारियो पर सम्मन भेजा जाएगा, इसकी कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। इस आशय की जानकारी देते हुए वरीय अधिवक्ता रतनेन्द्र नाथ तिवारी ने बताया कि मामला व्यवहार न्यायालय बगहा के अधिवक्ता दिनकर कुमार शर्मा के साथ मारपीट करने व फर्जी तरीके से मामला बना कोर्ट में पेश करने का है। श्री तिवारी ने बताया कि अधिवक्ता दिनकर ने नरैनापुर चौक पर पुलिस को एक ग्रामीण को मारते देखा। मारने का कारण जानने के लिए वहां पहुंच कारण पूछा तो एसडीपीओ ने श्री दिनकर को पीटा व हाजत में बंद कर दिया। इतना ही नहीं उनसे किसी को मिलने भी नहीं दिया गया और हाजत में भी उनके साथ और अमानवीय व्यवहार किया गया। जिसकी बाद न्याय के लिए परिवाद एसीजेएम के यहां दायर किया गया था।

# नौ दिसंबर को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार-प्रसार करने का सचिव ने दिया निर्देश

**विभिन्न विभागों के पदाधिकारी के साथ सचिव ने बैठक कर किया मंथन**

**राष्ट्रीय खबर**


**मुंगेर :** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, मुंगेर के तत्वाधान में ए.डी.आर भवन, मुंगेर परिसर में अगामी 09 दिसम्बर को पूर्वाहन 10:30 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। इस संबंध में मंगलवार को सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, मुंगेर के प्रकोष्ठ में जिला दूर संचार पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, श्रम अधीक्षक तथा जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी, मुंगेर के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुक्तेश मनोहर, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, मुंगेर द्वारा किया गया। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को अपने विभागों से संबंधित अधिक से अधिक सुलहनीय वादों में नोटिस निर्गत करने का निर्देश दिया गया, जिससे कि 09 दिसम्बर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निष्पादन किया जा सके। बैठक में आये जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी के प्रतिनिधि को दिनांक 9 दिसम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार-प्रसार इलेक्ट्रोनिक एवं प्रिन्ट मीडिया के माध्यम से करने का निर्देश दिया ताकि अधिक से अधिक लोग जागरूक हो सके। राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक शमीनय वाद, धारा 138 एनआईएसीटी के अंतर्गत वाद, बैंक ऋण वसूली वाद, मोटर दुर्घटना न्यायाधिकरण एमएसीटी वाद, श्रम वाद, बिजली एवं पानी बिल से संबंधित विवाद (गैर शमनीय मामलों को छोड़कर), वैवाहिक विवाद, भू-अधिग्रहण वाद, सेवा, (वेतन, भत्ता एवं सेवा निवृत्त लाभ से संबंधित) मामलों, राजस्व के मामले, अन्य दिवानी वाद, (किराया सुखाधिकारी निषेधात्रा, इनजंक्शन शूट्स, स्पेसिफिक परफॉरमेंस वाद) का सुलह-समझौते के आधार पर निपटारा किया जाएगा। सचिव, विधिक सेवा प्राधिकार ने आमजनों से अपील करते हुए कहा कि वे इस मौके पर अधिक से अधिक लाभ उठाएं और आपसी सुलह से अपने पुराने से पुराने वादों का निष्पादन करें।लोक अदालत में मामलों के निष्पादन के फायदों की जानकारी देते हुए सचिव ने बताया कि लोक अदालत में परस्पर वार्ता के आधार पर मामलों का तुरंत निष्पादन किया जाता है। लोक अदालत द्वारा पारित अवार्ड को सिविल कोर्ट की डिग्री की तरह कानूनी मान्यता है। अगर कोई न्याय शुल्क दिया गया हो तो निस्तारण के उपरांत उसे वापस कर दिया जाता है। लोक अदालत में मामलों के निस्तारण के उपरांत दोनों पक्ष आपसी सहमति से मामले का समाधान कर लेते हैं, इस लिए किसी पक्ष की हार या जीत नहीं होती, दोनों पक्षों के बीच सौहार्द बना रहता है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत द्वारा अपने मामले का परस्पर वार्ता के आधार पर निष्पादन के इच्छुक व्यक्ति सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, मुंगेर, लीगल एंड क्लिनिक, सिविल कोर्ट के समीप, संबंधित न्यायालय/न्यायाधिकरण जहां मामला लंबित है, संबंधित विभाग/बैंक/ इंश्योरेंस कंपनी/बिजली विभाग इत्यादि से संपर्क किया जा सकता है।



संपादकीय

# जीएसटी में पूर्ण सुधार की जरूरत अब स्पष्ट है

जीएसटी परिषद धीरे धीरे अपने पूर्व फैसलों में सुधार कर रही है। इससे साफ है कि उस परिषद में मौजूद लोगों को भी धीरे धीरे उन बातों का एहसास हो रहा है, जिनकी वजह से भारत के छोटे कारोबारियों का व्यापार मंदा पड़ा है। इस बारे में पहले भी कई स्तरों पर सरकार को आगाह किया गया था, लेकिन उस वक्त सरकार की सोच यह थी कि अगर फैसला हो चुका है तो वह सही है और उसे नहीं बदला जाएगा। कुछ ऐसा ही तेवर सरकार ने किसान आंदोलन के वक्त भी दिखाया था लेकिन बाद में सब कुछ साफ हो गया। सिर्फ मोदी सरकार यह नहीं बता पायी कि तीनों कृषि कानून आने के पहले ही अडाणी के गोदाम क्यों बन गये थे। इस पर भाजपा का कोई भी अब चर्चा तक नहीं करना चाहता। अब फिर से जीएसटी का मसला सामने है। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद ने पिछले शनिवार को लगभग एक दर्जन कर उपचार अस्पष्टताओं पर से धुंध हटा दी, जिनमें से कुछ जुलाई 2017 में अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था के लॉन्च के बाद से बनी हुई हैं, जैसे कि




बैंक ऋण के लिए कॉर्पोरेट और व्यक्तिगत गारंटी पर कर। पशु आहार की लागत कम करने और चीनी मिलों के लिए नकदी प्रवाह को आसान बनाने के उद्देश्य से, इसने गुड़ पर जीएसटी को 28 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया, ताकि वे किसानों का बकाया तेजी से भुगतान कर सकें। दर में बदलाव और स्प्रिंग-क्लीनिंग स्पष्टीकरणों के अलावा, महत्वपूर्ण परिणामों में से एक अल्कोहलिक शराब के लिए उपयोग किए जाने वाले अतिरिक्त तटस्थ अल्कोहल (ईएनए) पर कर लगाने की परिषद की शक्ति का प्रयोग नहीं करने का निर्णय था। मानव उपभोग के लिए अल्कोहल अभी भी जीएसटी के दायरे से बाहर है, ईएनए या उच्च शक्ति वाली पीने योग्य अल्कोहल - एक प्रमुख घटक - पर अप्रत्यक्ष कर लेवी को अंतिम उत्पाद पर राज्य लेवी के विरुद्ध समायोजित नहीं किया जा सकता है। उद्योग वर्षों से इस जटिल मुद्दे पर स्पष्टता की मांग कर रहा था, जिसमें अदालतें अलग-अलग रुख अपना रही थीं। यह खुशी की बात है कि परिषद, जो 2022 में सिर्फ दो बार मिली थी, इस साल चार बार मिल चुकी है, और केवल चार महीनों में तीन बार मिल चुकी है, भले ही कुछ एजेंडा आइटम हाल के फैसलों में विसंगतियों को ठीक करने से संबंधित हों। लंबे समय से प्रतीक्षित जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरणों के अध्यक्ष और सदस्यों के लिए आयु मानदंड अब अन्य न्यायाधिकरणों के साथ सुसंगत हो गए हैं - एक स्पष्ट रूप से टालने योग्य निरीक्षण - एक उम्मीद है कि वे जल्द ही चालू हो जाएंगे। उपभोक्ताओं और उत्पादकों के लिए, हालांकि, चिंता का सबसे बड़ा विषय भविष्य की तारीख में विशेष रूप से चर्चा करने के लिए परिषद का संकल्प होना चाहिए, जिसे वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जीएसटी मुआवजा उपकर पर परिप्रेक्ष्य योजना कहा है और इसे किस प्रकार के अधिभार से बदला जा सकता है। साथ। मूल रूप से जीएसटी के पहले पांच वर्षों के लिए राज्यों को राजस्व घाटे की भरपाई के लिए अच्छे और सरल कर के शीर्ष पर एक समयबद्ध लेवी के रूप में पैक किया गया था, कर संग्रह पर सीओवीआईडी -19 महामारी की मार ने लगाए गए उपकर का विस्तार शुरू कर दिया था। मार्च 2026 तक वातित पेय, तम्बाकू उत्पाद और ऑटोमोबाइल जैसे तथाकथित अवगुण सामान। कुछ पाप के सामानों को हतोत्साहित करना वांछनीय हो सकता है। हालाँकि, नया उपकर अलग से नहीं लगाया जाना चाहिए, बल्कि जीएसटी की जटिल बहु-दर संरचना के व्यापक युक्तिकरण के एक भाग के रूप में किया जाना चाहिए। दो साल पहले शुरू की गई वह युक्तिसंगत प्रक्रिया, दुर्भाग्य से हाल के दिनों में मजबूत राजस्व प्रवाह के बावजूद अभी भी बंद है। बार-बार होने वाली परेशानियों को छोड़कर, जीएसटी व्यवस्था में एक समग्र सुधार योजना की आवश्यकता है, जिसमें बिजली, पेट्रोलियम और शराब जैसी वस्तुओं को बाहर करने के लिए एक रोड मैप भी शामिल है। इनमें खासकर पेट्रोल का मुद्दा प्रारंभ से ही उलझा हुआ है जबकि नरेंद्र मोदी देश की जनता के लिए हर स्तर पर प्रयासरत होने का दावा तो करते हैं पर पेट्रोल के दाम कम करने का फैसला नहीं ले पा रहे हैं। ठीक उसी तरह वह मणिपुर की हिंसा पर भी चुप्पी साधे हुए हैं, जो अब चुनावी माहौल में उनके लिए भारी पड़ता जा रहा है। देश की जनता आंख बंद कर किसी का समर्थन लगातार नहीं करती, इस बात को मोदी खुद क्यों नहीं समझ पा रहे हैं, यह अचरज का विषय है। इससे एक नहीं कई किस्म के संदेह भी पैदा होते हैं, जिनमें यह प्रमुख है कि परिषद के सभी लोग जानकार हैं, फिर भी वे त्वरित फैसला किस दबाव में नहीं ले पा रहे हैं।

# इस नवरात्रि पर तीनों गुणों से पार हो जाएं

नवरात्रि के नौ दिन आनंद लेने और तीन मौलिक गुणों,जिनसे ब्रह्माण्ड का निर्माण हुआ है, से पार हो जाने का अद्भुत अवसर है।यद्यपि, हमारे जीवन में तीन गुण प्रधान हैं, लेकिन हम कभी ना इन पर ध्यान देते हैं और ना ही इन पर मनन करते हैं।

इन तीन मौलिक गुणों को शक्ति या इस सृष्टि में मातृत्व शक्ति का अंश माना गया है।जब हम नवरात्रि में मां शक्ति की पूजा करते हैं, तब हम इन तीन गुणों में सामंजस्य की स्थापना करते हैं और वातावरण में सत्व गुण को बढ़ाते हैं। नवरात्रि के पहले तीन दिन तमोगुण को समर्पित होते हैं, जो अस्तित्व का गहरा, घना और भारी पक्ष है। अगले तीन दिन रजोगुण को समर्पित होते हैं, जो क्रियाशीलता या बेचैनी को दर्शाते हैं। और अंतिम तीन दिन सतोगुण या शुद्धि को समर्पित होते हैं। हमारी चेतना तमोगुण और रजोगुण से होती हुई अंतिम तीन दिनों में सतोगुण में खिल जाती है। हम इन नौ दिन और नौ रातों में उपवास, प्रार्थना, मौन और ध्यान के द्वारा अपने वास्तविक स्रोत तक पहुंचते हैं, जो प्रेम, आनंद और शांति है। जब भी जीवन में सतोगुण प्रभावी होता है, विजय निश्चित रूप से होती है। दसवें दिन इस ज्ञान के सार का सम्मान करते हुए विजयादशमी का उत्सव मनाया जाता है।



गुरुदेव श्री श्री रविशंकर
स्तंभकार

इन नौ दिनों में देवी मां के तीन रूपों की पूजा के द्वारा हम तीनों गुणों से पार हो जाते हैं। सबसे पहले देवी दुर्गा का आह्वान किया जाता है, जिनकी प्रार्थना से मन की अशुद्धियां मिट जाती हैं। इस प्रकार से हम मन की प्रवृत्तियों, जैसे-राग, द्वेष,अहंकार और लालच पर विजय प्राप्त करने लगते हैं।जब हम इन नकारात्मक प्रवृत्तियों पर विजय प्राप्त कर लेते हैं, तब हम अपने में सकारात्मक गुणों को पोषित और दृढ़ बनाते हुए आध्यात्म के पथ पर आगे बढ़ते हैं। अपने हृदय और मन में इन आदर्श मूल्यों और गुणों को पोषित करने के लिए मां लक्ष्मी से




प्रार्थना की जाती है। और अंतिम तीन दिनों में, जब सतोगुण उच्च स्तर पर होता है, तब आत्मा का सर्वोच्च ज्ञान प्राप्त करने के लिए, मां सरस्वती की विविध रूपों में पूजा की जाती है।

**अर्पण के द्वारा कृतज्ञता की अभिव्यक्ति**

इन पवित्र दिनों में देवी मां को फूल और फल अर्पित किए जाते हैं, लेकिन फूल वास्तव में इस बात का प्रतीक हैं कि मनुष्य की चेतना खिली हुई है। हम कौन हैं- हम पूर्ण, आकर्षक,बहुत हल्के और सुंदर हैं। फल पूर्णता का प्रतीक हैं। एक पौधे के जीवन चक्र में, फल पूर्णता को दशार्ते हैं। जब हम देवी मां को पूर्ण कृतज्ञता के साथ प्रसाद के रूप में फल अर्पित करते हैं, तब हमें पूर्णता का अनुभव होता है। हम दीया भी जलाते हैं। भारतीय परम्परा में हम लंबे पीतल के दीये जलाते हैं, जिनके ऊपर हंस बना होता है। इसका बहुत सुन्दर अर्थ है।एक संस्कृत श्लोक के अनुसार, हंस को 'नीराक्शिराविवेक' का वरदान प्राप्त है।इसका अर्थ है कि यदि दूध और पानी को मिला दिया जाए, तब भी हंस उन्हें अलग कर-के पी सकता है।

**यज्ञों का सौंदर्य**

इन नौ दिनों में यज्ञों के दौरान प्राचीन संस्कृत मंत्रों का उच्चारण किया जाता है, जो चेतना का शुद्धिकरण और उत्थान करते हैं। इस मंत्रोच्चारण में हम मंत्रों की तरंगों से एकाकार हो जाते हैं।मंत्रों का अर्थ शब्दों से कहीं अधिक है।नवरात्रि में होने वाले यज्ञों में हो रहे संस्कृत मंत्रोच्चारण को पूर्ण रूप से समझने के बजाय हमें मंत्रोच्चारण द्वारा निर्मित ध्यानस्थ,सकारात्मक और शुभ वातावरण में डूब जाना चाहिए। जब यज्ञों को बहुत शुद्धता और भक्ति के साथ किया जाता है, तब सभी को सांसारिक दुख और पीड़ा से मुक्ति मिल जाती है एवं शांति, शक्ति, समृद्धि, सफलता और श्रद्धा की प्राप्ति होती है। जो अपनेआप में सर्वश्रेष्ठ आशीर्वाद है।

नौवें दिन हम यज्ञ में अर्पण के द्वारा उस सबकुछ का सम्मान करते हैं, जो हमें प्राप्त हुआ है। चाहे वह बड़ी से बड़ी उपलब्धि हो या फिर कोई छोटी सी चीज ही क्यों ना हो। संपूर्ण सृष्टि सजीव हो उठती है और हम हर चीज में देवी मां की तरंग को देखने लगते हैं। बिल्कुल वैसे ही, जैसे कि एक बच्चा हर चीज में जीवन को देखता है। देवी मां या परम शुद्ध चेतना जो सर्वव्यापी है, समस्त सृष्टि पर अपने आशीर्वाद की वर्षा करती हैं।

हर रूप और हर नाम में एक ही दिव्यता को देखना ही नवरात्रि का उत्सव मनाना है। दसवां दिन विजयादशमी या विजय का दिवस है। यह विजय का सम्मान करने का दिन है।

यह बुराई पर अच्छाई की विजय का दिवस है, लेकिन यह दृष्टिकोण सीमित है। वेदांत के दृष्टिकोण से ,यह द्वैत पर वास्तविकता की विजय है। महर्षि अष्टावक्र ने कहा है, ₹ यह एक मासूम सी लहर है, जो अपनेआप को सागर से अलग समझती है। लेकिन, अलग हो नहीं पाती है।

# योग्य गुरु की तलाश


प्रेरक- प्रसंग

किसी समय में एक राजा हुआ करता था। एक दिन उस राजा के दिमाग में आया की एक योग्य गुरु की तलाश किया जाए। राजा ने राज्य में घोषणा करवा दिया की, जिसका भी आश्रम सबसे बड़ा होगा, राजा उसे अपना गुरु स्वीकार कर लेगा।

फीर क्या था घोषणा सभी तरफ आग की तरह फैल गयी और देखते ही देखते अनेक सन्देश आने लगे की मेरा आश्रम बड़ा है मेरा आश्रम बड़ा है। और अगले दिन सभी अपने-अपने आश्रम का नक्शा लेकर राजमहल राजा के पास पहुंच गए।

सभी ने राजा के सामने अपनी प्रस्ताव रखी, राजा भी एक-एक करके सबकी बात सुनता गया। फीर अंत में एक तेजस्वी साधु बाबा की बारी आयी।

राजा ने उस तेजस्वी बाबा से पूछा की आपने



तो बताया ही नहीं की आपका आश्रम कितना बड़ा है। सन्यासी बाबा ने कहा- राजन, मै यहाँ पर कुछ नहीं बताऊंगा। आप मेरे साथ स्वयं जंगल चल सकते हैं, वहां मै आपको मेरा आश्रम दिखा दूंगा।

राजा साधु की बात पर राजी हो गया, और जंगल जाने को तैयार हो गया। फीर राजा और साधु जंगल पहुचें, जंगल पहुंच कर साधु एक वृक्ष के नीचे आसन बिछा कर बैठ गया। राजा ने सवाल किया की सन्यासी महाराज कहाँ है आपका आश्रम।

साधु बाबा ने कहा -हे राजन, ऊपर आकाश, नीचे धरती और बीच में ये सारा संसार, यही है मेरा आश्रम। अगर आपके पास कोई मापने का वस्तु या यंत्र हो तो माप लो की मेरा आश्रम कितना बड़ा है।

राजा ने इस बात को सुनकर तुरंत उस तपस्वी बाबा को अपना गुरु मान लिया।

कहानी का तात्पर्य यह है कि चाहे सीमा धर्म की हो या आश्रम की हो। जो सीमा में बंध जाता है, उसकी सोंच और दृश्टिकोण भी एक सीमा तक सिमित हो जाती है।

हमें ये जानना बहुत जरुरी है की हमारी ज्ञान और बुद्धि की सीमा सिमित नहीं होनी चाहिए। इसमें असीमितता की बात होनी चाहिए, हमेसा अपनी सोंच को उच्च और साफ सुथरा रखें।

आस्था

# अंत:शुद्धि का महापर्व है नवरात्रि

नवरात्रि हिन्दू धर्म के लोगो द्वारा मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण त्यौहार है। यह त्यौहार असत्य पर सत्य की जीत को दशार्ता है। हिन्दू मान्यताओं के अनुसार नवरात्रि साल में दो बार मनाया जाता है। हिंदी महीनो के मुताबिक पहला नवरात्रि चैत्र महीने में मनाया जाता है और दूसरी बार अश्विन महीने में मनाया जाता है। नवरात्रि नौ दिनों तक निरंतर चलता है जिसमे देवी माँ के अलग अलग स्वरूपों की लोग भक्ति और निष्ठा के साथ पूजा करते है। भारत में नवरात्रि अलग अलग राज्यों में विभिन्न तरीको और विधियों के संग मनाई जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इन्हीं नौ दिनों में मां दुर्गा धरती पर आती है। उनके आने की खुशी में इन दिनों को दुर्गा उत्सव के तौर पर देशभर में धूमधाम से मनाया जाता हैं।



रमेश सर्राफ धमोरा
स्वतंत्र पत्रकार

**नवरात्रि एक संस्कृत शब्द है जिसका अर्थ होता है नौ रातें। इन नौ रातों और दस दिनों के दौरान शक्ति- देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है। दसवां दिन दशहरा के नाम से प्रसिद्ध है।**

नवरात्रि एक संस्कृत शब्द है जिसका अर्थ होता है नौ रातें। इन नौ रातों और दस दिनों के दौरान शक्ति- देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है। दसवां दिन दशहरा के नाम से प्रसिद्ध है। नवरात्रि एक हिंदू पर्व है। नवरात्रि वर्ष में चार बार आता है। चैत्र, आषाढ़, अश्विन, पौष प्रतिपदा से नवमी तक मनाया जाता है। नवरात्रि के नौ रातों में तीन देवियों महालक्ष्मी, सरस्वती और दुर्गा के नौ स्वरुपों की पूजा होती है जिन्हें नवदुर्गा कहते हैं। दुर्गा का मतलब जीवन के दुख को हटानेवाली होता है। नवरात्रि एक महत्वपूर्ण प्रमुख त्योहार है जिसे पूरे भारत में पूरे उत्साह के साथ मनाया जाता है।


नवरात्रि से हमें अधर्म पर धर्म और बुराई पर अच्छाई के जीत की सीख मिलती हैं। यह हमें बताती है की इंसान अपने अंदर की मूलभूत अच्छाइयों से नकारात्मकता पर विजय प्राप्ती और स्वयं के अलौकिक स्वरूप से साक्षात्कार कैसे कर सकता है। भारतीय जन-जीवन में धर्म की महत्ता अपरम्पार है। यह भारत की गंगा-जमुना तहजीब का ही नतीजा है कि सब धर्मों को मानने वाले लोग अपने-अपने धर्म को मानते हुए इस देश में भाईचारे की भावना के साथ सदियों से एक साथ रहते चले आ रहे हैं। यही कारण है की पूरे विश्व में भारत की धर्म व संस्कृति सर्वोतम मानी गयी है। विभिन्न धर्मों के साथ जुड़े कई पर्व भी है जिसे भारत के कोने कोने में श्रध्दा, भक्ति और धूमधाम से मनाया जाता है। उन्ही में से एक है नवरात्रि।

नवरात्रि पर्व के नौ दिनों के दौरान आदिशक्ति जगदम्बा के नौ विभिन्न रूपों की आराधना की जाती है। ये नौ दिन वर्ष के सर्वाधिक पवित्र दिवस माने गए हैं। इन नो दिनों का भारतीय धर्म एवं दर्शन में ऐतिहासिक महत्व है और इन्हीं दिनों में बहुत सी दिव्य घटनाओं के घटने की जानकारी हिन्दू पौराणिक ग्रन्थों में मिलती है। माता के इन नौ रूपों को नवदुर्गा के नाम से भी जाना जाता है जो इस प्रकार हैं -शैलपुत्री, ब्रह्माचारिणी, चन्द्रघन्टा, कूष्माण्डा, स्कन्द माता, कात्यायिनी, कालरात्रि, महागौरी और सिध्दिदात्री।

वसन्त की शुरूआत और शरद ऋतु की शुरूआत, जलवायु और सूरज के प्रभावों का महत्वपूर्ण संगम माना जाता है। इन दो समय मां दुर्गा की पूजा के लिए पवित्र अवसर माने जाते है। त्योहार की तिथियां चन्द्र कैलेंडर के अनुसार निर्धारित होती हैं। यह पूजा वैदिक युग से पहले प्रागैतिहासिक काल से है।

जानकारी

# गणपति पुले से रत्नागिरी



यह शहर मुख्य रूप से भगवान गणपति के बहुत पुराने मंदिर के लिए जाना जाता है जो गणपतिपुले का प्रमुख आकर्षण है। गणपतिपुले महाराष्ट्र में कोंकण तट के सबसे शानदार समुद्र तटों में से एक है। गणपतिपुले में समुद्र तटों और गणपति मंदिर के अलावा कई अन्य पर्यटन स्थल भी हैं। गणपतिपुले से लगभग 2 किमी दूर मालगुंड प्रसिद्ध मराठा कवि केशवसुत का जन्मस्थान है और इसमें महान कवि का एक स्मारक है। जयगढ़ किला, प्राचीन कोंकण संग्रहालय, अरे वेयर बीच, गुहागर बीच और वेलनेश्वर गणपतिपुले के पास अन्य आकर्षण हैं।

गणपतिपुले में कई रिसॉर्ट और होटल हैं। राज्य के स्वामित्व वाली टळऊ समुद्र तट के पास एक हॉलिडे रिसॉर्ट भी चलाती है।

गणपति पुले से रत्नागिरी राजमार्ग एक सुंदर मार्ग होने के साथ ही महाराष्ट्र के कोंकण क्षेत्र में दो लोकप्रिय पर्यटन स्थलों को जोड़ने का काम करता है। गणपति पुले एक छोटा सा शहर है, जो ज्ञान और बुद्धि के देवता भगवान गणेश के प्राचीन मंदिर के लिए फेमस है। यह शहर अपने ऐतिहासिक किलों, समुद्र तटों और आमों के लिए जाना जाता है। इन दोनों स्थानों की बीच की दूरी 26 किमी है। घुमावदार सड़कें, हरी-भरी पहाड़ियां और सुरम्य गांवों से होकर यह रास्ता गुजरता है।

## 10 हजार तक सस्ते में खरीदें iPhone 15, Mac, iPad और Airpod

नई दिल्ली: Apple ने आज से अपनी वार्षिक फेस्टिवल सीजन सेल की भारत में शुरूआत कर दी है, जिसमें iPhone, iPad, Mac, AirPod आदि समेत अन्य डिवाइसेज पर डिस्काउंट भारी दिया जा रहा है। ग्राहक सेल में खरीदारी करने पर शानदार बैंक ऑफर का लाभ पा सकते हैं। सेल में कीमत कम करने के लिए पुराने डिवाइसेज एक्सचेंज में देकर अतिरिक्त लाभ भी पा सकते हैं। यहां हम आपको एप्पल की सेल में मिलने वाले डिस्काउंट के बारे में विस्तार से बता रहे हैं।



**बैंक ऑफर**

सेल का सबसे बड़ा ऑफर HDFC Bank क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करके विभिन्न डिवाइसेज पर 10 हजार रुपये तक इंस्टेंट डिस्काउंट है। ग्राहक iPhone 15 Pro और Pro Max पर 6,000 रुपये, iPhone 15 और 15 Plus पर 5,000 रुपये और iPhone 14 और iPhone 14 Plus पर 4,000 रुपये तक डिस्काउंट पा सकते हैं। पुरानी जनरेशन वाले आईफोन्स जैसे कि iPhone 13 और iPhone SE (थर्ड जनरेशन) पर भी डिस्काउंट मिल रहा है।

**ट्रेड-इन ऑफर**

सेल के दौरान शानदार ट्रेड-इन ऑफर भी उपलब्ध हैं, ट्रेड-इन डिवाइस का लाभ मॉडल के आधार पर अलग-अलग होता है। जैसे कि Apple पिछले साल के फ्लैगशिप iPhone 14 Pro Max के लिए 67,800 रुपये तक ट्रेड-इन वैल्यू प्रदान कर रहा है, वहीं iPhone 13 पर 38,200 रुपये तक ट्रेड-इन वैल्यू है।

साइबर दुनिया

**मैकबुक पर डिस्काउंट**


मैकबुक पर भी शानदार ऑफर हैं। MacBook Air M2 13-इंच और 15-इंच, MacBook Pro 13-इंच, 14-इंच और 16-इंच मॉडल और Mac Studio की खरीद पर एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड से भुगतान करने पर 10 हजार रुपये डिस्काउंट मिल रहा है।

टॉप ट्वीट

, 'वचन पत्र के नाम पर फिर खुल रही झूठ की दुकान, छीन लेंगे ये कांग्रेसी गरीब का रोटी, कपड़ा और मकान।'

विष्णुदत्त शर्मा
भाजपा नेता





" मैं इस भूमिका को निभाने के लिए बहुत उत्साहित हूं। असल जिंदगी में, हमारी धारणा एक व्यक्ति की कहानी में नायक होने से दूसरे व्यक्ति की कहानी में खलनायक बनने तक बदल सकती है और इस भाग को लेकर मैं सबसे ज्यादा उत्साहित हूं। "

आमिर दलवी
बॉलिवुड अभिनेता

संपादक के नाम पत्र

**मतदाताओं को रिझाने के लिए घोषणाओं का अंबार**

जनता और सरकार के बीच तादात्म्य स्थापित नही होने और मतदाता राजनैतिक दलो से मुह मोड़ लेती है।तब जनता को अनेक प्रकार का प्रलोभन देकर वोटबैंक खड़ी की जाती है।यह सत्तारूढ़ और विपक्षी दल इस कांरवा से गुजर रहे है।कर्नाटक,हिमाचलप्रदेश आदि उदाहरण हमारे सामने है।मतदाता पार्टी से विमुख हो जाते है तब मुफ्त की रेवड़ी बांटकर वोट देने का आग्रह किया जाता है।दो रुपए किलो गेंहू, पांचसौ रुपए सिलेंडर और सौ यूनिट मुफ्त बिजली की आफर देकर जनता से वोट मांगे जा रहे है।लेकिन मतदाता अपने स्वार्थ में उन उमीदवारों को वोट देकर जीत दिलाते है,जिनके बदौलत पांच साल तक सहन करना पडता है। खून के आंसू रोना पड़ता है।मतदाताओ को कम से कम इतने सस्ते में तो नही बिकना चाहिए। बिको तो ऐसे बिको कि दुनिया मे तुमारी कोई कीमत नही लगा सके।हमने पुरानी सारी सरकारों को नजदीक से देखा है।देश मे न कोई शांति थी और न ही कौमी एकता के दर्शन होते थे।सरहदे जल रही थी।आतंकवाद चरम पर था । देश मे अराजकता का माहौल था।कश्मीर जल रहा था।सेना सरकार के इशारों पर काम करती थी।हर दूसरे दिन कर्फ्यू लगाया जाता था।देश मे आए दिन हिन्दू मुसलमान होता था।देश में हररोज कही न कही बम ब्लास्ट होते थे।आर्थिक विषमताओं से जनता परेशान थी।देश मे अराजकता व्याप्त थी।कश्मीर की समस्या के हल के लिए सयुंक्त राष्ट्र हमेशा भारत पर दबाव बनाते थे।पाकिस्तान भारत पर हावी था। अब भारत की चमक दुनिया मे पसर गई है।आज भारत के एक इशारे पर दुनिया हरकत में आ जाती है।इन सभी सुधारवादी अभिगम के बाद देश मे मजबूत सरकार की जरूरत है।ईमानदार और नैतिक जिम्मेदारी व्यक्तिव की अवश्ययकता है।मुफ्त की रेवड़ी की लालच में कमजोर सरकार और कमजोर प्रत्याशियों को अपना कीमती मत नही देना है। अभी चुनाव की रणभेरी बजी है।कुछ ही समय मे लालच और मुफ्त रेवड़ी की भरमार होगी।लेकिन देशहित में काम करने वाले उमीदवारों को वोट देकर आगे लाना है।देश बचेगा तो हम सब की सलामती है।हम दुनिया के उपद्रवियों को देख ही रहे है।पार्टी पोलिटक्स से ऊपर उठकर महत्वपूर्ण व्यक्ति को आगे लाना है।

कांतिलाल मांडोत

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### करमटांडिया को हरा कर तिलैया बना विजेता

बेरमो : ऊपरघाट काछो पंचायत के दलकिरो गोड़गोड़वा में युवा फुटबॉल क्लब समिति द्वारा तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया प्रतियोगिता में कुल आठ टीमों ने भाग लिए प्रतियोगिता फाइनल मैच करमटांडिया वनाम तिलैया के बीच खेला गया फाईनल प्रतियोगिता का उद्घघाटन मुख्यअतिथि आजसू केंद्रीय मुख्यालय सचिव सह जिला परिषद ने किया।

## सिटी अपडेट्स >>

### सिन्हा बैंक्वेट एंड रिसोर्ट में मंगलवा को हुआ डांडिया नाईट कार्यक्रम

**हजारीबाग:** सिन्हा बैंक्वेट एंड रिसोर्ट में डंडिया नाईट कार्यक्रम की शुरूवात संध्या 7 बजे मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्रिंसिपल बसंत झा एवम सिन्हा बैंक्वेट रिसोर्ट के संचालक श्री रिषभ सिन्हा एवं माता माधवी सिन्हा के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया कार्यक्रम में कॉलेज के सभी प्रभारी शिक्षक गण मौजूद थे। मुख्य अतिथि बसंत झा ने सभी छात्रों को दुर्गा पूजा की बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य के लिए उन्हें निंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी कार्यक्रम को सफल बनाने हेतू सिन्हा बैंक्वेट एवं रिसोर्ट के संचालक को बधाई भी दी व अगले वर्ष और भी धूम धाम से डांडिया नाईट को इसी कैंपस में मनाया जाएगा इसकी भी सूचना दी। कोर्रा थाना प्रभारी ने कहा कि छात्र और छात्राओं के लिए अलग अलग बैरिकेटिंग किया गया जो काफी सराहनीय है। एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में किसी प्रकार की कमी नहीं की गई। कार्क्रम में लगभग १००० से १२०० लोगों से हिस्सा लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कोर्रा थाना प्रभारी व उनकी टीम ने अपना बहुमूल्य योगदान दिया व अपनी टीम के साथ वहां मौजूद रहे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### तिलैया विधुत सबस्टेशन से बिजली बहाल होने पर ग्रामीणों में खुशी

**बेरमो:** झारखण्ड राज्य बिजली वितरण निगम का ललपनियाके तिलैया स्थित विद्युत सबस्टेशन को चालू करने की मांग को लेकर भाकपा राजद जन अभियान के द्वारा पूर्व घोषित धरना कार्यक्रम के तहत सैकड़ो ग्रामीण मंगलवार को सब स्टेशन के समक्ष इकट्ठा हुए। लेकिन यह धरना प्रदर्शन खुशी मे तब तब्दील हो गयीं जब सब स्टेशन के ऑपरेटर राजेश कुमार ने जन अभियान के संयोजक इफ्तेखार महमूद को बताया कि युद्धस्तर पर काम करके सब स्टेशन को बीती रात से चालू कर दिया गया है और फिलहाल पचमो पंचायत के बियाही महुआ,कुंदा के मुरपा खखडा, चोरगांवा, तिलैया, ढाका साड़म आदि इलाकों में बिजली सेवा बहाल कर दिया गया है। प्रयुक्त गांव में अब सब स्टेशन के बजाय लालपनिया सब स्टेशन से बिजली आपूर्ति की जा रही है, वहीं महुआटांड फीडर मे काम चल रहा है। 10 से 15दिनों में महुआटांड,जगेश्वर थाना क्षेत्र में भी विद्युत आपूर्ति शुरू कर दिया जाएगा। विभाग के इस त्वरित कारवाई पर ग्रामीण खुशी से झुम उठे और एक दुसरे पर गुलाल लगना शुरू कर दिया और जन अभियान संयोजक इफ्तेखार महमूद सहित इसके सदस्यों को बधाई दिया जाने लगा। इस अवसर पर महमूद ने कहा कि काफी संघर्ष के बाद ग्रामीणों के सहयोग से यह सफलता हासिल हुई हैं। लेकिन अभी आगे और संघर्ष की जरूरत है। कहा कि जब तक इस सब स्टेशन से जुडे क्षेत्रों में पूर्ण रूप से बिजली बहाल नहीं हो जाती,हम ध्यान लगाए रखेंगे। कहा कि आंदोलन के दुसरे चरण में ग्रामीण क्षेत्रों में 100 यूनिट मुफ्त बिजली और बकाया बिल मांफी के लिए आंदोलन चलाया जाएगा।

**सम्मान** अंतराष्ट्रीय शिखर सम्मान से गये आईसेक्ट विश्वविघालय के कुलाधिपति

# हिंदी के प्रचार प्रसार के लिए मिला यह लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड



▶▶ प्रेम और सम्मान के लिए हृदय से आभार व्यक्त करता हूं

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** हजारीबाग लंदन में आयोजित भारत-यूरोप हिंदी महोत्सव में आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे को साहित्य, संस्कृति, शिक्षा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए वातायन अंतर्राष्ट्रीय शिखर सम्मान 2023 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें भारत के पूर्व शिक्षा मंत्री रमेश चंद्र पोखरियाल निशंक ब्रिटेन के सांसद वीरेंद्र शर्मा, भारतीय दूतावास के समन्वय मंत्री दीपक चौधरी ने ब्रिटेन एवं अनेक देशों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रदान किया गया। बीते 13 अक्टूबर से 15 अक्टूबर के बीच आयोजित इस कार्यक्रम में सम्मान पाने के बाद आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे ने कहा कि भारतीय-यूरोपियन हिंदी सम्मलेन हिंदी के अंतर्राष्ट्रीय प्रचार प्रसार के लिए एक सरहानीय प्रयास है। मैं वातायन के पूरे समूह एवं चयन समिति के प्रेम और सम्मान के लिए हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। श्री चौबे के संपादन में प्रकाशित पुस्तक समकालीन प्रवासी साहित्य का लोकार्पण भी मौजूद अतिथियों ने किया। वहीं डॉ जवाहर कर्णावट ने संतोष चौबे की वृहत रचनात्मक उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया।

बता दें कि इस खास मौके पर सुप्रसिद्ध साहित्यकार अनामिका, उप्साला विश्वविद्यालय के प्रो. हाइंस वरनर वेसलर तथा रेखा सेठी को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन यूके हिंदी समिति के संस्थापक पद्मेश गुप्त ने किया। इस अवसर पर वातायन की संस्थापक अध्यक्ष दिव्या माथुर, वैश्विक हिंदी परिवार के अध्यक्ष अनिल जोशी एवं ब्रिटेन के अनेक गणमान्य महानुभावों की उपस्थित रही। वहीं वातायन अंतर्राष्ट्रीय शिखर सम्मान के लिए आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे को आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ एसआररथ सहित सभी प्रध्यापक-प्राध्यापिकाओं व कर्मियों के साथ साथ विश्व रंग टैगोर अंतर्राष्ट्रीय साहित्य एवं कला महोत्सव, विश्व रंग सचिवालय वनमाली सृजन पीठ, टैगोर विश्व कला एवं संस्कृति केंद्र, रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, स्कोप ग्लोबल स्किल्स विश्वविद्यालय, डॉ सीवी रामन विश्वविद्यालय, बिलासपुर, खंडवा, वैशाली, आईसेक्ट पब्लिकेशन, समस्त वनमाली सृजन केंद्रों तथा साहित्य, कला संस्कृति की सहयोगी संस्थाओं ने बधाई दी है। संतोष चौबे उन विरल साहित्यकारों में से हैं। जो व्यापक रूप से पढ़े व सराहे गये हैं। उन्होंने कथाकार वनमाली पर केन्द्रित दो खंडों में वनमाली समग्र का तथा कथा एवं उपन्यास पर केन्द्रित वैचारिक गद्य की तीन पुस्तकों आख्यान का आंतरिक संकट उपन्यास की नयी परम्परा एवं कहानीः स्वप्न और यथार्थ का सम्पादन भी किया है। इसी के साथ उनकी दो आलोचना पुस्तकें कला की संगत एवं और ह्यअपने समय में भी प्रकाशित हुई हैं। वर्तमान में नाटक तथा कलाओं की पुरस्कृत और प्रतिष्ठित अंतर्विधायी पत्रिका रंग संवाद के श्री चौबे प्रधान सम्पादक हैं। के लिए मध्यप्रदेश राष्ट्रभाषा प्रचार समिति का पुरस्कार एवं उपन्यास (जलतरंग) के लिए शैलेश मटियानी तथा अन्तरराष्ट्रीय वैली ऑफ वर्ड्स पुरस्कार प्राप्त हुए हैं।

## बीडीओ ने किया औचक निरीक्षण किया



राष्ट्रीय खबर

**पीरटांड़:** पीरटांड़ प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार मरांडी ने प्रखंड के कुम्हरलालो पंचायत के कबरियाबेड़ा आंगनबाड़ी केंद्र एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय का औचक निरीक्षण किया।पंचायत के उत्क्रमित विद्यालय का औचक निरीक्षण करते हुए मध्याह्न भोजन का जायजा लिया और विधि व्यवस्था को लेकर उपस्थित शिक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्र परिसर में शौचालय की साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल का समुचित व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाठशाला में मध्याह्न भोजन के साप्ताहिक पोषण चार्ट की जांच की गई। साथ ही बीडीओ ने छात्र-छात्राओं से बात भी की।मौके पर ही बीडीओ ने विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों के कक्षा में एक शिक्षक के भांति उपस्थित छात्र-छात्राओं से कई सवाल पूछे व उनके सटीक जवाब देने पर शाबाशी भी दी। उन्होंने दोस्ताना अंदाज पर बच्चों से उनके भविष्य की शैक्षणिक योजना की जानकारी ली।

उपायुक्त ने जनता दरबार में एक दर्जन से अधिक मामले आए

## सभी आवेदनों को निष्पादन यथाशीघ्र करें: नैंसी



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय ने मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। साप्ताहिक आयोजित होने वाले जनता दरबार में जिले वासियों की समस्याओं के निवारण के लिए उपायुक्त के समक्ष लगभग एक दर्जन से अधिक मामलो के आवेदन आए। जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के समस्याओं से निष्पादन की आस लिए आए नागरिकों के फरियाद को सुन उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जांचोपरांत न्याय संगत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त वेश्म में आयोजित जनता दरबार में फरियादियों द्वारा आम गैर मजुरूआ रास्ता में जबरन मकान बनाने के संबंध में, एलपीसी निर्गत करने के संबंध में, पारिवारिक विवाद निपटारा के संबंध में, अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान के संबंध में, जीविकोपार्जन के लिए रोजगार उपलब्ध कराने के संबंध में, पीएम आवास योजना में अनिमियतता के संबंध में, खतियानी जमीं हड़पने के संबंध में,भू रैयतों का मुआवजा भुगतान करने के संबंध में एवं इस दौरान रोजगार, मनरेगा, भूमि, म्यूटेशन, पेंशन, भूमिअधिग्रहण, आवास, राशन आदि समस्याओं से संबंधित आवेदन आए तथा उन आवेदनों को मार्क कर संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के आदेश दिए।

## जीवन बीमा निगम का बीमा मित्र सेवा केंद्र का उद्घाटन



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** हजारीबाग जिले के बड़काआंव प्रखंड टंडवा रोड स्थित बेल चौक के समीप पूर्व मुखिया अनीता देवी के आवास में भारतीय जीवन बीमा निगम का बीमा मित्र सेवा केंद्र का उद्घाटन हजारीबाग के मुख्य प्रबंधक विनोद कुमार के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य प्रबंधक श्री कुमार ने कहा कि भारतीय जीवन बीमा निगम की स्थापना 1956 में की गई। इसकी स्थापना देश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ एवं सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से की गई थी जो आज 23 करोड़ ग्राहकों का सुरक्षा पहुंचाकर अपने मापदंड पर खरा उतार रही है। साथ ही साथ देश के विकास में बेहतर एवं बड़ा सहयोग किया जा रहा है। इस निगम को अब हर जुबान पर एलआईसी के नाम से भी जाना जाता है। 67 वर्ष के उतार-चढ़ाव में लोगों का जुड़ाव एवं विश्वास बढ़ती जा रही है। बीमा धारा को बेहतर सेवा देते हुए अब यह हर घर तक पहुंच गया है। कोरोना काल में एलआईसी का अहम भूमिका निभाते हुए लोगों को सुरक्षा देने का काम किया। हजारीबाग शाखा के माध्यम से पांच सैटेलाइट कार्यालय संचालित हो रही है और इसी उद्देश्य से अभिकर्ता रवि टोप्पो के नेतृत्व में बड़कागांव औद्योगिक क्षेत्र में भी ग्राहकों को सेवा देने के लिए यह ग्राहक सेवा केंद्र खोला गया है। हालांकि हर अभिकताओं के पॉकेट में एलआईसी कार्यालय खोलकर सेवा करने का अधिकार दे दिया गया है। दिलीप पांडा ने कहा कि निगम भारत की अग्रणी कंपनी है। आपातकाल में देश को संभालने का काम करती है। सभी उम्र के लिए बीमा उपलब्ध कराती है।

## मासिक साहित्य गोष्ठी का आयोजन

राष्ट्रीय खबर

**हाता:** पोटका 15 अक्तूबर - झारखंड साहित्य संस्कृति परिषद के द्वारा बहुवासी साहित्यिक पत्रिका झारखंड प्रभा के 16वां अंक का विमोचन झारखंड के वरिष्ठ साहित्यकार प्रोफेसर मित्रेश्वर अग्निहोत्री, प्रोफेसर सुबोध कुमार सिंह, डॉ जया मित्र, निश्चय संस्था के संस्थापक तरुण कुमार, जुगाड़ संस्था के संस्थापक जन्मेजय सरदार, पूर्व जिला परिषद करुणामय मंडल आदि के द्वारा किया गया । कार्यक्रम की शुरूआत प्रोफेसर मित्रेश्वर अग्निहोत्री एवं प्रोफेसर सुबोध कुमार सिंह के दीप प्रज्वलन से हुआ स्वागत गीत कमल कांति घोष एवं स्वागत भाषण परिषद के सचिव शंकर चंद्र गोप ने दिया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए वरिष्ठ साहित्यकार सभ्यता संस्कृति को अमर बनाने में कहानियों का सबसे महत्वपूर्ण स्थान है। उन सभ्यताओं को हम भूल जाते है। जो अपनी कहानियों को लिपिबद्ध नहीं करती। हम मानव के रूप में धरती पर आए है। तो लिखना अभिव्यक्त करना हमारी सबसे बड़ी ताकत है। अगर हम यह नहीं करते मतलब हम अपने सबसे बड़ी ताकत का उपयोग नहीं करते। उपरोक्त वक्तव्य घाटशिला कॉलेज के प्रो मित्रेश्वर ने झारखंड साहित्य संस्कृति परिषद के द्वारा प्रकाशित बहुभाषीय साहित्यिक पत्रिका झारखंड प्रभा के 16वे अंक के विमोचन समारोह सह साहित्य गोष्ठी में कही। यह कार्यक्रम का आयोजन हाता स्थित माताजी आश्रम में किया गया।

**आयोजन** स्कूल में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन

# वीरों का सम्मान, सबसे बड़ा सम्मान है: विधायक

▶▶ गांव की मिट्टी कलश में देकर उस अमृत कलश को और भी पवित्र बना दिया

▶▶ वीर शहीदों के परिवार के सदस्यों को सम्मानित किया गया

राष्ट्रीय खबर



**हजारीबाग:** बरही प्रखंड के खोड़ाहार देवचंदा मोड स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में नेहरू युवा केंद्र हजारीबाग के द्वारा मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहले अमृत कलश के साथ एक अमृत कलश यात्रा निकाला गया। जिसमें लोगों ने अपनी गांव की मिट्टी कलश में देकर उस अमृत कलश को और भी पवित्र बना दिया। कलश यात्रा के बाद स्कूल के प्रांगण में कार्यक्रम की शुरूआत हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बरही विधानसभा क्षेत्र के विधायक उमाशंकर अकेला यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी एवं विद्यालय प्राचार्य रोहित सिंह व अन्य अतिथियों ने स्वामी विवेकानंद एवं चंद्रशेखर आजाद के फोटो पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम में हमारे देश के वीर शहीदों को नमन किया गया। उसके बाद वीर शहीदों के परिवार के सदस्यों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नेहरू युवा केंद्र संगठन के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक आकाश कुमार व संचालन अमरजीत ने किया। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के जरिए हर गांव की मिट्टी एवं चावल को अमृत कलश में रखकर उसे दिल्ली ले जाया जाएगा जहां उस मिट्टी का प्रयोग अमृत वाटिका बनाने के लिए किया जाएगा। जो हमारे देश के वीरों के सम्मान के लिए होगा। मुख्य अतिथि उमाशंकर अकेला ने लोगों को हमारे देश के बहुत सारे अनदेखे वीरों के बारे में लोगों का अवगत कराया एवं सभी गांव के साथ अपने विचार साझा किया। कार्यक्रम में बरही प्रमुख मनोज रजक, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व मीडिया प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी, श्रीदस स्कूल के प्राचार्य रोहित सिंह, शिक्षक विक्रम कुमार, बाल विकास विभाग से सुनीता कुमारी, नेहरू युवा केंद्र हजारीबाग के स्वयंसेवक एवं विभिन्न पंचायत से आए मुखिया जनप्रतिनिधि समेत विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे ।

## >>>> न्यूज फटाफट

### कंप्यूटर इंस्टिट्यूट का उद्घाटन



**हजारीबाग:** सिरमा पंचायत स्थित छावनिया पुल के पास झारखंड कंप्यूटर इंस्टिट्यूट का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, पश्चिमी क्षेत्र के जिला परिषद प्रतिनिधि मोहम्मद इब्राहिम, मुखिया प्रतिनिधि मोहम्मद आसिम अरशद ने फीता काटकर किया। मौके पर जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कंप्यूटर सेंटर खुलने से गांव देहात के बच्चे भी तकनीकी ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे। जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मोहम्मदी इब्राहिम ने कहा कि भारत के पूर्व राष्ट्रपति मिसाइल मैन एपीजे अब्दुल कलाम का सपना था। कि गांव स्तर पर कंप्यूटर शिक्षा को बढ़ावा देना हमारी सरकार भले ही गांव तक कंप्यूटर की शिक्षा नहीं पहुंच पा रही है। परंतु गांव के ही युवक शहरों व कस्बा में कंप्यूटर की शिक्षा प्राप्त कर गांव में अब कंप्यूटर शिक्षा प्रदान कर रहे है। डायरेक्टर मोहम्मद जान निसार आलम ने कहा कि हमारा मकसद है गांव देहात के विद्यार्थियों को कंप्यूटर शिक्षा प्रदान कर डिजिटल सेवा से जोड़ देना। क्योंकि आज का जमाना डिजिटल का है। मौके पर कंप्यूटर के प्रबंधक मो अफसा रजा, कंप्यूटर निदेशक मोहम्मद जान निसार, सहयोगी मोहम्मद तारिक मोहम्मद इनामुल, जेबीकेएसएसके नेता राजकिशोर महतो, अशोक महतो, राकेश कुमार, मोहम्मद इरफान, मोहम्मद वाजिद अली, मोहम्मद सोहेल, रंजीत कुमार, राजीव, पप्पू कुमार, मोहम्मद असरार, मोहम्मद मोहम्मद अमानत अली मोहम्मद तेहरार समेत सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

### कोयला खनन परियोजना सशक्तिकरण के लिए चला रहे कई कार्यक्रम

**हजारीबाग:** हजारीबाग ग्रामीणों के समावेशी विकास के लिए कौशल विकास प्रमुख क्षेत्रों में से एक है। वह बात चाहे बच्चों के प्रशिक्षण का हो या महिलाओं को कौशल प्रदान करने के लिए नियमित रूप से विभिन्न प्रशिक्षण की पकरी बरवाडीह ने पिछले कुछ वर्षो से नियमित रूप से कार्यक्रम आयोजित हैं। इसी क्रम में पुन: पकरी बरवाडीह ने, ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए लाह-चूड़ी बनाने का प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए एक नई पहल की गई है। विशेषज्ञ प्रशिक्षकों की देख रेख में लाह-चूड़ी निर्माण का एक माह का प्रशिक्षण प्रारंभ लाह हस्त शिल्प स्वाबलंबी सहकारी समिति लिमिटेड रांची की देख रेख में किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में परियोजना से सटे कई गांव के महिलाएं भाग ले रही है जिनमें सिकरी, सिंदवारी डाडीकलां पकरी बरवाडीह जुगरा और री-सेटलमेंट कॉलोनी गांवों की लगभग 36 ग्रामीण महिलाएं हैं। लाह-चूड़ी निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन श्रीमती ज्योति जलोटा, अध्यक्षा, जागृति महिला संघ ने किया। उन्होंने इस मौके पर प्रतिभागियों के साथ बातचीत की और प्रशिक्षण के महत्व और प्रशिक्षण के पूरा होने तक भाग लेने की आवश्यकता को ग्रामीण महिलाओं को समझाया। श्रीमती जलोटा ने कहा कि यह प्रशिक्षण आपके वैकल्पिक आए के स्रोत खोजने में अहम भूमिका निभाएगी।

### दुर्गा पूजा को लेकर बरही चौक पर चला अतिक्रमण हटाव अभियान



**बरही:** बरही चौक व उसके आसपास सीओ रामनारायण खालको ने अतिक्रमण हटाव अभियान चलाया। मौके पर बरही पुलिस भी मौजूद थी। अतिक्रमण कर लगी सभी फुटपाथ दुकानों एवं दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण हटाया गया, वही चौक पर लगे वाहनों को भी हटाया गया। मौके पर सीओ रामनारायण खालको ने कहा कि दुर्गा पूजा को लेकर अतिक्रमण हटाव अभियान चलाया जा रहा है।फुटपाथ दुकानदारों को सख्त हिदायत दी जा रही है, कि सफेद लाइन से बाहर ही रह कर अपना जिकोपार्जन करें। वहीं उन्होंने बताया कि चौक पर रुकने वाली बस को भी आगे रुकने को कहा गया है। बता दे की बरही चौक पर लगे अतिक्रमण के कारण अक्सर जाम की स्थिति बनी हुई रहती है, यहां तक की सड़क दुर्घटना भी होती रहती है।

### बीडीओ ने किया दुर्गा पंडाल व मंदिरों का निरीक्षण



**पीरटांड़:** पीरटांड़ प्रखंड के बीडीओ मनोज कुमार मरांडी ने प्रखंड क्षेत्र के मधुबन एवं चिरकी के दुर्गा पंडाल व दुर्गा मंदिरों का निरीक्षण मंगलवार को किया । निरीक्षण के क्रम में उन्होंने पूजा कमेटी से दुर्गा मंदिर एवं पंडाल में महिला पुरूष की बैरिकेडिंग कराने का निर्देश दिया । साथ ही दुर्गा पूजा कमेटी को कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये गए। निरीक्षण के क्रम में दुर्गा मंदिर मधुबन एवं चिरकी पहुंचकर समिति सदस्यों से कई महत्वपूर्ण बातों की जानकारी ली ।

### मृतक के परिजनों से मिलने पहुंचें पूर्व विधायक



**बरही:** बरही धनबाद रोड बरही मिडिल स्कूल के पास बीतें कुछ दिनों पहले रानीचुंवा पंचायत के ग्राम कुटुमा निवासी संतोष हांसदा का सडक दुर्घटना में मृत्यु हो गयी थी। जिसकी सूचना मिलते ही संयुक्त बिहार के तत्कालीन मंत्री सह पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव पीड़ित परिजनों से मिलने पहुंचे। इस दौरान पीड़ित परिवार को सान्तवना देते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि इस दु:खद घटना से हम सभी काफी मर्माहत हैं। उन्होने बरही बीडीओ से दूरभाष पर बात कर मृतक परिवार को सरकारी सहायता दिलाने में मदद करने को कहा। साथ ही निजी रूप से आर्थिक सहयोग भी किया। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि रामचंद्र टुडू, संतोष यादव, दीपक पाठक, विपिन सिन्हा, भाजपा ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष मुन्ना यादव, बाबूलाल मुर्मू, रामचंद्र टुडू, बाशों टुडू, सुरेश टुडू, मोहन हसंदा, धनी टुडू, झारी हंसदा, जगलाल हंसदा, मोतीलाल हंसदा, सचिन यादव, अशोक हंसदा, महेश हंसदा, मनोज हंसदा, शंकर हंसदा, शिवपुजान हंसदा सहित कई समाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## प्रदेश >> अपडेट

### दशहरा को लेकर जिला प्रशासन ने की बैठक

**छत्तरपुर :** उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक मंगलवार को छत्तरपुर पहुंचे। उन्होंने दशहरा पर्व को लेकर की सभी पदाधिकारियों के साथ छत्तरपुर अनुमंडल कार्यालय में की बैठक, वही अनुमंडल पदाधिकारी नरेंद्र गुप्ता,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय कुमार सभी बीडीओ,अंचल पदाधिकारी,थाना प्रभारी को पूजा में किसी तरह का कोई दिक्कत न हो इसके लिए सभी को सख्त दिशा निर्देश दिया गया।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### विधायक पुष्पा देवी ने किया सड़क का शिलान्यास

**मेदिनीनगर :** पाटन प्रखंड अंतर्गत कुरुआ मोड़ से तरहसी तक सड़क का कार्य लगभग 9 करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क का शिलान्यास क्षेत्र के विधायक पुष्पा देवी एवं पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार द्वारा संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में जिला समिति सदस्य विधायक प्रतिनिधि अशोक तिवारी, पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, जिला परिषद विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह, पाटन मंडल विधायक प्रतिनिधि संजय कुमार सिंह, जिला कार्यकारिणी सदस्य निरंजन पासवान, पाटन मंडल कोषाध्यक्ष रघुनाथ शाह,मीडिया प्रभारी सत्येंद्र सिंह, मंडल कार्य समिति सदस्य कुश कुमार सिंह,महामंत्री शांति पांडे,बूथ अध्यक्ष उमा सिंह, बबल शाह, ओम प्रकाश पांडे, पंचायत अध्यक्ष गुड्डू सिंह, कृष्ण उपाध्याय, विकास उपाध्याय, जोगिंदर सिंह, अनिल सिंह, सुरेंद्र सिंह मुखिया प्रतिनिधि, रणजीत सिंह, रामाधार सिंह, जिला कार्यकारिणी सदस्य रामदेव सिंह, गंगा प्रसाद, गोल्डन कुमार, पाटन चौक दुर्गा कमेटी के सभी सदस्य गण एवं सैकड़ो कार्यकताओं ग्रामीण के बीच इस सड़क का निर्माण कार्य संपन्न किया गया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### टीएसपीसी का एरिया कमांडर गिरफ्तार

**छत्तरपुर :** अनुमंडल क्षेत्र छत्तरपुर के अंतर्गत हरिहरगंज के भांवर टोला मंगरदाहा ढोंढ़ा के पास से गुप्त सूचना के आधार पर टीएसपीसी के एरिया कमांडर महेश्वर राम उर्फ विक्रम जी,उर्फ कुंदन जी, उर्फ शेखर जी, पिता रामदास राम को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत भेजा गया। इस संबंध में सोमवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि 15 अक्टूबर 2023 को हरिहरगंज थाना प्रभारी को गुप्त सूचना मिला कि टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के एरिया कमांडर महेश्वर हरिहरगंज के भांवर के पास लेवी वसूलने आया हुआ है। इसकी सूचना वरीय पदाधिकारी को देते हुए टीम गठन किया गया साथ ही पात्रा ओपी प्रभारी नीतीश कुमार व सशस्त्र बल के साथ उक्त जगह पर पुलिस पहुंच गए। पुलिस को देखकर महेश्वर मड़ई से निकलकर भागने लगा जिसे दौड़ा कर पकड़ लिया गया।

### स्कूलों में चलाया गया जागरूकता अभियान

**गुमला :** जिला परिवहन पदाधिकारी गुमला विजय सिंह बिरूवा के निदेर्शानुसार सड़क सुरक्षा द्वारा संत जोसेफ इंटर कॉलेज, कोनबीर नोवाटोली, बसिया, एवम विवेकानंद शिशु विद्या मंदिर, बसिया, गुमला में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गयास्कूल में जागरूकता अभियान के दौरान लगभग 1300 छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को बताया गया कि वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट जैसे सुरक्षित उपकरणों के इस्तेमाल से कैसे सड़क पर होने वाले दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है और अपनी व यातायात का उपयोग कर रहे अन्य व्यक्तियों के जान की रक्षा की जा सकती है। सड़क सुरक्षा के सदस्यों ने वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करना कितना खतरनाक हो सकता है, के बारे में जानकारी दी।

आस्था

## अटूट आस्था का केंद्र है मां उग्रतारा नगर मंदिर

# 16 दिवसीय नवरात्र में उमड़ता है यहां भक्तों का जन सैलाब

▶▶ मंदिर के पूरब में स्थित मदागिर पहाड़ है

▶▶ बताया जाता है कि मदार शाह मां उग्रतारा के बढ़े भक्त थे



**मो. इरफान**

**चंदवा:** राजधानी रांची से 94 किलोमीटर उत्तर पश्चिम तथा पलामू प्रमंडल मुख्यालय से 99 किलोमीटर उत्तर पूर्व में स्थित मां उग्रतारा नगर मंदिर जिसकी ख्याति तंत्र पीठ के रूप में दुर-दुर तक फैली है। यह स्थान चंदवा प्रखंड में रांची-चतरा मार्ग पर है। नगर मंदिर जाने के लिए रांची-डाल्टनगंज पथ पर चंदवा तक जाना पड़ता है। वहां से चंदवा-चतरा मुख्य मार्ग में चंदवा से नौ किलोमीटर दूर स्थित नगर मंदिर मोड़ तक की यात्रा करनी पड़ती है। मंदिर मोड़ से एक किलोमीटर पैदल या व्यक्तिगत वाहन से यात्रा करनी पड़ती है। यहां झारखंड सहित उत्तरप्रदेश, उड़ीसा, मध्यप्रदेश, पश्चिम बंगाल समेत कई प्रदेशों से श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए सालों भर आते हैं। मंदिर का निर्माण 18वीं शताब्दी में टोरी राज्य के तत्कालीन शासक पीतांबर नाथ शाही ने अपने महल के परिसर में कराया था। वर्तमान समय में इस राजमहल का अस्तित्व तो पूरी तरह समाप्त हो गया है, लेकिन मंदिर का प्रांगण पूरी तरह सुरक्षित है। बताया जाता है कि टोरी के राजा पीतांबर नाथ शाही को मां उग्रतारा की प्रतिमा मिली थी। इस संबंध में यहां प्रचलित एक लोककथा के मुताबिक एक राजा ने स्वप्न देखा कि भगवती उन्हें किसी विशेष कार्य का श्रेय देना चाहती हैं। अगले दिन राजा शिकार के लिए लातेहार के निकट स्थित मक्का मनकेरी गांव की ओर चले जाते हैं। इस क्षेत्र में प्रसिद्ध औरंगा नदी बहती है। शेष क्षेत्रों में जंगल पहाड़ा था। शिकार की तलाश में घूमते-घूमते राजा को प्यास लग जाती है। वे मक्का मनकेरी के निकट एक जलाशय का जल पीने के लिए अपनी अंगुली डुबोते हैं। अंगुली से जल निकालने पर वे देखते हैं कि उनकी अंगुली में दो छोटी-छोटी प्रतिमाएं हैं। ये दोनों वही मूर्तियां थी, जिन्होंने उन्हें स्वप्न में देखा था। मूर्तियों ने अपना परिचय उग्रतारा लक्ष्मी के रूप में दिया। दोनों ने राजा को उन्हें अपने महल में प्रतिस्थापित करने का निर्देश दिया। बाद में राजा ने अपने वंश की कुल देवी के रूप में इनकी अपने महल में प्राण-प्रतिष्ठा की। इसके बाद काफी दिनों तक यह व्यवस्था चलती रही। बाद में मराठों के इस क्षेत्र में आगमन तथा कई सामाजिक राजनीतिक परिवर्तनों की वजह से यह धार्मिक स्थल जन सामान्य के लिए भी सुलभ हो गया।

**कालिकामार्कण्डेय पुराण से ली गई है पूजा पद्धति**

मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित गोविंदवल्लभ मिश्र बताते हैं कि पूजा पद्धति कालिका मार्कण्डेय पुराण से ली गई है। जिस वर्ष में आश्विन दो माह का होता है, उस वर्ष पूजा 45 दिनों की होती है। इस अनुष्ठान के लिए बिहार के औरंगाबाद से पुरोहित आते हैं। इस वर्ष उपेंद्र मिश्र पूजा करा रहे हैं।

**तय समय पर मदार साहेब के मजार पर चढ़ाया जाता है झंडा**

दशहरा के विशेष पूजन के समय मंदिर के पूरब में स्थित मदागिर पहाड़ है। जहां मंदिर का झंडा सप्तमी नवमी के बीच नियत समय पर मदार साहेब के मजार पर चढ़ाया जाता है। बताया जाता है कि मदार शाह मां उग्रतारा के बढ़े भक्त थे। उसी परंपरा को कायम रखते हुए पुरोहित द्वारा मंदिर का झंडा उनके वंशजों को सौंपा जाता है, जिसे मंदागिर पहाड़ पर स्थित मजार पर लगाते हैं। दोनों संप्रदाय के प्रतीक इस मंदिर में मुस्लिम समाज के लोग भी पूजा अर्चना कर मन्नत मांगने आते हैं। इस मंदिर के निर्माण के संबंध में पलामू विवरणिका 1961 में लिखा गया कि यहां का मंदिर बनवाने का श्रेय प्रसिद्ध वीर मराठा रानी अहिल्याबाई को है।

## आज चौथे स्वरूप मां कुष्मांडा की पूजा अर्चना




**राष्ट्रीय खबर**

**पाकुड़ :** नवरात्रि की चौथा दिन देवी मां कुष्मांडा की श्रद्धा भाव से पूजा की जाती है। माना जाता है देवी मां कुष्मांडा की पूजा पीले वस्त्र धारण करके करनी चाहिए। यथा संभव मां कुष्मांडा को कुमकुम मौली अक्षत पीले की फूल पीले चंदन, पीला मिष्ठान, मालपुआ का भोग, नवैद्य द् आदि से पूजा करनी चाहिए। पान के पत्ते पर थोड़ा सा केसर लेकर ॐ ब्रिं बृहस्पति नमः मंत्र का जाप करते देवी मां को चढ़ाए। पीले वस्त्र पीली चूड़ी, पीला श्रृंगार का सामान पीली मिठाई अर्पित करें, देवी मां कुष्मांडा को पीला कमल आती प्रिया है। दुर्गा सप्तशती या सिद्धि कुंजी जी का स्त्रोत पाठ करें। मान्यता है की इसे देवी को अर्पित करने से सड़क को अच्छे स्वास्थ्य का लाभ प्राप्त होता है।

### जल प्रदूषण की रोकथाम को लेकर पलामू जिला प्रशासन की पहल

## इस वर्ष ग्रीन जोन में विसर्जित होंगी मां दुर्गा की प्रतिमा

**राष्ट्रीय खबर**

**पलामू:** दुर्गा पूजा पंडालो में स्थापित मूर्तियों के विसर्जन हेतु अब दिशा निदेर्शों को विकसित करने की आवश्यकता महसूस की गई है। इसके मद्देनजर इस वर्ष एनजीटी एवं झारखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार पलामू जिला अंतर्गत से सभी दुर्गा पूजा समितियों के सहयोग से सभी मूर्तियों का विसर्जन तालाब, नदी आदि में न करके कृत्रिम जल कुंड यानी ग्रीन जोन में विसर्जन करने हेतु प्रेरित करेंगे एवं वांछित सहयोग प्रदान करेंगे। इसके लिये जिला प्रशासन पलामू द्वारा ऐसे निकायों का पालन करने वाले पर्यावरण सरंक्षण में सहयोग करने वाले पूजा समिति जिला स्तर पर आयोजन होने वाले आस्था से स्वच्छता प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे। आस्था से स्वच्छताह्न प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार के रूप में 50000 रुपए, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 25000 रुपए और तृतीय पुरस्कार के रूप में 10000 रुपए की राशि प्रदान की जाएगी। प्रशासन द्वारा तैयार किये गए कृत्रिम कुंड में पृथक्करण करते हुए मूर्ति एवं पूजा सामग्री का विसर्जन करना है। रुटलाइन का अनुपालन करते हुए कतारबद्ध तरीके से मूर्ति विसर्जन करना है। बायोडिग्रेडेबल सामग्री का पृथक्करण करते हुए विसर्जन करें और प्लास्टिक वेस्ट का पृथक्करण एवं सुरक्षित निस्तारण करना है। पूजा पंडालों में कम से कम दो डस्टबिन का प्रयोग करें और विसर्जन के दौरान रासायनिक रंग का प्रयोग नही करना है। इस संबंध में उपायुक्त ने कहा कि परंपरा के अनुसार मूर्ति चिकनी मिट्टी से बनायी जाती है पर पिछले कुछ वर्षों से प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनाई जा रही है।प्लास्टर ऑफ पेरिस में कई हानिकारक रसायन शामिल होते हैं।

## थाना में ब्रेथ एनालाईजर उपलब्ध करायें: उपायुक्त



**राष्ट्रीय खबर**

**दुमकाः** उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में रोड टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गयी। इसी क्रम में उपायुक्त ने पूर्व के बैठक में दिए गए निदेशों के अनुपालन की समीक्षा की एवं कई आवश्यक निर्देश दिया। बैठक में जानकारी दी गई थी जिले में चिन्हित सभी ब्लैक स्पॉट समाप्त हो चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा नेक नागरिक का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हिट एंड रन से संबंधित सभी मामलों में मुआवजा का भुगतान नियमानुसार ढंग से जल्द से जल्द करें। सभी थाना से समन्वय स्थापित करते हुए हिट एंड रन से संबंधित मामलों की जानकारी प्राप्त करें। बैठक में जानकारी दी गयी कि 52 कार्यदिवस में कुल 287 दो पहिया वाहन के हेलमेट चेकिंग की गयी साथ ही 3150 वाहनों के ओवरलोडिंग के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई जिनमें 63 वाहन ओवरलोड पाए गए।इस तरह कुल लगभग 4,38,271 रुपये की राशि वसूली की गयी। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी थाना में ब्रेथ एनालाईजर उपलब्ध कराया जाय। उन्होंने कहा कि ब्रेथ एनालाईजर के माध्यम से सभी प्रकार के वाहन चालकों की जांच की जाय।

## 0 से 5 वर्ष के बच्चों का आधार बनाने में लाए तेजी : उपायुक्त

**राष्ट्रीय खबर**

**पाकुड़:** समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक का आयोजन किया गया। परियोजना पदाधिकारी यूआइडीएआई द्वारा बताया गया कि जिले में कुल 61 आधार केंद्र संचालित है। आयुक्त ने प्रखंडवार योजनाओं की जानकारी ली। महेशपुर प्रखंड के दो सेंटर में आधार कार्ड बनवाने में संख्या अधिक पाया गया। इसको लेकर उपायुक्त ने डीपीओ यूआईडी को निर्देश दिया कि तीन महीने में इन दोनों सेंटर से जितना भी आधार बनाए गए है। उसका लिस्ट मुख्यालय डीएसपी को देना सुनिश्चित करें। डीपीओ यूआईडी ने आधार लिंक बर्थ रजिस्ट्रेशन के संबंध में जानकारी देने के क्रम में बताया गया कि वर्तमान में किसी बच्चे के जन्म के उपरांत बर्थ सर्टिफिकेट के निर्माण के दौरान ही उसका आधार कार्ड बनाने हेतु योजना प्रस्तावित है। साथ ही साथ कहा कि जिनका आधार कार्ड बने 10 साल हो चुकें है। वें अपना आधार कार्ड को अपडेट करा लें। साथ ही साथ 18 साल से अधिक आयु वर्ग के लोगों के लिए आधार कार्ड बनाने के लिए बीडीओ द्वारा सत्यापित किया जाएगा। 0 से 5 वर्ष वाले आधार कार्ड बनाने में उपायुक्त ने तेजी लाने का निर्देश दिया।

भुगतान

### तबादले के तीन माह बाद भी नहीं दिया योगदान

# देवघर ग्रामीण विकास विभाग में अधिकारियों सरकार के आदेश को दिखा रहे है ठेंगा

**राष्ट्रीय खबर**



**देवघरः झारखंड सरकार के जल** संसाधन विभाग के अवर सचिव विकास कुमार के कार्यालय से 27 जुलाई को निकले आदेश को राज्य भर में एक साथ करीब 120 लेखा लिपिक के पद पर कार्यरत कर्मियों का स्थानंतरन किया गया है। जिसमें जल संसाधन विभाग की अलग-अलग शाखाऐं शामील है। विभागिय आदेश में कहा गया है कि लेखा लिपिक संवर्ग के कर्मियों के स्थानांतरण, पदस्थापन संबंधी गठित स्थापना समिति की बैठक में प्रशासनिक दृष्टिकोण, अभ्यावेदन विगत कई वर्षो से एक ही प्रक्षेत्र में पदस्थापित एवं कार्यहित में मुख्य अभियंता प्रक्षेत्राधीन कार्यरत लेखा लिपिक संवर्ग के कर्मियों को उनके वर्तमान पदस्थापन कार्यालय से स्थानांतरित करते हुए अंकित कार्यालय में पदस्थापित किया जाता है। लेकिन जल संसाधन विभाग के देवघर स्थित मुख्य अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र में कार्यरत लेखा लिपिक अविनाश कुमार मिश्र और श्वेतांक कुमार राज का स्थानांतरण होने के बाद भी देवघर में काम कर रहे है।

आश्चर्य की बात यह है कि काम के बदले में उन्हे वेतन का भुगतान भी किया जा रहा है जो नियमतः गलत है। सरकारी आदेश निकलने के बाद से स्थानांतरित कर्मियों का वेतन उनके नये पदस्थापन कार्यस्थल से दिया जाना है लेकिन यहां पर दोनों लिपिक का स्थानांतरण होने के बाद भी उन्हे अधिकारियों की मिली भगत से वेतन का भुगतान किया जा रहा है। इस बावत संबधित अधिकारियों से बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने साफ कहा कि हम इसके लिए अधिकृत नहीं है। इसके बाद देवघर डीसी विशाल सागर से भी बात हुई उन्होंने मामले की जांच करने की बात कही है।

## न्यूज फटाफट

### खिड़की का ग्रिल उखाड़कर घर में घुसे चोर, नकद समेत लाखो के सामान ले उड़े



**चंदवा :** शहर से सटे धोबी टोला मुहल्ले में सोमवार की रात अज्ञात चोरों ने वन विभाग कर्मी दुलारचंद बैठा के घर नगद समेत करीब तीन लाख रुपए की चोरी कर ली। चोरी की घटना देर रात की बताई जा रही है। इस संबंध में बताया जाता है कि दुलारचंद बैठा अपने रिश्तेदार के घर दशगात्र में गए हुए थे। चोरों ने दुलारचंद के घर में पीछे खिड़की का ग्रिल उखाड़कर घुसे और चोरी की घटना को अंजाम दिया। है,घर के सभी कमरों के एक एक सामान को तितर बितर कर दिया। गृहस्वामी दुलारचंद ने बताया की 15 हजार रुपए नगद और ढाई लाख रुपए मूल्य का जेवर की चोरी हुई है। इधर घटना कि सूचना पाते ही चंदवा थानेदार बब्लू कुमार सदल बल उक्त घर पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जल्द ही चोर सलाखों के पीछे होंगे।

### ठगी की शिकार बनी मां बेटी

**पलामू :** छत्तरपुर मिडिल स्कूल के सामने मेंन रोड पर दिन में करीब 1:00 बजे से 1:30 बजे के बीच में मसीहानी निवासी मां बेटी से तीन महिला ठगों ने सोने के आभूषण सहित 20000 नगदी ठग लिए ठग महिला ने मां बेटी को इमोशनल ब्लैकमेल किया रोने और गिड़गाने का नाटक किया एक लड़की है उसको घर वालों ने निकाल दिया है भूख से तड़प रही है मिडिल स्कूल में बैठी हुई है ऐसा कह कर मां बेटी को वहां ले गए और कोई मंत्र का जाप किया और जैसे-जैसे लोग बोलते गए वैसे-वैसे सोने के आभूषण उतरते गए पुनम देवी से गले में तीन लॉकेट कान का टप अंगूठी और पायल और बेटी ममता कुमारी से कान का झुमका अंगूठी और पायल सहित 8000 नगद ठग ने ठग लिए उसके बाद किस्सा यहीं खत्म नहीं होता उसके बाद ठग ने पे फोन से पैसे निकालने को कहा तो ममता कुमारी ने किसी दुकान में जाकर 12000 की निकासी की और इसके बाद ठग ने धमकी देते हुए कहा कि अगर कहीं इस बात का खुलासा किया या शोर मचाया तो थाने भिजवा देंगे इतना कहकर महिला रफूचक्कर हो गयी और मां बेटी हाथ मलते रह गए कुछ माह पूर्व में भी लक्ष्मी नगर में भी हुई थी ठगी की घटना आये दिन छत्तरपुर में ठगी की घटना हो रही है।

### पर्यावरणविद ने पोती की जन्मदिन किया पौधा रौपण

**पलामू :** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने शहर के बाई पास रोड स्थित पर्यावरण भवन के ऊपरी तल पर स्थित आकाश बाग और बेडरूम में पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ अपने प्रयोजनों की उपस्थिति में पौधारोपण कर पोती आशिविका का जन्म दिन मनाया। जन्मदिन के मौके पर शामिल लोगों को उन्होंने पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ भी दिलाकर उसे यादगार बनाया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण धर्म के तहत लोग अपने जन्मदिन या जीवन के किसी भी महत्वपूर्ण अवसर को यादगार बनाने के लिए पौधा लगाकर उसे बच्चों की तरह बचाएं ।

### मुख्य मार्ग के किनारे अबतक नहीं पहुंची बिजली

**पलामू :** मेदनी नगर निगम के वार्ड नंबर 1 में मुख्य मार्ग के किनारे बिसफुटा से लेकर सिंगर मोड तक बिजली आज तक नही पहुंच सकी जिस कारण आए दिन वहां पर लूट पाट और दुर्घटना का माहौल रहता है, जबकी जिले के सांसद विधायक अधिकारी इस मार्ग से आवा गमन लगभग प्रत्येक दिन कर रहें है, निगम कि ये महत्वपूर्ण सड़क है जो मुख्य मार्ग कहलाता है लेकिन आज भी बुनियादी सुविधा बिजली की आस जोह रहा है यह मुख मार्ग । आज सिंगर खुर्द निवासी सत्यनारायण शुक्ला ने पलामू सांसद से मिल कर ज्ञापन सौंपा, इस विषय को लेकर सांसद महोदय ने नगर आयुक्त से फोन से वार्ता की और इस विषय की जानकारी दी नगर आयुक्त पलामू ने सांसद को भरोसा दिलाया कि इस विषय पर मैं जल्द से जल्द प्रयास कर बुनियादी सुविधा बिजली उपल्ब्ध करवाता हूं, लेकिन प्रश्न यह है कि क्या नगर निगम क्षेत्र में मुख्य मार्ग के किनारे बिजली की भी व्यवस्था अब तक नहीं होनी चाहिए थी यह हाल देखकर सिंगरा के लोग काफी दुखित है आने वाले समय में छठ महापर्व में लाखों लोग इस मार्ग से जब गुजरेंगे तो यह अंधेरा उनके लिए कहीं ना कहीं चिंतित करने वाला विषय होगा उक्त बातें समाजसेवी सत्यनारायण शुक्ला ने सांसद को ज्ञापन देने के बात कही

### शारदीय नवरात्र को लेकर निकाली गई कलश यात्रा

**पलामू :** ऊंटारी रोड प्रखंड के कुटमू में शारदीय नवरात्र को लेकर रविवार को गाजे-बाजे व दुर्गा माता की जयकारा लगाते हुए कलश यात्रा निकाली गई। वहीं गांव के सूर्य मंदिर से श्रद्धालु पुरुष, महिला, बच्चों ने गांव भ्रमण करते हुए बांकी व कोयल नदी के संगम तट पर गये। वही पंडित अनिल पांडेय, कौशल वैद के द्वारा वैदिक मंत्रों उच्चारण कर कलश में जलाभिषेक किया गया। और नवरात्र के प्रथम दिन माँ शैल पुत्री का पूजा अर्चना कर मन्दिर व पंडालों मे कलश स्थापना कराया गया। मौके पर अशोक तिवारी, रघुनाथ तिवारी, अगस्त तिवारी, संतोष तिवार, विजय तिवारी, राधेश्याम तिवारी, अशर्फी तिवारी सच्चिदानंद तिवारी, मुखिया अशोक कुमार सिंह, पंकज तिवारी, अंतेज तिवारी, सोनू मेहता, श्यामसुंदर मेहता, सूरज तिवारी, आयुष तिवारी, मयंक भूषण तिवारी, विक्की तिवारी, धनंजय तिवारी, अमितेश तिवारी, पंकज तिवारी, जुगल किशोर तिवारी, धर्मेंद्र तिवारी, रामनाथ तिवारी, मुखदेव तिवारी, गोरखनाथ तिवारी, अरुण तिवारी, रामाशीष तिवारी, रामेश्वर तिवारी, सोनू तिवारी, सूर्यदेव तिवारी सहित पूजा कमिटी के लोग उपस्थित थे।

### कांग्रेस पार्टी लोहरदगा लोकसभा बड़ी मजबूती के साथ चुनाव के लिए तैयार : बंधु तिर्की

**गुमला :** जिला कांग्रेस कमिटीके अध्यक्ष चैतु उरॉव की अध्यक्षता में गुमला परिसदन भवन सभागार में अग्रणी मोर्चा सगठन की समीक्षा बैठक की गई जिसमें गुमला जिला के ओबीसी कांग्रेस ,एससी आदिवासी कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा एन एस यु आइ की अलग अलग से बैठकें हुई जिसमें गठित कमिटी का सत्यापन किया गया।कांग्रेस पार्टी के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की , लोहरदगा लोकसभा प्रभारी सुखदेव भगत वह अन्य कांग्रेस तमाम पदाधिकारी उपस्थित हुए। मौके पर बंधु तिर्की ने कहा कि जिला कांग्रेस जनों को बुथ स्तर से लेकर जिला कमिटी का सतयापन एवं संगठन की समीक्षा की गयी है। एवं कांग्रेस पार्टी के विचार को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प आप सभी कार्यकर्ता लें। कांग्रेस पार्टी के विचारधारा पर लोगों का अटूट भरोसा है सभी लोगों को कांग्रेस पार्टी समुचित मान सम्मान देती रही है ।गुमला जिला कांग्रेस पार्टी के समर्थको का गढ़ रहा है। वर्तमान समय में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा यहां के आदिवासी मूलवासी पिछड़ा दलित बेरोजगार युवकों को अपने झूठ झांसे लेकर आज केंद्र में काबिज है नरेंद्र मोदी को सत्ता से बेदखल करने के लिए हमारे लोकप्रिय नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में इस देश को नई दिशा देने के लिए हम सभी को संघर्ष करते हुए पार्टी को मजबूत करना है लोकसभा प्रभारी सुखदेव भगत ने कहा कि गुमला जिला के सम्मानित सभी कार्यकर्तागण बहुत ऊर्जावान एवं मेहनती हैं आप सभी लोगों के बीच में केंद् सरकार एवं नरेंद्र मोदी के विफलताओं को उजागर करें। साथ ही यूपीए गठबंधन में प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के द्वारा इस देश को दिए गए कई कानूनी अधिकारों के बारे में लोगों को बताएं । वर्तमान में झारखंड में गठबंधन सरकार के द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजनाओं को एवं कार्यक्रमों को लोगों तक पहुंचाने का काम कार्यकताओं को पूरी ईमानदारी के साथ करने की आवश्यकता है । कांग्रेस पार्टी किसी के साथ भेदभाव नहीं करती ऐसे में आप सब मजबूती के साथ पार्टी द्वारा चलाए जा रहे कार्य को लोगों को बताने का काम करें।


## न्यूज फटाफट

### लौरा वोल्वार्ड्ट आईसीसी महिला टी-20 बल्लेबाजी की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग के करीब



**दुबई :** दक्षिण अफ्रीका की कप्तानी संभालने के बाद सलामी बल्लेबाज लौरा वोल्वार्ड्ट बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) महिला टी-20 बल्लेबाजी में सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग के करीब पहुंच गई हैं। वोल्वार्ड्ट ने पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के खिलाफ सफेद गेंद की श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीकी महिला टीम की कमान संभाली है, लेकिन इस अतिरिक्त जिम्मेदारी ने उनकी बल्लेबाजी को प्रभावित नहीं होने दिया। दक्षिण अफ्रीकी 24 वर्षीय खिलाड़ी ने न्यूजीलैंड के खिलाफ अंतिम दो टी-20 में 53 और 24 रन बनाए और कुछ समय के लिए अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग 712 अंक हासिल कर ली, जबकि बारिश से प्रभावित श्रृंखला 1-1 से बराबरी पर रही थी। जिससे वोल्वार्ड्ट अपने सर्वश्रेष्ठ 712 रेटिंग से 710 पर वापस आ गयी है, लेकिन टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग के नवीनतम अपडेट में अभी भी एक स्थान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर है। आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि दाएं हाथ की बल्लेबाज ने दक्षिण अफ्रीका के लिए अंतरिम कप्तान बनने के बाद से पांच टी-20 पारियों में 46.8 की औसत और 123.2 की स्ट्राइक रेट से 234 रन बनाए हैं। न्यूजीलैंड की अमेलिया केर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नाबाद 70 और 61 रनों की पारी के बाद तीन पायदान की छलांग लगाकर 14वें स्थान पर पहुंच गई हैं इस युवा खिलाड़ी को प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार भी मिला। ऑस्ट्रेलिया की हरफनमौला खिलाड़ी ताहलिया मैकग्राथ 794 रेटिंग अंकों के साथ टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर हैं और दूसरे स्थान पर टीम की साथी बेथ मूनी से 30 अंक आगे हैं। दक्षिण अफ्रीका की स्पिनर नॉनकुलुलेक म्लाबा दूसरे स्थान पर बनी हुई हैं। जो कि एक्लेस्टोन से 27 अंक पीछे हैं। एक्लेस्टोन 765 अंक के साथ शीर्ष पर बनी हुई है। न्यूजीलैंड की अनुभवी ली ताहुहू ने पांचवें टी-20 में वोल्वार्ड्ट और तज़मिन ब्रिट्स के बेशकीमती विकेटों सहित 2/20 लेकर अपने मौके का भरपूर फायदा मिला है। न्यूलीलैंड की 33 वर्षीय इस तेज गेंदबाज ने टी-20 गेंदबाजी रैंकिंग में चार ऊपर चढ़कर सातवें स्थान पर पहुंच गयी है।हालांकि दक्षिण अफ्रीका महिला टीम 20 ओवर के प्रारूप पर ध्यान केंद्रित कर रही थीं। एकदिवसीय ऑलराउंडर रैंकिंग में एशले गार्डनर से मैरिज़ेन कप्प ने शीर्ष स्थान छीन लिया है। ऑस्ट्रेलिया की डायनेमो को 14 अंक का नुकसान हुआ और वह ऑलराउंडर रैंकिंग में एक स्थान गिरकर दूसरे स्थान पर पहुंच गयी है। इंग्लैंड की स्पिनर एक्लेस्टोन ने सफेद गेंद की रैंकिंग में अपना दबदबा कायम रखा है और आईसीसी महिला एकदिवसीय गेंदबाजी रैंकिंग में अभी भी शीर्ष स्थान पर है।

### पेरू अर्जेंटीना मुकाबले में मेसी का खेलना संदिग्ध



**लीमा :** नेशनल स्टेडियम में बुधवार को खेले जाने वाले पेरू बनाम अर्जेंटीना फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफाइंग मुकाबले लियोनेल मेसी का खेलना संदिग्ध है। मेसी (36) को हाल दाहिने पैर की मांसपेशियों में दर्द के कारण इंटर मियामी क्लब के लिए कई एमएलएस मैचों से बाहर कर दिया गया है। मेसी ने कल होने वाले मुकाबले से पूर्व अभ्यास में भी भाग नहीं लिया है। अगर मेसी कल होने वाले मुकाबले में खेलते है तो कोच लियोनेल स्कालोनी को जूलियन अल्वारेज या लुटारो मार्टिनेज में से किसी एक को बाहर बैठना पड़ सकता है। पेरू क्वालीफाइंग में अपने दो मैच हार चुका है। खिलाड़ी और कोच जुआन रेनोसो जानते हैं कि विश्व कप चैंपियन के खिलाफ उन्हें कहीं अधिक कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

**तारीफ** तीन जीतों के साथ अंक तालिका में भारत शीर्ष पर है

# रोहित शर्मा भारत के लिए आदर्श कप्तान: पूर्व कप्तान रिकी पोटिंग

- रोहित शर्मा को घरेलू समर्थन के बीच भारत के लिए आगे बढ़ने की कुंजी बताया है
- पाकिस्तान पर जीत के साथ विश्व कप अभियान की शानदार शुरुआत की है

एजेंसियां



**मुंबई:** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोटिंग ने कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा घरेलू धरती पर आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 में भारत के लिए आदर्श कप्तान हैं। पोटिंग ने कहा कि भारत ने ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान और चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर जोरदार जीत के साथ अपने क्रिकेट विश्व कप अभियान की शानदार शुरुआत की है। तीन जीतों के साथ अंक तालिका में भारत शीर्ष पर है। रोहित ने मेजबान टीम को उत्साही प्रशंसकों के सामने खेलने के दौरान आने वाले अतिरिक्त दबाव की चिंता से मुक्त कर दिया है। उन्होंने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को घरेलू समर्थन के बीच भारत के लिए आगे बढ़ने की कुंजी बताया है। पोटिंग ने आईसीसी को बताया, ''वह (रोहित) बहुत शांत स्वभाव का है। वह जो कुछ भी करता है उसमें बहुत शांत रहता है। आप उसके खेलने के तरीके से भी यह देख सकते हैं। वह काफी शांत स्वभाव का बल्लेबाज भी है और मैदान के अंदर और बाहर भी वह इसी तरह का है।'' उन्होंने कहा, ''हम चुपचाप बैठकर यह नहीं कह सकते कि किसी स्तर पर दबाव उन पर हावी नहीं होगा, या इसका उन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, क्योंकि यह टूर्नामेंट की विशालता के साथ होगा। लेकिन वह इसे स्वीकार करेंगे और सामना करेंगे'' उन्होंने कहा कि विश्व कप में भारत का नेतृत्व करने के लिए रोहित सबसे अच्छे व्यक्ति हैं जिससे कोहली को बल्ले से अपनी प्रमुख भूमिका पर ध्यान केंद्रित करना होगा। उन्होंने कहा, ''विराट जैसा कोई व्यक्ति, जो थोड़ा अधिक दिल से काम करता है और शायद प्रशंसकों की बात सुनता है और प्रशंसकों के साथ थोड़ा अधिक खेलता है, उनके व्यक्तित्व वाले किसी व्यक्ति के लिए यह शायद थोड़ा कठिन होगा।'' उन्होंने कहा, ''लेकिन मुझे लगता है कि रोहित को इससे कोई दिक्कत नहीं होगी। वह एक शानदार व्यक्ति हैं और लंबे समय से एक महान खिलाड़ी रहे हैं और उन्होंने भारत के कप्तान के रूप में बहुत अच्छा काम किया है।'' पूर्व कप्तान पोटिंग ने कहा, ''मैंने शुरू से ही कहा था कि मुझे लगता है कि भारत हराने वाली टीम होगी उनके पास बहुत प्रतिभाशाली टीम है। उन्होंने कहा, ''उनकी तेज गेंदबाजी, उनकी स्पिन और उनके शीर्ष क्रम, मध्य क्रम की बल्लेबाजी में सभी आधार शामिल हैं। उन्हें हराना बेहद कठिन होगा. लेकिन हम देखेंगे कि वे अत्यधिक दबाव में भी कैसे टिके रहते हैं।''

## झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2023 पेरिस आलंपिक क्वालीफायर में मददगार होगी: बिचू देवी

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** भारतीय महिला हॉकी टीम की गोलकीपर बिचू देवी खारीबाम ने कहा कि झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर की तैयारी में हमारे लिए मददगार साबित होगी। झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 का बेसब्री से इंतजार होने के साथ ही महिला हॉकी के क्षेत्र में पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर की उम्मीदें बढ़ गई हैं। चैंपियंस ट्रॉफी 27 अक्टूबर से 05 नवंबर तक होने चलेगी। गोलकीपर बिचू देवी ने प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में खेलने के लिए खुशी जाहिर की और कहा कि वह भी घरेलू धरती पर अपना प्रदर्शन दिखाने के लिए तैयार है। बिचू देवी एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में अपनी पहली उपस्थिति दर्ज कराने की तैयारी कर रही हैं। बिचू देवी ने 2022 में भारतीय हॉकी टीम में पदार्पण किया था। उन्होंने कहा, ''मैं रांची में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए चुने जाने से रोमांचित हूं। यह मेरे लिए खुशी का क्षण है और मैं इस अवसर के लिए आभारी हूं। आगामी टूर्नामेंट में अपने सीनियर्स से मदद लेने के अलावा, मैं उस अनुभव का उपयोग करने के लिए उत्सुक हूं जो मैंने हाल ही में चीन के हांगझोउ में संपन्न एशियाई खेलों के दौरान हासिल किया था।'' इस बीच, बिचू देवी ने 2024 पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर की तैयारी में झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 के महत्व पर बल देते हुए कहा, ''यह टूर्नामेंट हमारे लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा, क्योंकि हम 2024 पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर की तैयारी कर रहे हैं। जो अगले वर्ष जनवरी के लिए होने वाला है।'' उन्होंने कहा, ''हमें पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने के लिए अगले तीन महीनों तक वास्तव में कड़ी मेहनत करनी होगी, इसलिए रांची में आगामी टूर्नामेंट हमारी प्रगति का आकलन करने और अपने मुखर विरोधियों के खिलाफ अपनी ताकत का लोहा मनवाने की जरुरत है।'' महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के सातवें संस्करण की मेजबानी रांची कर रहा है। बिचू देवी झारखंड से है जो स्थानीय प्रशंसकों के समर्थन से उत्साहित हैं। उन्होंने कहा, ''रांची जोशीले हॉकी प्रशंसकों से भरी हुई है और हम उम्मीद कर रहे हैं कि बड़ी संख्या प्रशंसक स्टेडियम में हमारा हौसला अफजाई करने आएंगे। हम प्रशंसकों से प्रेरणा लेंगे और मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ देने का लक्ष्य रखेंगे। प्रशंसकों की उम्मीदें बढ़ने से हालाँकि हमें दबाव में भी लाती हैं, हम एक दूसरे को प्रेरित करने के लिए एक टीम के रूप में एकजुट होंगे।''

वर्ल्ड कप के बीच मुश्किल में

## पाकिस्तान टीम, कई खिलाड़ी हुए बीमार



एजेंसियां

**कराची:** पाकिस्तान क्रिकेट टीम को लेकर एक बुरी खबर है। दरअसल, पाकिस्तान टीम के कैम्प पर वायरल इन्फेक्शन का हमला हुआ है। सूत्रों के मुताबिक, इस वायरल इन्फेक्शन के कारण पाकिस्तान टीम के ज्यादातर खिलाड़ी बीमार हो गए हैं। पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने वर्ल्ड कप में अभी तक 3 मैच खेले हैं जिनमें उसे दो में जीत तो एक में हार झेलनी पड़ी।वहीं अब पाकिस्तान को अपना चौथा मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलना है। ये मुकाबला 20 अक्टूबबर को बेंगलुरु के मैदान पर खेला जाना है। लेकिन उससे पहले ज्यादातर खिलाड़ियों का बीमार होना टीम के लिए मुसीबत बन सकता है।पाकिस्तान टीम बेंगलुरु पहुंच गई है। सूत्रों के हवाले से इसी दौरान ज्यादातर खिलाड़ी वायरल इन्फेक्शन के कारण बीमार हो गए हैं। लेकिन टीम के लिए एक अच्छी बात ये रही कि ज्यादातर प्लेयर इन्फेक्शन की चपेट में आकर ठीक भी हो चुके हैं, अभी 3 खिलाड़ी बीमार हैं।

बता दें कि, अब्दुल्ला शफीक, शाहीन शाह अफरीदी और उसामा मीर ने बुखार की शिकायत की है।

## खेल जगत अपडेट्स

### अफगानिस्तान से न्यूजीलैंड को रहना होगा सतर्क



**चेन्नई :** आईसीसी विश्वकप में शानदार फार्म में चल रही न्यूजीलैंड को बुधवार को चेपॉक में खेले जाने वाले 16वें मुकाबले में अफगानिस्तान से सतर्क रहना होगा। एकदिवसीय क्रिकेट में न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान के बीच अबतक दो मैच खेले गए हैं और दोनों ही मैच न्यूजीलैंड ने जीत हासिल की हैं। वही विश्वकप इतिहास में दोनों टीमें दो बार भिड़ी है और दोनों बार न्यूजीलैंड विजयी रहा है। इसे देखते हुए न्यूजीलैंड का पलड़ा भारी नजर आता है। लेकिन अफगानिस्तान ने अपने पिछले मैच में इंग्लैंड को 69 रनों से शिकस्त देकर टूर्नामेंट में बड़ा उलटफेर करते हुए पहली जीत हासिल की है। यह विश्वकप इतिहास में उसकी दूसरी जीत है। इसे देखते हुए न्यूजीलैंड को सतर्क रहने की आवश्यकता होगी।

अफगानिस्तान ने इंग्लैंड के साथ हुए पिछले मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए रहमानुल्लाह गुरबाज 80 रन और इकरम अलीखिल 58 रनों की पारी बदौलत 49.5 ओवरों में 284 बनाये थे। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड 40.3 ओवरों में 215 रनों पर ऑलआउट कर अपनी पहली जीत दर्ज की थी।

अफगानिस्तान की ओर से राशिद खान और मुजीब उर रहमान ने सर्वाधिक 3-3 विकेट और मोहम्मद नबी ने दो विकेट हासिल किये। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम भी टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन रहा है। टीम ने अपने तीनों ही मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज की है।

लेकिन बंगलादेश के खिलाफ हुए मुकाबले में उंगली में चोट लगने के कारण केन विलियम्सन बाहर हो चुके हैं। ऐसे में अगले मुकाबले में न्यूजीलैंड टीम की कमान टॉम लैथम के हाथों में होगी।

न्यूजीलैंड ने बंगलादेश को आठ विकेट से करारी शिकस्त दी थी। बंगलादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 245 रन बनाये थे। मुशिफकुर रहीम ने सर्वाधिक 66 रनों की पारी टीम के लिए खेली थी। लॉकी फर्गुयसन ने सर्वाधिक तीन विकेट लिये। न्यूजीलैंड ने लक्ष्य का पीछा करते हुए डेवोन कॉनवे के (45 रन), केन विलियम्सन (78 रन) और डेरिल मिशेल के नाबाद 89 रनों की पारी की बदौलत जीत दर्ज की थी।

.. जन्मदिवस 17 अक्टूबर के अवसर पर ..

# समानांतर फिल्मों को नया आयाम दिया स्मिता पाटिल ने

एजेंसियां



**मुंबई:** बॉलीवुड में स्मिता पाटिल को ऐसी अभिनेत्री के रूप में याद किया जाता है,जिन्होंने अपने सशक्त अभिनय से समानांतर सिनेमा के साथ. साथ व्यावसायिक सिनेमा में भी दर्शको के बीच अपनी खास पहचान बनायी । 17 अक्तूबर 1955 को पुणे शहर में जन्मी स्मिता पाटिल ने अपनी स्कूल की पढ़ाई महाराष्ट्र से पूरी की ।उनके पिता शिवाजी राय पाटिल महाराष्ट्र सरकार में मंत्री थे जबकि उनकी मां समाज सेविका थी। कॉलेज की पढ़ाई पूरी करने के बाद वह मराठी टेलीविजन में बतौर समाचार वाचिका काम करने लगी ।इसी दौरान उनकी मुलाकात जाने माने निर्माता. निर्देशक श्याम बेनेगल से हुयी ।श्याम बेनेगल उन दिनों अपनी फिल्म ..चरण दास चोर ..बनाने की तैयारी में थे ।श्याम बेनेगल ने स्मिता पाटिल में एक उभरता हुआ सितारा दिखाई दिया और अपनी फिल्म ..चरण दास चोर ..में स्मिता पाटिल को एक छोटी सी भूमिका निभाने का अवसर दिया । भारतीय सिनेमा जगत में चरण दास चोर को ऐतिहासिक फिल्म के तौर पर याद किया जाता है क्योंकि इसी फिल्म के माध्यम से श्याम बेनेगल और स्मिता पाटिल के रूप में कलात्मक फिल्मों के दो दिग्गजों का आगमन हुआ। श्याम बेनेगल ने स्मिता पाटिल के बारे मे एक बार कहा था ..मैंने पहली नजर में ही समझ लिया था कि स्मिता पाटिल में गजब की स्क्रीन उपस्थिती है और जिसका उपयोग रूपहले पर्दे पर किया जा सकता है । फिल्म ..चरण दास चोर .. हालांकि बाल फिल्म थी लेकिन इस फिल्म के जरिये स्मिता पाटिल ने बता दिया था कि हिंदी फिल्मों मे खासकर यथार्थवादी सिनेमा में एक नया नाम स्मिता पाटिल के रूप में जुड़ गया है । इसके बाद वर्ष 1975 मे श्याम बेनेगल द्वारा ही निर्मित फिल्म ..निशांत.. मे स्मिता को काम करने का मौका मिला । वर्ष 1977 स्मिता पाटिल के सिने कैरियर में अहम पड़ाव साबित हुआ । इस वर्ष उनकी भूमिका और मंथन जैसी सफल फिल्मे प्रदर्शित हुयी ।

दुग्ध क्रांति पर बनी फिल्म ..मंथन ..में स्मिता पाटिल के अभिनय ने नये रंग दर्शको को देखने को मिले ।इस फिल्म के निर्माण के लिये गुजरात के लगभग पांच लाख किसानों ने अपनी प्रति दिन की मिलने वाली मजदूरी में से ..दो-दो.. रूपये फिल्म निर्माताओं को दिये और बाद में जब यह फिल्म प्रदर्शित हुयी तो यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुयी । वर्ष 1977 में स्मिता पाटिल की ..भूमिका ..भी प्रदर्शित हुयी जिसमें स्मिता पाटिल ने 30..40 के दशक में मराठी रंगमच की जुड़ी अभिनेत्री ..हंसा वाडेकर .. की निजी जिंदगी को रूपहले पर्दे पर बहुत अच्छी तरह साकार किया ।फिल्म भूमिका में अपने दमदार अभिनय के लिये वह राष्ट्रीय पुरस्कार से भी सम्मानित की गयी। मंथन और भूमिका जैसी फिल्मों मे उन्होंने कलात्मक फिल्मो के महारथी नसीरूदीन शाह .शबाना आजमी .अमोल पालेकर और अमरीश पुरी जैसे कलाकारो के साथ काम किया और अपनी अदाकारी का जौहर दिखाकर अपना सिक्का जमाने मे कामयाब हुयी । फिल्म ..भूमिका ..से स्मिता पाटिल का जो सफर शुरू हुआ वह चक्र .निशांत .आक्रोश .गिद्ध.अल्बर्ट पिंटो को गुस्सा क्यों आता है और मिर्च मसाला जैसी फिल्मों तक जारी रहा । वर्ष 1980 में प्रदर्शित फिल्म ..चक्र .. में स्मिता पाटिल ने झुग्गी. झोंपड़ी में रहने वाली महिला के किरदार को रूपहले पर्दे पर जीवंत कर दिया 1इसके साथ ही फिल्म ..चक्र..के लिये वह दूसरी बार राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित की गयी ।

### मुलगी आई रे आई' में 'सत्या'का किरदार निभायेंगे आमिर दलवी



**मुंबई:** अभिनेता आमिर दलवी सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होने वाले सीरियल 'दबंगी... मुलगी आई रे आई' में 'सत्या' का किरदार निभाते नजर आयेंगे। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर 'दबंगी... मुलगी आई रे आई' प्रसारित होने जा रहा है, जिसमें एक उत्साही युवा लड़की 'आर्या दबंगी' की कहानी को दिखाया जायेगा। आमिर दलवी इस सीरियल में सत्या की भूमिका निभाएंगे। दलवी ने कहा, मैं इस भूमिका को निभाने के लिए बहुत उत्साहित हूं। असल जिंदगी में, हमारी धारणा एक व्यक्ति की कहानी में नायक होने से दूसरे व्यक्ति की कहानी में खलनायक बनने तक बदल सकती है और इस भाग को लेकर मैं सबसे ज्यादा उत्साहित हूं।

# अक्षरा सिंह का गाना हमरा बहिनिया के बुलाई दा ना रिलीज

एजेंसियां



**मुंबई:** भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री-गायिका अक्षरा सिंह का गाना हमरा बहिनिया के बुलाई दा ना रिलीज हो गया है। हमरा बहिनिया के बुलाई दा ना गाना टी- सीरिज हमार भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है।हमरा बहिनिया के बुलाई दा ना को लेकर अक्षरा सिंह ने कहा कि गाना एक विशेष तरह के संवाद पर आधारित है और यह सभी वर्गों के दर्शकों को पसंद आने वाला है। इस गाने को मैंने खूब एन्जॉय किया है और उम्मीद करती हूं आपको भी मेरा यह गाना बेहद पसंद आने वाला है। अक्षरा सिंह ने कहा कि दुर्गा पूजा हर किसी के जिन्दगी में हर्षोल्लास लेकर आती है। मां की पूजा तो हम पूरी श्रद्धा के साथ करते ही हैं, साथ में लोग छुट्टियाँ भी खूब मनाते हैं, ऐसे में कई प्लानिंग होती हैं। हमारा यह गाना उसी को प्रदर्शित करने वाला है और इसमें माता की महिमा का भी बखान अलग तरीके से किया गया है। अक्षरा सिंह ने देवी गीत हमरा बहिनिया के बुलाई दा ना को अपनी सुरीली आवाज दी है और इसके गीतकार नोज मतलबी हैं। संगीत अविनाश झा घुंघरू हैं। गाने में अक्षरा सिंह के साथ विशाल सिंह नजर आये हैं। प्रोजेक्ट मैनेजर (टी-सीरीज़) सोनू श्रीवास्तव हैं, जिन्होंने इस गाने की तारीफ करते हुए इसे खूब प्यार और आशीर्वाद देने की अपील दर्शकों से की है।

# तेजस का गाना 'जान दा' रिलीज

एजेंसियां



**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत और अभिनेता वरुण मित्रा की आने वाली फिल्म तेजस का गाना 'जान दा' रिलीज हो गया है। अरिजीत सिंह द्वारा गाए गए गाना ह्यजान दा' में वरुण मित्रा और कंगना रनौत नजर आ रही हैं। गाने में तेजस गिल उर्फ कंगना रनौत के साथ एक खास पल साझा करते हुए वरुण मित्रा की संगीतकार छवि की झलक दिखाई गई है। वीडियो को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर करते हुए वरुण मित्रा ने लिखा, आप जल्द ही एकवीर से मिलेंगे। वह आपके लिए गाएगा. एकवीर ने तेजस के लिए गाना गाया। कंगना रनौत ने गाने को अपने इंस्टाग्राम पर साझा किया और लिखा, आप गाने में अद्भुत दिख रहे हैं ।वरुण मित्रा। सचमुच मीठा! सर्वेश मेवारा के निर्देशन में बनी फिल्म 'तेजस' को रॉनी स्क्रूवाला ने प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म 27 अक्टूबर को रिलीज होगी।

### ट्विस्टेड टाइमलाइन ऑफ़ सैमी एंड राज शुरू

**मुंबई :** बच्चों का मनोरंजक चैनल निकलओडियन ने निकलोडियन इंटरनेशनल के साथ को-प्रोडक्शन में अपना पहला शो, 'द ट्विस्टेड टाइमलाइन ऑफ़ सैमी एंड राज' शुरू कर दिया है। द ट्विस्टेड टाइमलाइन ऑफ़ सैमी एंड राज शो 15 अक्टूबर से शुरू हो गया है। यह शो हर शनिवार-रविवार दोपहर 1 बजे प्रसारित होगा। 'द ट्विस्टेड टाइमलाइन ऑफ सैमी एंड राज' दो चचेरे भाइयों, सैमी और राज की कहानी है। उनके पास एक अनोखा और रहस्यमय 'समय बदलने वाला' ऐप है।

## प्रदेश >> अपडेट

### बिजली गिरने से महिला की मौत

**सतना:** मध्यप्रदेश के प्रदेश के सतना जिले में बिजली गिरने से एक साठ वर्षिय महिला की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार अमरपाटन थाना क्षेत्र के धौरहरा गांव में बिजली गिरने से कल मीरा बाई साकेत की मौत हो गई। घटना के दौरान मीरा बाई बगीचे में काम कर रही थी।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### कमलनाथ के कपड़े फाड़ो वीडियो वायरल होने के बाद बोले दिग्विजय, बड़े धैर्यपूर्वक समाधान निकालें

**भोपाल:** मध्यप्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की प्रत्याशियों की सूची जारी होने के बाद उपजे कथित असंतोष और इसी बीच पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के असंतुष्टों के बीच दिग्विजय सिंह को लेकर दिए कथित बयान का वीडियो वायरल होने के बाद सिंह ने आज कहा कि परिवार बड़ा होने पर सामूहिक द्वंद्व भी होते हैं और बड़े लोग धैर्यपूर्वक समाधान निकालें। सिंह ने आज एक्स पर बिना किसी का नाम लिए पोस्ट किया, जब परिवार बड़ा होता है तो सामूहिक सुख और सामूहिक द्वंद्व दोनों होते हैं। समझदारी यही कहती है कि बड़े लोग धैर्यपूर्वक समाधान निकालें। ईश्वर भी उन्हीं का साथ देते हैं जो मन और मेहनत का मेल रखते हैं। इसके पहले कल देर शाम सोशल मीडिया पर कमलनाथ का एक वीडियो वायरल हो गया था, जिसमें वे कथित तौर पर असंतुष्टों के बीच कहते हुए सुनाई दे रहे थे कि वे जाकर दिग्विजय सिंह और उनके पुत्र जयवर्धन सिंह के ह्यकपड़े फाड़ें। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल समेत पार्टी के कई नेताओं ने इस वीडियो को वायरल किया था। बताया जा रहा है कि इस वीडियो में कमलनाथ भाजपा से कांग्रेस में आए शिवपुरी के नेता वीरेंद्र रघुवंशी और उनके समर्थकों से ये बात कर रहे हैं।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### महाराणा प्रताप के वंशज हुए भाजपा में शामिल

**नयी दिल्ली :** राजस्थान में विधानसभा चुनावों के पहले आज यहां महाराणा प्रताप के वंशज विश्वराज सिंह मेवाड़ और करणी सेना के प्रमुख रहे स्वर्गीय लोकेंद्र सिंह कालवी के पुत्र भवानी सिंह कालवी आज यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गये। भाजपा के केन्द्रीय कार्यालय में केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, राजस्थान प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष सी पी जोशी और सांसद दीया कुमारी की मौजूदगी में दोनों शख्सियतों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। राजस्थान में विधानसभा चुनाव 25 नवंबर को होने हैं और मतगणना तीन दिसंबर को होगी। भाजपा ने राजस्थान विधानसभा की 200 सीटों में से 41 सीटों के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है और बाकी उम्मीदवारों की घोषणा भी शीघ्र होने की संभावना है।

### अफीम एवं लाखों की नकदी के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**चित्तौड़गढ़ :** राजस्थान में चित्तौड़गढ़ जिले के मंडफिया थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई में एक मकान से करीब अस्सी किलो अवैध अफीम, लाखों की नकदी एवं आभूषण बरामद कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने बताया कि सूचना मिलने पर सोमवार दोपहर मंडफिया थाना क्षेत्र स्थित कोशीथल गांव में भैरूलाल जाट के नोहरे में भारी पुलिस बल के साथ छापा मारा जहां से नौ स्टील के डिब्बों में रखी 73 किलो 700 ग्राम अवैध शुद्ध अफीम एवं एक अन्य डिब्बे में 6 किलो 400 ग्राम पाउडर मिश्रित अफीम के अलावा मौके से पांच लाख आठ हजार की नकदी तथा तीन किलो 97 ग्राम चांदी, 53 ग्राम 220 ग्राम स्वर्ण के आभूषण बरामद कर मौके से ही नोहरे के मालिक भैरूलाल जाट को एनडीपीएस सहित अन्य धाराओं में गिरफ्तार कर लिया गया।

**खुलासा**

## सैटेलाइट चित्रों से पानी के जहाजों की पुष्टि

# उत्तरी कोरिया बार-बार रूस को हथियार भेज रहा है

- मॉस्को और प्योंगयांग ने अपने उच्च-स्तरीय संपर्क बढ़ाए
- गोला-बारूद के गड्ढों का तेजी से विस्तार होना शुरू हो गया
- कोरिया ने रूस को उपकरण और युद्ध सामग्री के साथ 1,000 कंटेनर पहुंचाए

राष्ट्रीय खबर



**कियेब:** पिछले दो महीनों में, रूसी जहाजों ने बार-बार उत्तर कोरिया से माल उठाया है और इसे रूसी सैन्य बंदरगाह पर पहुंचाया है, जैसा कि अमेरिकी समाचार पत्र वाशिंगटन पोस्ट द्वारा 16 अक्टूबर को प्रकाशित नई उपग्रह छवियों से पता चलता है। तस्वीरों का विश्लेषण लंदन स्थित रॉयल यूनाइटेड सर्विसेज इंस्टीट्यूट फॉर डिफेंस एंड सिक्योरिटी स्टडीज या आरयूएसआई द्वारा किया गया था। अगस्त के बाद से, जब मॉस्को और प्योंगयांग ने अपने उच्च-स्तरीय संपर्क बढ़ाए, दोनों जहाजों, अंगारा और मारिया, या इस मार्ग से उनके गुजरने का कोई रिकॉर्ड नहीं है। 13 अक्टूबर को, व्हाइट हाउस ने कहा कि उत्तर कोरिया ने हाल के हफ्तों में रूस को उपकरण और युद्ध सामग्री के साथ 1,000 कंटेनर पहुंचाए हैं। हालाँकि, विश्लेषण के अनुसार, ऑपरेशन अधिक नियमित, व्यापक और चालू है। विश्लेषकों ने कहा कि जहाज उत्तरपूर्वी उत्तर कोरियाई बंदरगाह राजिन और रूस के सुदूर पूर्व में दुनाई में एक सुरक्षित बंदरगाह परिसर के बीच यात्रा कर रहे हैं। अगस्त के मध्य और 14 अक्टूबर के बीच जहाजों ने कम से कम पांच चक्कर लगाए।

समुद्री यातायात वेबसाइट के डेटा से संकेत मिलता है कि जहाजों ने अपना स्थान छिपाते हुए स्वचालित पहचान प्रणाली सिग्नल को बंद कर दिया है। लेख में लिखा है, हालांकि यह बताना असंभव है कि क्या ले जाया जा रहा है, नई छवियां रूसी सैन्य रसद नेटवर्क से जुड़े जहाजों को दिखाती हैं, जो दृढ़ता से सुझाव देती हैं कि ये वाणिज्यिक जहाज सैन्य उपकरण ले जा रहे हैं। जिस समय आपूर्ति शुरू हुई, उसी समय यूक्रेनी सीमा के पास तिखोरेत्स्क में एक गोला-बारूद डिपो में गोला-बारूद के गड्ढों का तेजी से विस्तार होना शुरू हो गया। वे रेल कारों के आगमन के बाद के हफ्तों में भर गए थे। आरयूएसआई ने निष्कर्ष निकाला कि कंटेनरों का रंग और आकार जहाज के कार्गो से मेल खाता है। इससे पहले, अमेरिकी विश्लेषकों ने लिखा था कि 13 सितंबर को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन से मुलाकात के बाद, किम ने रूस में कार्गो परिवहन में तेजी से वृद्धि की। प्योंगयांग कथित तौर पर मास्को को तोपखाने के गोले और कत्यूषा-प्रकार के रॉकेट की आपूर्ति कर रहा था।

## सेना की गरिमा को ठेस पहुंचा रही है मोदी सरकार: खडगे



एजेंसियां

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार सेना की प्रतिष्ठा का ध्यान रखे बिना अपनी सरकार के कार्यों की उपलब्धियों का प्रचार के लिए उसका इस्तेमाल कर रही है और उसका यह कदम सेना के शौर्य को ठेस पहुंचाने वाला है। खडगे ने ट्वीट किया राष्ट्र की सुरक्षा करने वाले हमारे भारतीय सेना के वीर जवानों की लोकप्रियता को भुनाकर मोदी जी स्वयं का प्रचार करवा रहें हैं। चुनाव में सेना का राजनीतिक इस्तेमाल करके मोदी सरकार ने वो किया है जो 75 सालों में कभी नहीं हुआ है। उन्होंने कहा मोदी सरकार ने, सेना को देशभर में 822 ऐसे सेल्फी पॉइंट लगाने को कहा है जो सरकारी योजनाओं का प्रचार करे। इन झांकियों में सैनिकों के पराक्रम की गाथा के बजाय प्रधानमंत्री मोदी जी की बुतनुमा तस्वीर है और उनकी योजनाओं का गुणगान है। खडगे ने कहा भारतीय सेना के शौर्य एवं बलिदान पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को बेहद गर्व है। राष्ट्रवाद का पाठ पढ़ाने वाली भाजपा ने भारतीय सेना की गरिमा को चोट पहुंचाई है।

## रायसी ने रूस, तुर्किये के राष्ट्रपतियों से गाजा पर इजरायली हमलों को रोकने का आग्रह किया



एजेंसियां

**तेहरान:** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने सोमवार को रूस और तुर्किये के राष्ट्रपतियों के साथ अलग-अलग फोन कॉल में गाजा के खिलाफ इजरायली हमलों को रोकने के लिए तत्काल प्रयास करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। ईरान के राष्ट्रपति कार्यालय के बयानों में यह जानकारी दी गई है। रायसी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात करते हुए गाजा में सैन्य अभियानों को तेज करने और जारी रखने के लिए पश्चिमी देशों, विशेष रूप से अमेरिका द्वारा समर्थित इजरायल को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने जोर देकर कहा, क्षेत्र में होने वाली बड़ी आपदा अमेरिका और इज़रायल के अन्य पश्चिमी समर्थकों की नीतियों का परिणाम है, जो विफलता के लिए अभिशप्त हैं। पुतिन ने कहा कि घनी आबादी वाले क्षेत्र, जहां 20 लाख से अधिक असहाय लोग रहते हैं, के खिलाफ बड़े पैमाने पर इजरायली हमले किसी भी तरह से उचित नहीं हैं और उन्हें तुरंत रोका जाना चाहिए। रायसी ने तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन के साथ एक अन्य फोन पर बातचीत में संघर्ष के संभावित विस्तार की चेतावनी दी, और मुस्लिम दुनिया से गाजा के खिलाफ इजरायल के क्रूर हमलों को समाप्त करने और शहर पर घेराबंदी हटाने के प्रयास करने का आान किया। एर्दोगन ने कहा कि क्षेत्र में अमेरिकी विमानवाहक पोत की मौजूदगी और सीरिया के अलेप्पो और दमिश्क में हवाई अड्डों पर बमबारी जैसे कदम इजरायल-हमास संघर्ष को क्षेत्र के व्यापक हिस्सों में फैला सकते हैं। उन्होंने कहा कि तुर्किये गाजा में लोगों की सहायता करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संघर्ष विराम की उपलब्धि, गाजा पर हमले बंद करना और शहर की घेराबंदी हटाना इस महत्वपूर्ण बिंदु पर वृद्धि को नियंत्रित करने के लिए तीन महत्वपूर्ण और बुनियादी प्राथमिकताएं हैं।

# विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने जारी किया वचनपत्र



एजेंसियां

**भोपाल:** मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए आज यहां मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने वचन दिया कि राज्य में उसकी सरकार बनने पर किसानों के दो लाख रुपए तक के ऋष्ण माफ करने की योजना जारी रखने के साथ ही महिलाओं को प्रति माह 1500 रुपए नारी सम्मान निधि के रूप में प्रदान किए जाएंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में पार्टी का वचनपत्र जारी किया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और वचनपत्र समिति के प्रमुख राजेंद्र कुमार सिंह भी मौजूद थे। वचनपत्र में मुख्य रूप से 101 'मुख्य गारंटियां' दी गयी हैं। वचनपत्र के जरिए किसानों और गरीबों के साथ ही महिलाओं और युवाओं को भी साधने की कोशिश की गयी है। इस अवसर पर कमलनाथ ने कहा कि पार्टी वर्ष 2018 में विधानसभा चुनाव के दौरान दिए गए वचनपत्रों को पूरा करने के लिए संकल्पबद्ध है और इसके अलावा अन्य वचन भी दिए जा रहे हैं। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि कांग्रेस की तत्कालीन सरकार ने 27 लाख किसानों के कर्ज पहले चरण में माफ किए थे। इस योजना को जारी रखा जाएगा। कांग्रेस प्रदेश में खुशहाली लाने के लिए प्रतिबद्ध है और औद्योगिक निवेश के साथ ही खेलों को भी प्रोत्साहन दिया जाएगा। कांग्रेस के वचनपत्र के अनुसार महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपए नारी सम्मान निधि के रूप में प्रदान किए जाएंगे। घरेलु गैस सिलेंडर 500 रुपए में दिया जाएगा।

## गाजा को मानवीय सहायता भेजेगा पाकिस्तान

एजेंसियां

**गाजा:** हमास को जड़ से उखाड़ने के लिए इजरायल द्वारा फिलिस्तीनी क्षेत्र में भोजन, पानी और ईंधन की आपूर्ति में कटौती करने के कुछ दिनों बाद पाकिस्तान ने गाजा पट्टी में तत्काल मानवीय सहायता भेजने की घोषणा की है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक गाजा में हो रही मानवीय त्रासदी को देखते हुए पाकिस्तान सरकार ने फिलिस्तीनी भाइयों और बहनों की पीड़ा को कम करने के लिए गाजा को तुरंत मानवीय राहत सहायता भेजने का फैसला किया है। बयान में कहा गया है कि पाकिस्तान सरकार डिलीवरी प्रक्रिया को अंतिम रूप देने के लिए 'मिस्त्र, फिलिस्तीनी रेड क्रिसेंट सोसाइटी, प्रासंगिक संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों और विदेश में पाकिस्तान मिशनों' के साथ अपने मानवीय उपायों का समन्वय कर रही है। फिलिस्तीनी आंदोलन हमास ने सात अक्टूबर को गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया। जिसके बाद, इजरायल ने जवाबी कार्रवाई में हमास की ओर ताबड़तोड़ गोलीबारी और बमबारी की। 20 लाख आबादी वाला शहर गाजा पट्टी की पूरी नाकाबंदी का आदेश दिया। उल्लेखनीय है कि हमास की ओर से अचानक रॉकेट हमले में इज़रायल से एक हजार से अधिक लोगों की जान चली गयी।

**हमला**

## घरों को निशाना बनाकर पुरी रात किये हमले

# खान यूनिस, राफा में इजरायली हमलों में 49 फिलिस्तीनियों की मौत

- गाजा में मानवीय संकट उत्पन्न हो गया है
- इजरायली हमलों में अबतक 2,800 से ज्यादा लोग मारे गए हैं

राष्ट्रीय खबर



**रामल्लाह:** गाजा के गृह मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि खान यूनिस और रफा में घरों को निशाना बनाकर पूरी रात किए गए इजरायली हमले में कम से कम 49 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक यह घटना ऐसे समय हुई है जब इजरायल 23 लाख लोगों के एन्क्लेव में आक्रमण तेज करने की तैयारी कर रहा है, जिसके कारण गाजा में मानवीय संकट उत्पन्न हो गया है और ईरान के साथ व्यापक संघर्ष की आशंका उत्पन्न हो गई है। गाजा के अधिकारियों ने कहा कि 07 अक्टूबर से इजरायली हमलों में अबतक 2,800 से ज्यादा लोग मारे गए हैं, जिनमें लगभग एक चौथाई बच्चे हैं और 10 हजार से ज्यादा लोग घायल हैं और अस्पतालों में आपूर्ति का अभाव झेल रहे हैं। इजरायल ने हमास के हमले का जवाब गाजा पर अपनी नाकाबंदी को कड़ा कर-के दिया है, जिसमें भोजन, पानी और ईंधन के प्रवेश को प्रतिबंधित करना और हवाई हमलों के साथ क्षेत्र पर बमबारी करना शामिल है, जिसने हजारों फिलिस्तीनियों की मौत हुई है और लाखों विस्थापित हुए हैं। इस बीच अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी बिंल्कन ने आज तड़के तेल अवीव में इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ घंटों बातचीत की और कहा कि राष्ट्रपति बिडेन इजरायल का दौरा करेंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति इज़राइल से पूछेंगे कि उसे अपने लोगों की रक्षा करने के लिए क्या चाहिए क्योंकि हम उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कांग्रेस के साथ काम कर रहे हैं। बिंल्कन ने कहा कि बिडेन नेतन्याहू से मुलाकात के दौरान इजरायल की सुरक्षा के लिए अमेरिका की प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि करेंगे और उसके युद्ध लक्ष्यों एवं रणनीति पर व्यापक जानकारी प्राप्त करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों नेता गाजा के नागरिकों को मानवीय सहायता प्रदान करने के लिए एक योजना विकसित करने पर सहमत हुए हैं लेकिन उन्होंने विस्तृत जानकारी नहीं दी। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि इजराइल की यात्रा के बाद राष्ट्रपति बिडेन जॉर्डन जाएंगे जहां वह शाह अब्दुल्ला, मिस्त्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल:सीसी और फिलस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास से मुलाकात करेंगे। इजरायली अधिकारियों का कहना है कि हमास ने इजरायलियों की हत्या करने के अलावा गाजा में लगभग 199 लोगों को बंधक बनाया हुआ है। हमास के एक शीर्ष नेता खालिद मेशाल ने सोमवार को कहा था कि समूह के पास इजरायल की जेलों में बंद फिलिस्तीनियों को रिहा करने के लिए जो कुछ भी चाहिए वह है, जिससे यह संकेत मिलता है कि वह बंधक इजरायलियों को सौदेबाजी के रूप में इस्तेमाल करने की कोशिश कर सकता है। मेशाल की टिप्पणी के तुरंत बाद, हमास की सशस्त्र शाखा ने कहा कि जिन गैर-इजरायलियों को उसने बंदी बनाया है वे मेहमान हैं, जिन्हें सही परिस्थिति आने पर रिहा कर दिया जाएगा। हमास ने सोमवार को एक वीडियो जारी किया जिसमें एक फ्रांसीसी:इजरायली महिला बंदी को एक अज्ञात चिकित्साकर्मी द्वारा उसके घायल हाथ का इलाज करते हुए दिखाया गया। बंदी महिला ने खुद को 21 वर्षीय मिया स्केम बताया और जल्द से जल्द अपने परिवार वापस जाने की इच्छा व्यक्त की। इजरायली सेना ने दावा किया कि उसने हमास के मुख्यालय और उसके द्वारा उपयोग किए जाने वाले एक बैंक सहित हमास और इस्लामिक जिहाद के सैन्य ठिकानों पर रात भर हमला किया।

## न्यूज फटाफट

### पाकिस्तान में सैन्य अभियानों में दो सैनिक, दो आतंकवादी मारे गए

**इस्लामाबाद:** पाकिस्तान के उत्तर पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में दो सैन्य अभियानों में दो सैनिक और दो आतंकवादी मारे गये है। सेना ने यह जानकारी दी है। पाकिस्तान सेना की मीडिया शाखा इंटर :सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने सोमवार रात एक बयान में कहा कि सुरक्षा बलों के जवानों की प्रांत में दो अलग :अलग स्थानों पर आतंकवादियों से मुठभेड हो गयी। आईएसपीआर ने कहा कि पहली मुठभेड़ दक्षिण वजीरिस्तान जिले के अस्मान मुंजा इलाके में हुई, जिसमें एक आतंकवादी की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। इस दौरान हुई गोलीबारी में एक सैनिक भी मारा गया। उन्होंने बताया कि एक अन्य अभियान में प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान जिले के मीरान शाह इलाके में आतंकवादियों के साथ हुई गोलीबारी के दौरान एक सैनिक और एक आतंकवादी की मौत हो गई। बयान में कहा गया है पाकिस्तान में सुरक्षा बल देश से आतंकवाद के खतरे को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### पुतिन चीन यात्रा पर

**बीजिंग:** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए तीसरे बेल्ट एंड रोड फोरम में भाग लेने चीन की दो दिवसीय यात्रा पर मंगलवार को यहां पहुंचे। पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग दोनों देशों के लिए व्यापक साझेदारी और रणनीतिक सहयोग पर बातचीत कर सकते हैं और साथ ही सामयिक क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी विचार करेंगे। पुतिन फोरम में शामिल होने वाले प्रांतीय नेताओं के साथ कई द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव भी सोमवार को बीजिंग पहुंचे और अपने चीनी समकक्ष वांग यी से मुलाकात की।

### यूरोपीय संघ के सदस्य इजरायल, फिलिस्तीन संघर्ष पर करेंगे शांति वार्ता

**मॉस्को:** यूरोपीय संघ के सदस्य मंगलवार को इजरायल और फिलिस्तीन के बीच जारी संघर्ष पर शांति वार्ता के लिए वीडियो कांफ्रेंस के जरिए आपातकालीन शिखर सम्मेलन आयोजित करेंगे। यूरोपीय परिषद के सदस्य इजरायल और फिलिस्तीन के बीच जारी संघर्ष पर चर्चा करेंगे और साथ ही वे अन्य मुद्दे गाजा पट्टी को मानवीय सहायता का प्रावधान, हमलों पर रोक , स्थायी शांति प्राप्त करने के लिए क्षेत्रीय नेताओं के साथ जुड़ाव तथा यूरोपीय देशों के लिए सुरक्षा निहितार्थ पर भी बात करेंगे।

### फिदान ने हमास के राजनीतिक ब्यूरो के प्रमुख के साथ बंधकों की रिहाई पर चर्चा की

**इस्तांबुल:** तुर्किए के विदेश मंत्री हकन फिदान ने हमास के राजनीतिक ब्यूरो के प्रमुख इस्माइल हानियेह के साथ गाजा पट्टी में बंधकों को रिहा करने की संभावना पर चर्चा की है। तुर्किए विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि फिदान ने हानियेह के साथ टेलीफोन पर बातचीत की और उन्होंने फिलिस्तीन में नवीनतम घटनाओं और नागरिकों को मुक्त करने की संभावना पर चर्चा की। इससे पहले सोमवार को मीडिया ने इजराइल रक्षा बलों के हवाले से खबर दी थी कि गाजा पट्टी में हमास ने लगभग 200 लोगों को बंधक बना रखा है। उल्लेखनीय है कि गत 07 अक्टूबर को, फिलिस्तीनी समूह हमास ने गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ एक अचानक बड़े पैमाने पर रॉकेटों से हमला किया। इस कारण इजरायल को अगले दिन युद्ध की स्थिति घोषित करने और जवाबी हमले शुरू करने के लिए मजबूर होना पड़ा। इज़रायल ने 1,000 से अधिक लोगों के मरने की सूचना दी है, जबकि गाजा में मरने वालों की संख्या 2,000 से ऊपर हो गई है। तनाव बढ़ने के परिणामस्वरूप दोनों तरफ से हजारों लोगों के घायल होने की खबर है।

### ऑस्ट्रेलिया में न्यू साउथ वेल्स के जंगल में आग लगने से एक व्यक्ति की मौत

**सिडनी:** ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) राज्य के उत्तर में जंगल में आग लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। पुलिस ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की। पुलिस ने बताया कि इलाके से जंगल में आग लगने पर सोमवार को स्थानीय समयानुसार रात लगभग 10 :15 बजे टेमागोग के स्टोनी क्रीक लेन में आपातकालीन सेवाओं को बुलाया गया। आग के बाद 56 वर्षीय एक व्यक्ति के लापता होने की सूचना मिली थी। पुलिस अधिकारियों को वहां पहुंचने पर एक व्यक्ति का शव मिला, और उसके पास मौजूद बुलडोजर नष्ट कर दिया गया। माना जाता है कि वह व्यक्ति स्थानीय संपत्ति का मालिक है, जिसकी पहचान के लिए अभी भी औपचारिक पुष्टि की आवशाकता है। आग से पहले ही 21,010 हेक्टेयर भूमि जल चुकी है। एनएसडब्ल्यू ग्रामीण अग्निशमन सेवा (आरएफएस) ने निवासियों से सतर्क रहने और अपने आसपास की निगरानी करने का आान किया है।

### गाजा में दो सौ से ढ़ाई सौ इजरायली बंदी

**गाजा:** गाजा में 200 से 250 इजरायली बंदी हैं। हमास की सशस्त्र शाखा अल-कसम ब्रिगेड ने सोमवार को यह जानकारी दी। ब्रिगेड के प्रवक्ता अबू ओबैदा ने टेलीविज़न भाषण में कहा कि समूह ने 200 कैदियों को रखा है और बाकी को गाजा पट्टी में अन्य प्रतिरोध गुटों ने पकड़ लिया है। उन्होंने कहा कि गाजा पर चल रहे इजरायली हमलों में इजरायल के कम से कम 22 लोग मारे गए हैं, जिनमें तेल अवीव स्थित इजरायली कलाकार गाइ ओलिव्स भी शामिल हैं। प्रवक्ता ने इस बात पर भी जोर दिया कि सशस्त्र समूह इजरायल के साथ कैदियों की अदला :बदली का इच्छुक है।

### आज का इतिहास

- 1898 : अमेरिका ने स्पेन से प्यूर्टो रिको को अपने कब्जे में लिया।
- 1922 : ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन की स्थापना।
- 1925 : उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री नारायण दत्त तिवारी का जन्म।
- 1944 : द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान नाजी जर्मनी से चेकोस्लोवाकिया की स्वतंत्रता के लिये सोवियत संघ ने लड़ाई शुरु की।
- 1950 : हिन्दी फ़िल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता ओम पुरी का जन्म।
- 1972 : पहले बहुद्देशीय हेलिकॉप्टर एस ए 315 का बैंगलोर में परीक्षण।
- 1980 : पहली हिमालय कार रैली को बम्बई (मुंबई) के ब्रेबोर्न स्टेडियम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।
- 1985 : सम्पूर्ण विश्व में व्यापक विरोध के बावजूद दक्षिण अफ़्रीकी सरकार द्वारा अश्वेत कवि बेंजामिन मोलोइस को फ़ाँसी।
- 1991 : दक्षिण पश्चिम एशिया और दक्षिणी पूर्वी यूरोप के मुहाने पर स्थित अजरबैजान ने तत्कालीन सोवियत संघ से स्वतंत्र होने की घोषणा की।
- 1995 : कोलंबिया के कार्टाजेना में गुट निरपेक्ष देशों का ग्यारहवां शिखर सम्मेलन प्रारम्भ।
- 1998 : भारत और पाकिस्तान आणविक ख़तरे रोकने के लिए सहमत।
- 2000 : लंका में पहली बार विपक्षी सदस्य अनुरा भंडारनायके को संसद अध्यक्ष बनाने की सहमति।
- 2004 : कुख्यात चंदन तस्कर वीरप्पन मारा गया।
- 2005 : पाकिस्तान के राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ़ ने नियंत्रण रेखा को भूकम्प राहत कार्य के लिए खोलने का सुझाव दिया।
- 2007 : आठ वर्ष के बाद बेनजीर भुट्टो अपने वतन पाकिस्तान लौटीं।
- 2008 : उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री मायावती ने रायबरेली की रेल कोच फैक्ट्री के लिए 189.25 करोड़ एकड़ भूमि रेल मंत्रालय को वापस की।
- 2013 : तेलुगू उपन्यासकार, लघु कथा लेखक, कवि एवं समीक्षक रावुरी भारद्वाज का निधन।

## दो शातिर अपराधियों को रांची से गिरफ्तार किया

रांचीः उड़ीसा में करोड़ों रुपए की ठगी करने वाले दो शातिर अपराधियों को रांची से गिरफ्तार किया गया है। उड़ीसा पुलिस ने रांची पुलिस के सहयोग से छापामारी कर दोनो ठगों को गिरफ्तार किया है। दोनो अपराधी को पुंदाग ओपी क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। दोनो इस इलाके के एक अपार्टमेंट के फ्लैट मे अपनी पहचान छुपा रह रहे थे।जिसकी सूचना उड़ीसा क्राइम ब्रांच को मिली।

हादसा — माउंट एग्माउंट के 12वीं कक्षा के छात्र लोटवा डैम घूमने गये थे

# लोटवा डैम में डूबने से पांच छात्रों की मौत

राष्ट्रीय खबर



**इचाक:** इचाक थाना क्षेत्र के लोटवा डैम में डूबने से छह छात्रों की मौत हो गई। घटना मंगलवार 9:45 बजे की है।मारने वाले सभी युवक हजारीबाग के कन्हरी रोड स्थित माउंट एग्माउंट स्कूल के12वीं कक्षा के छात्र थे। घटना के दिन दोस्त दो मोटरसाइकिल और एक स्कूटी से डैम तक पहुंचे थे। सभी युवक स्कूल ड्रेस में थे। जिनके पास मोबाइल के अलावा स्कूल बैग, किताब, कॉपी, स्कूल का आइडेंटी कार्ड के अलावा खाने पीने का सामान था। बताया जा रहा है कि सातों दोस्त डैम के किनारे पहुंच कर स्कूल ड्रेस उतरा। जिसके बाद दो दो कर गहरे पानी में आगे बढ़ने लगे।आगे चल रहे दो साथी गहरे पानी में ऊब डूब करने लगे, जिसे बचाने बीच के दो साथी आगे बढ़े,उन्हे भी गहरे पानी में डूबते देख पीछे चल रहे तीन साथी चारों को बचाने के मकसद से आगे बढ़े, इसी बीच पीछे के एक साथी शानू कुमार का पैर घास में फंस गया। जिस के चलते वह बच गया। सानू ने छह साथियों को डूबता देख डैम से भाग निकला।कुछ देर तक स्तब्ध रहने के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर पहुंचकर 100 डायल करके इचाक पुलिस को सूचना दिया।सूचना मिलते ही इचाक थाना प्रभारी धनंजय सिंह दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर डैम में डूबे युवकों के शवों को निकालने की प्रक्रिया शुरू कर दी। थाना प्रभारी धनंजय सिंह ने बताया कि लोटवा गांव के एक दर्जन गोताखोरों को बुलाकर शवों को निकालने में लगा दिया।गोताखोरों के टीम ने एक-एक करके सभी मृतक युवकों के शवों को पानी से बाहर निकला।इस क्रम में डैम के किनारे लोगो की भीड़ उमड़ पड़ी।पुलिस ने बताया पंचनामा के बाद सभी छह शवों को पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल भेज दिया गया है।जबकि मौत के मुंह से बचकर निकल सानू कुमार सुरक्षा है। पुलिस के मुताबिक सानू अपना होशो हवास खो बैठा है। जिसका इलाज जारी है। घटनास्थल पर मौजूद माउंट अमाउंट स्कूल के शिक्षक अमित कुमार ने सभी मृतक बच्चों की पहचान किया है। मृतकों में रजनीश पांडे, मयंक सिंह, ईशान कुमार सिंह, शिवसागर, प्रवीण कुमार यादव शामिल हैं। साथ डैम गये और डूबने बचे छात्र सोनू कुमार ने बताया किडैम के गहरे पानी और मौत के मुंह से बीच निकला सानू ने बताया कि सभी साथ दोस्तों ने फोन से संपर्क कर रात में ही यह तय किया कि स्कूल के बहाने निकलेंगे और अपनी अपनी बाइक से लोटा दम मस्ती करने जाएंगे क्योंकि दशहरा का समय है सभी दोस्त दो मोटरसाइकिल और एक स्कूटी से 8:30 बजे इचाक मोड एक गुमटी से बिस्किट मिक्सर कोल्ड ड्रिंक आदि खरीदी और डैम के किनारे पहुंच गए वहां पहुंचते ही बिस्किट मिक्सर खाया कोल्ड ड्रिंक का सेवन किया इसके बाद स्कूल ड्रेस उतारे और गहरे पानी में दो-दो करके आगे बढ़े इसके बाद एक दूसरे को बचाने के फेर में सभी गहरे पानी में डूब कर जान गवा दी। जबकि मेरा पैर घास में फंस गया और किसी तरह मौत के मुंह से निकाल कर रोड तक पहुंचा और शोरगुल किया इसके बाद पुलिस और लोगों की भीड़ जमा हो गई। बाइक और मोबाइल स्कूल लाने की मनाही के बाद भी बच्चे घर से मोबाइल और बाइक को लेकर निकले। यह सोचने वाली बात है ।घटनास्थल मौजूद एक शिक्षक ने बताया कि बच्चे को मोबाइल लाने पर रोक है। ऐसे उनके परिजनों को बाइक और मोबाइल लेकर स्कूल जाने पर ध्यान देना चाहिए।

## ओरमांझी में पाम इंटरनेशनल स्कूल बरियातू के वैन में लगी भयंकर आग



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** ओरमांझी थाना क्षेत्र के इरबा में आज सुबह लगभग 6 बजे एक स्कूल वैन में भयंकर आग लग गयी। जिससे वैन जल कर पूरी तरह खाक हो गया। वैन पाम इंटरनेशनल स्कूल बरियातू का था। घटना उस समय हुआ जब चालक जुबैर अंसारी स्कूल वैन से इरबा के तीन बच्चों को स्कूल ले जा रहा था। इसी दौरान गाड़ी में शॉर्ट सर्किट होने से वैन में आग लग गयी। जिसे देख चालक ने तुरंत बच्चों को गाड़ी से बाहर निकाला। देखते ही देखते चंद मिनटों में पूरे गाड़ी में आग लग गयी। जिसे देखकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और आग बुझाने की कोशिश करने लगे। ग्रामीणों के अथक प्रयास के बाद भी गाड़ी जलने से नही बच सकी। और गाड़ी पूरी जलकर खाक हो गया। वहीं चालक ने बताया कि जिस तरह से घटना घटी है बड़ा हादसा हो सकता था। उपर वाले कि मेहरबानी से बच्चों का और मेरी जान बच गयी। गाड़ी में लगे आग की लपटें बड़ी तेज थी, जो दूर- दूर तक दिख रही थी। जिसके चलते मुख्य सड़क रामगढ़ पर यातायात कुछ देर के लिए बाधित हो गया। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि गाड़ी चालक की सूझबूझ के कारण बच्चों की जान बच गयी। वही ग्रामीणों ने बताया कि आग लगने के समय बिजली गुल था। जिसके वजह से बगल के पाइप लाइन से पानी की व्यवस्था बड़ी देर से हुआ। बिजली रहता तो आग पर समय रहते काबू पा लिया जाता। घटना की खबर पाकर पुलिस टीम पहुंची। मालूम हो कि एक दिन पहले घटना स्थल से महज 100 फीट की दूरी पर एक बड़ा कन्टेनर गाड़ी असन्तुलित हो कर एक घर में घुस गया था। जिससे एक स्विफ़्ट कार सहित चार स्कूटी को चपेट में लिया था जिससे लाखों रुपये की क्षति हुआ था।

## हम सीबीआई में हैं सीआईएसएफ में नौकरी लगवा देंगे, कहकर ठग लिए 27 लाख रुपये

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** नौकरी के नाम पर अक्सर ठगी की वारदात सामने आती रहती है। इस बार तो रांची में एक युवक से ठगों ने सीबीआई अफसर बन कर 27 लाख रुपये ठग लिए। मामले को लेकर पीड़ित राजन कुमार मंडल ने रांची के टाटीसिलवे थाने में एफआईआर दर्ज करवाई है।रांची के टाटीसिलवे थाना क्षेत्र के रहने वाले राजन से सीआईएसएफ में नौकरी दिलाने के नाम पर बोकारो के युवकों ने ठगी कर ली। राजन से 27 लाख रुपये की ठगी की गई है। ठगों ने अपने आप को सीबीआई का अफसर बताकर ठगी की वारदात को अंजाम दिया है। मामले को लेकर राजन ने बिहार के भागलपुर के सुल्तानगंज के रहने वाले कुमार सुमन और बोकारो स्टील सिटी के आनंदी प्रसाद बैठा और रांची के दीपक कुमार के खिलाफ टाटीसिलवे थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है।पीड़ित राजन कुमार मंडल ने अपने आवेदन में बताया है कि बिहार के भागलपुर के रहने वाले आरोपी कुमार सुमन उर्फ राहुल उनके गांव का ही है। इसी बीच एक दिन सुमन ने बोकारो के रहने वाले दीपक से यह कह कर मुलाकात करवाई की दीपक सीबीआई में बड़ा अफसर है। इसी बीच दीपक ने राजन को बताया कि उसकी सीआईएसएफ में बहुत पकड़ है। दीपक की बातें सुन राजन को लगा कि दीपक के माध्यम से उसे सीआईएसएफ में नौकरी मिल सकती है।इस बीच दीपक ने खुद को सीबीआई का अफसर बताया और सीआईएसएफ में नौकरी लगाने का उसे झांसा दिया।

## दुर्गा पूजा पंडालों के निरीक्षण में निकले डीसी और एसएसपी, श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर है विशेष फोकस

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** राजधानी रांची में दुर्गा पूजा का भव्य आयोजन होता है। लाखों की संख्या में श्रद्धालु यहां पंडालो में स्थापित मां की प्रतिमा के दर्शन को आते हैं। शहर और आसपास के ग्रामीण इलाकों से भी भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है। ऐसे में श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की परेशानी ना हो और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे।इस पर जिला प्रशासन का विशेष फोकस है।इसी को ध्यान में रखते हुए जिले के डीसी राहुल कुमार सिन्हा और एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने पूजा पंडालों की तैयारी का निरीक्षण किया। जिसका 22 स्कोप की टीम ने जायज लिया।

### सनातन धर्म के थीम पर चंद्रशेखर आजाद क्लब मेन रोड पूजा पंडाल

**रांची:** मेन रोड स्थित चंद्रशेखर आजाद क्लब का पूजा पंडाल स्वरूप ले चुका है . यहां सनातन धर्म के थीम पर पंडाल बनाया जा रहा है । मंडप में प्रवेश करते ही दायी ओर बनारस का घाट नजर आयेगा। वहीं, बायी ओर मां की प्रतिमा प्रकृति संरक्षण और कर्म ही धर्म का संदेश देती नजर आयेगी, साथ ही मां दुर्गा का त्रिनेत्र बनाया जा रहा है, जो लोगों को गलत कर्म से दूरी बनाये रखने का संदेश देगा।

## रांची के पूजा पंडालों को दिया जा रहा अंतिम रूप, आकर्षक लाइटिंग से जगमग कर रही राजधानी

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** शारदीय नवरात्रि के दूसरे दिन सोमवार (16 अक्टूबर) को मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी की पूजा अर्चना की गई। वहीं राजधानी रांची में अलग-अलग पूजा समितियों द्वारा भव्य पंडाल को अंतिम रूप दिया जा रहा है। ज्यादातर पूजा पंडालों की भव्यता अब निखरने लगी है। दूसरी ओर राजधानी की सड़कें खास कर पूजा पंडालों के आस-पास वाले क्षेत्र आकर्षक लाइटिंग से जगमग हो रहे हैं। रांची में कुछ पूजा पंडालों का पट चतुर्थी को ही खोल दिया जाएगा। वहीं ज्यादातर पूजा पंडालों का पट महापंचमी और महाषष्ठी को खुलेगा।







